स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

कानपुर, शुक्रवार
17 अक्टूबर, 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष 11
सं. 2082 वि.
वर्ष 37, अंक - 61 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

# स्वतंत्र भारत

मूल्य : 3 रुपये


epaper : epaper.swatantrabharat.net



रवि शास्त्री बोले खुद ही वनडे से भी संन्यास ले लेंगे विराट और रोहित

# सीबीआई का ग्लोबल ऑपरेशन सेंटर तैयार

## विदेश में छिपे भगोड़ों को भी निकालेंगे : शाह



**नई दिल्ली।** दुनिया के कई मुल्कों में छिपे बैठे भगोड़ों को पकड़ने के लिए सीबीआई ने ग्लोबल ऑपरेशन सेंटर तैयार किया है। पिछले 9 महीने में

- चार वर्षों में हुई है दो बिलियन डॉलर की रिकवरी
- नौ महीने में 189 रेड कॉर्नर नोटिस जारी

189 रेड कॉर्नर नोटिस जारी किए गए हैं। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को भगोड़े अपराधियों के प्रत्यर्पण पर आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। शाह ने कहा, हम भारत में भ्रष्टाचार, अपराध और आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस तो जरूर रखें, लेकिन भारत की सरहदों के बाहर बैठकर जो इसे चला रहे हैं, उनके लिए भी जीरो टॉलरेंस रखना, उन्हें कानून के दायरे में लाने का प्रयास करना और इसके लिए एक सुनिश्चित तंत्र बनाना, यह जिम्मेदारी भी हमारी ही है। मनी लॉन्ड्रिंग निरोधक कानून (पीएमएलए) को भी और सशक्त तथा पुख्ता बनाया गया है। लगभग 12 बिलियन डॉलर की संपत्तियां 2014-23 के बीच जब्त की गई हैं। सीबीआई ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भगोड़ों को पकड़ने के लिए विशेष ग्लोबल ऑपरेशन सेंटर भी स्थापित किया है। यह सेंटर, दुनिया भर की पुलिस के साथ रीयल-टाइम समन्वय कर रहा है। इसके साथ ही रेड नोटिस प्रकाशन, जनवरी-सितंबर 2025 के बीच 189 इश्यू किए गए हैं, जो स्थापना के बाद अब तक सबसे अधिक हैं। यह दर्शाता है कि जब व्यवस्था होती है तो बहुत अच्छे परिणाम मिलते हैं। शाह ने कहा, जनवरी 2025 में संरचना के बाद भारतपोल को बहुत अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। यदि इसका अधिकतम उपयोग राज्य पुलिस भी करें तो उद्देश्यों की प्राप्ति में और अधिक सफल होंगे। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में हमने धारा 355 और 356 में ट्रायल इन एब्सेंशिया का प्रावधान किया है। आज़ाद भारत में पहली बार कानून में इसे स्थान दिया गया है। यदि कोई व्यक्ति भगोड़ा घोषित हो जाता है, तो उसकी अनुपस्थिति में भी अदालत उसके बचाव के लिए एक वकील नियुक्त करके मुकदमे की कार्यवाही चला सकती है। एक बार जब वह भगोड़ा से सजायाफ्ता ठहराया जाता है, तो इससे अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत उसके दर्जे में बहुत बड़ा बदलाव आ जाता है।


### अपराधी से ज्यादा गतिमान हो न्याय की पहुंच

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, अपराध और अपराधी की चाल चाहे कितनी भी तेज क्यों न हो, न्याय की पहुंच उससे भी अधिक गतिमान होनी चाहिए। पीएम मोदी के नेतृत्व में एक मज़बूत भारत, सीमाओं की सुरक्षा के साथ-साथ रूल ऑफ लॉ की मजबूती सुनिश्चित करने के लिए आगे बढ़ रहा है। भगोड़े चाहे आर्थिक अपराधी हों, साइबर अपराधी हों, आतंकवादी घटनाओं में लिप्त हों या संगठित अपराध नेटवर्क के हिस्सेदार हों, हर भगोड़े के साथ रुथलेस अप्रोच अपनाकर उन्हें भारतीय न्याय व्यवस्था के समक्ष खड़ा करने की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। अब इसका समय आ गया है।

### हर राज्य बनाये सीबीआई की यूनिट

सीबीआई हमारे यहां प्रत्यर्पण के लिए नामित एजेंसी है। इस जांच एजेंसी के सहयोग से हर राज्य को अपने यहां एक यूनिट खड़ी करनी चाहिए, जो राज्य से भागे हुए भगोड़ों को वापस लेने के लिए एक तंत्र स्थापित करे। इसे गति भी देनी पड़ेगी। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद इस दिशा में कई तरह के बदलाव हुए हैं। साल 2018 में भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम लाया गया है। इससे सरकार को भगोड़ों की भारत में स्थित संपत्तियों को जब्त करने का अधिकार मिला। लगभग चार वर्षों के भीतर लगभग 2 बिलियन डॉलर की रिकवरी हुई है, यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह ने कहा, इसमें आगे और भी गति बनाए रखनी होगी।

# बदल चुका है भारत का रक्षा क्षेत्र : राजनाथ



**पुणे।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की आत्मनिर्भरता का जीता जागता सबूत है। उन्होंने ऑपरेशन के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता की सराहना की। पुणे में सिम्बायोसिस स्किल्स एंड

- 'ऑपरेशन सिंदूर हमारी आत्मनिर्भरता का जीता जागता सबूत है'

प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए, राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अपने आप में हमारी आत्मनिर्भरता का जीता जागता सबूत है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, हमारे सशस्त्र बलों द्वारा प्रदर्शित वीरता को पूरी दुनिया ने देखा। खास बात यह है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, हमारे बलों ने बड़ी मात्रा में भारत में निर्मित उपकरणों का इस्तेमाल किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी भारतीय रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर भाजपा सरकार के फोकस पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से रक्षा क्षेत्र में जो स्थितियाँ थीं, हमने उन्हें बदल दिया है। हमने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत अपने सैनिकों के लिए देश में ही हथियार बनाएगा। हमारे लिए परिस्थितियाँ बहुत प्रतिकूल थीं। लेकिन हमने हार नहीं मानी। हमने रक्षा निर्माण को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किया। और हमें अपने प्रयासों के सकारात्मक परिणाम दिखने लगे। राजनाथ सिंह ने युवाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्किल इंडिया और स्टार्ट-अप इंडिया पहल पर भी प्रकाश डाला। राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी आत्मनिर्भर भारत के अपने दृष्टिकोण को समझते हैं और उसे साकार करते हैं, इसलिए युवाओं के कौशल को बढ़ाना आवश्यक है, उन्होंने कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की स्थापना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 2014 से, जब देश ने न्यू इंडिया की ओर कदम बढ़ाए, प्रधानमंत्री ने बार-बार स्किल इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया और मेक इन इंडिया के बारे में बात की है, क्योंकि उन्होंने समझा कि अगर भारत को आत्मनिर्भर बनना है, तो सबसे पहले युवाओं को कुशल बनाना होगा। जैसे ही हम सत्ता में आए, हमने कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए एक समर्पित मंत्रालय की स्थापना की।

# राजद-कांग्रेस में केवल परिवार कल्याण है : सीएम



**पटना।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज बिहार दौर पर आ चुके हैं। पटना एयरपोर्ट पर भाजपा के

- पटना में दहाड़े योगी

वरिष्ठ नेताओं ने उनका स्वागत किया। वह पूर्व सांसद रामकृपाल यादव के नामांकन कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद दानापुर में उन्होंने चुनावी सभा को संबोधित किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बिहार के दानापुर विधान सभा क्षेत्र की जनता आस्था का सम्मान करने वाली एनडीए सरकार के साथ है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार का संबंध केवल एक संबंध नहीं है बल्कि एक साझी विरासत है। एक आत्मा का संबंध है, एक संस्कृति का संबंध है और एक संकल्प का भी संबंध है। यह संबंध उसी प्रकार से अटूट है जैसे भगवान राम और मां जानकी का संबंध अटूट है। उन्होंने महागठबंधन पर हमला बोला। कहा कि राजद और कांग्रेस में सिर्फ परिवार कल्याण है। हमारा परिवार आप सब लोग हैं। उत्तर प्रदेश में माफिया तो जहन्नुम की यात्रा पर जा चुके हैं। राजद के सहयोगी सपा वाले वहां पर इस अराजकता को फैलाते थे। आज उनकी क्या दुर्गति हो रही है? यह सब आप जानते हैं। योगी ने सीएम नीतीश कुमार के कामों की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार ने कर दिखाया है। 2005 से पहले बिहार की क्या स्थिति थी वह सब आप जानते थे।

## एल्विश के खिलाफ ईडी ने दाखिल की चार्जशीट

**गुरुग्राम।** यूट्यूबर एल्विश यादव और पंजाबी सिंगर फाजिलपुरिया पर ईडी ने गुरुग्राम स्थित पीएमएलए की विशेष अदालत में दोनों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। इस चार्जशीट में उन्हें दोषी ठहराया गया है। ये मामला भी सांपों के इस्तेमाल से जुड़ा हुआ है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने यूट्यूबर एल्विश यादव और गायक राहुल यादव उर्फ फाजिलपुरिया और दो अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। उन पर सांपों और छिपकलियों से जुड़े एक कथित वन्यजीव अपराध में धन शोधन का आरोप लगाया गया है। अदालत ने मामले को संज्ञान में लेकर दोनों आरोपितों को जल्द ही तलब करने का फैसला किया है।

# गुजरात में भाजपा के सभी मंत्रियों ने दे दिया इस्तीफा

**अहमदाबाद।** गुजरात की राजनीति से बड़ी खबर सामने आ रही है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को छोड़कर राज्य में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के सभी मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया है। सरकार के कुल 16 मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया है।ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि गुजरात में भाजपा सरकार कैबिनेट का विस्तार करने जा रही है। सामने आई जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार को दोपहर 12 बजकर 39 मिनट पर गुजरात सरकार के नए मंत्रिमंडल का शपथ समारोह का आयोजन होगा। सामने आई जानकारी के मुताबिक, गुजरात की भाजपा सरकार के कैबिनेट विस्तार में मंत्रिमंडल के लगभग 5 मंत्रियों को बरकरार रखे जाने की उम्मीद है जबकि कई पुराने चेहरों का पत्ता कट सकता है।




## निमिषा प्रिया को मृत्यु दंड पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** भारत के अटॉर्नी जनरल (एजी) आर. वेंकटरमाणी ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि यमन में मौत की सजा पाने वाली नर्स निमिषा प्रिया अंतरिम राहत दी गई है और इस मामले में कुछ भी बुरा नहीं हुआ है। केंद्र की तरफ से पेश हुए एजी ने जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच को बताया कि इस मामले में एक नए मध्यस्थ आए हैं। जब कोर्ट ने पूछा कि निमिषा की सजा का क्या हुआ तो यमन में फंसी नर्स को बचाने के लिए अभियान चला रहे याचिकाकर्ता संगठन सेव निमिषा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल की तरफ से वकील ने कहा कि सजा पर फिलहाल रोक लगा दी गई है।

# सुप्रीम कोर्ट ने अंतिम मतदाता सूची में सुधार की उम्मीद जताई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि उम्मीद है कि चुनाव आयोग बिहार की अंतिम मतदाता सूची में टाइपिंग और अन्य गलतियों को सुधारेगा। जस्टिस सूर्यकांत और

- कहा बिहार में इस मामले पर अभी भी भ्रम है

जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ अब इस मामले पर 4 नवंबर को सुनवाई करेगी। सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने कहा कि 30 सितंबर को उनके द्वारा प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची को लेकर अभी तक एक भी आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई है। चुनाव सुधार संगठन एडीआर की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील



प्रशांत भूषण ने कहा कि एक मतदाता द्वारा यह दावा किया गया कि उसका नाम अंतिम सूची में नहीं जोड़ा गया था, जिसे चुनाव आयोग ने 7 अक्टूबर को सुनवाई में फर्जी बताया था, लेकिन उसका दावा सच है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को बताना चाहिए कि कितने मतदाताओं के नाम अंतिम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। पीठ ने माना कि कुछ विधानसभाओं में मतदाता सूची 17 अक्तूबर को फ्रीज हो जाएगी क्योंकि वहां पहले चरण में मतदान होना है। वहीं अन्य विधानसभाओं पर 20 अक्तूबर को मतदाता सूची फ्रीज होगी, जहां दूसरे चरण में मतदान होना है। 7 अक्टूबर को, शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से उन 3.66 लाख मतदाताओं का विवरण देने को कहा था जो मसौदा मतदाता सूची का हिस्सा थे, लेकिन बिहार में एसआईआर प्रक्रिया के बाद तैयार की गई अंतिम मतदाता सूची से बाहर कर दिए गए थे। अदालत ने कहा कि इस मामले को लेकर भ्रम है।

# मसूद अजहर अंडरग्राउंड, संगठन छोड़कर भाग रहे आतंकी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में सरकार और सेना की शह पर इतराने वाला जैश-ए-मोहम्मद का खूंखार आतंकी मसूद अजहर ऑपरेशन सिंदूर में अपना पूरा परिवार खोने के बाद

- जोखिम उठाने से बच रही पाकिस्तान की सेना

अब भूमिगत हो गया है। उसे सामने नहीं आने की सलाह दी गई है। चूंकि भारतीय सशस्त्र बल उस पर कड़ी नजर रख रहे हैं और पाकिस्तानी सेना कोई भी जोखिम नहीं उठाना चाहती, इसलिए उन्होंने उसे अपनी निगरानी में रखा है। अजहर ने फिलहाल चुप्पी साध रखी है और उसकी इस खामोशी ने जैश के गुर्गों को बेचैन कर दिया है। उनका मनोबल गिर रहा है और मायूस होकर वे अब इस संगठन को छोड़कर भागने लगे हैं क्योंकि उन्हें कोई नेतृत्व नहीं दिख रहा है।

**प्रचार मुहिम हो रही बेअसर**

संगठन में उन्हें बनाए रखने के लिए एआई संचालित वीडियो के माध्यम से फैलाया जा रहा प्रोपेगेंडा भी बेअसर हो रहा है। आतंकियों का संगठन पर से उठने लगा है भरोसा पहले, जब अजहर छिप जाता था या इलाज करा रहा होता था तो उसका भाई रऊफ असगर ही जैश के सारे फैसले लेता था। वह संगठन की हर चीज का प्रभारी था और वह अपने भाई अजहर का आदर्श सहयोगी था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बहावलपुर में असगर मारा गया। यह जैश के लिए एक बड़ा झटका था क्योंकि उसने अपना आपरेशन प्रमुख खो दिया। दूसरी ओर, अजहर संगठन के वैचारिक प्रमुख की भूमिका में रहा है और अब, दोनों की अनुपस्थिति में आतंकियों का संगठन पर से भरोसा उठने लगा है।



**प्रोपेगेंडा वीडियो का प्रसार बढ़ाने में जुटा है जैश**

खुफिया ब्यूरो के अधिकारियों ने कहा कि जैश को फिर से संगठित होने में समय लगेगा। उसे पता है कि भारत के साथ किसी भी दुस्साहस का उसे उचित जवाब दिया जाएगा। वह अपने गुर्गों का मनोबल बढ़ाने के लिए कोई भी जोखिम उठाने की स्थिति में नहीं है। इसलिए संगठन महिला शाखा समेत कई नई शाखाएं खोलने और अन्य गतिविधियां शुरू करने के बारे में प्रोपेगेंडा फैलाता रहता है। यह केवल आतंकियों का मनोबल ऊंचा रखने के लिए है ताकि उन्हें लगे कि कुछ गतिविधि हो रही है। भारतीय एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद जैश कोई दुस्साहस तो नहीं करेगा, लेकिन वह प्रोपेगेंडा वीडियो का प्रसार बढ़ाने में शिद्दत से जुटा हुआ है। दुष्प्रचार के जरिए मनोबल ऊंचा रखने की कोशिश एजेंसियों को पता चला है कि ये वीडियो न केवल पाकिस्तान में, बल्कि भारत के कुछ हिस्सों में भी बड़ी संख्या में प्रसारित हो रहे हैं। संगठन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करके अजहर की तस्वीरें और वीडियो बना रहा है और उन्हें बड़ी संख्या में प्रसारित कर रहा है।

# उन्नाव समाचार

## युवती ने फांसी लगाकर किया खुदकुशी का प्रयास हालत गंभीर

स्वतंत्र भारत बांगरमऊ उन्नाव- कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बल्लापुर में एक 18 वर्षीय युवती ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी का प्रयास किया। युवती की पहचान सपना पुत्री संत सरन के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, गुरुवार की शाम सपना अपने घर के कमरे में फांसी के फंदे पर झूल गई। घर में मौजूद परिजनों ने उसे देखा और तुरंत फांसी के फंदे से नीचे उतारा। गंभीर हालत में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में युवती की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

## कच्ची शराब में यूरिया मिलाकर बेचने वाला गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत पुरवा उन्नाव- पुलिस ने बुधवार रात शारदा नहर के पास से एक व्यक्ति को कच्ची शराब में यूरिया मिलाकर बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान रिंकू सोनकर निवासी वजीरगंज के रूप में हुई है। पुलिस ने रिंकू के पास से नौ लीटर कच्ची शराब और पांच सौ ग्राम यूरिया बरामद किया है। कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध रिपोर्ट दर्जकर जांच की जा रही है आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## 18 अक्टूबर को होगा सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

स्वतंत्र भारत उन्नाव- 18 अक्टूबर 2025 को जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस दिन प्रातः 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक जनपद की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होगा। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील हसनगंज में होगा, जिसमें सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा अन्य तहसीलों में भी संबंधित अधिकारियों की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। यदि किसी भी जनपदवासी को किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत है, तो वह संबंधित तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर अपनी शिकायत का निराकरण करा सकता है।

## पत्नी की हत्या के बाद फरार आरोपी पति ने की आत्महत्या, दो मासूमों के सिर से उठा मां-बाप का साया

स्वतंत्र भारत उन्नाव- गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के लालताखेड़ा गांव में जहां कल पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी थी और फरार हो गया था। वहीं आज आरोपी पति ने सुसाइड कर लिया। आज ग्रामीणों ने उसका शव बाग में पेड़ से लटका मिला। इससे पहले उसने बुधवार को अपनी पत्नी सीमा की हथौड़ी से पीट-पीटकर निर्मम हत्या कर दी थी। दोनों की मौत से अब दो मासूम बच्चों के सिर से मां-बाप दोनों का साया उठ गया है। घटना की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाया पुलिस ने घटनास्थल की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं आपको बता दें कि मृतक महिला और युवक के बच्चों का वीडियो भी सामने आया। जिसमें मृतक महिला का बच्चा अपने पिता पर हत्या का आरोप लगा रहा है। उन्नाव के असीवन थाना क्षेत्र के अजमतनगर निवासी रामकुमार साल 2018 में अपनी बेटी सीमा की शादी गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के लालताखेड़ा गांव निवासी राजेश लोधी से की थी। राजेश टाइल्स और पत्थर का कारीगर था। शादी के शुरुआती दो वर्षों तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन धीरे-धीरे रिश्तों में दरार आने लगी। अक्सर पति राजेश सीमा को प्रताड़ित करता था। परिवार में रोजाना झगड़े होते रहते थे। कल सुबह पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ। इस दौरान ससुराल के अन्य सदस्य भी मौजूद थे। गुस्से में आकर राजेश ने हथौड़ी उठाई और सीमा के सिर पर लगातार चार से पांच वार किए, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी पति फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आरोपी पति की गिरफ्तारी के लिए 2 टीमें लगाईं। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी कर पकड़ पाती उससे पहले आरोपी पति का आज शव गांव के बाहर आम के बाग में पेड़ से लटका मिला। ग्रामीणों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं आपको बता दें कि मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने राजेश, ससुर कमलेश, सास जगरानी, देवर गोविंद व बब्लू और ननद उर्मिला के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की।सीओ सिटी दीपक यादव ने बताया की मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं आपको बता दें की मृतका सीमा और राजेश के दो छोटे बेटे सार्थक (5 वर्ष) और नमन (4 वर्ष) हैं। कल महिला की हत्या के बाद बच्चों का वीडियो भी सामने आया, जिसमें वो पिता पर मां को मारने का आरोप लगा रहे हैं।

## मण्डलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ 6 जनपदों ने लिया भाग

स्वतंत्र भारत उन्नाव- मण्डलीय माध्यमिक विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता डॉ अनूप सिंह प्रधानाचार्य श्याम लाल इंटर कॉलेज नवाबगंज के संयोजकत्व में राजकीय इंटर कॉलेज उन्नाव के क्रीड़ा मैदान में हो रही है जिसमें 6 जनपदों ने भाग लिया है लखनऊ,सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर, रायबरेली, उन्नाव के बच्चों ने भाग लिया है जिसमें मुख्य अतिथि गौरांग राठी जिलाधिकारी उन्नाव सदर विधायक पंकज गुप्ता व विशिष्ट अतिथि सुनील दत्त जिला विद्यालय निरीक्षक विशिष्ट अतिथि प्रदीप कुमार संयुक्त शिक्षा निदेशक मण्डल लखनऊ,की उपस्थिति में शुरू हुयी। बालिकाओं ने मुख्य अतिथि के स्वागत गीत प्रस्तुत किया फिर सभी मुख्य अतिथि को बैच लगा कर व प्रतीकचिन्ह देकर सम्मानित किया। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने अपने उदघाटन भाषण में उत्तर प्रदेश सरकार व भारत



सरकार की खेल प्रोत्साहन की विभिन्न योजनाओं के बारे में प्रतिभागियों को अवगत कराया। इसी संदर्भ में जिलाधिकारी महोदय ने शासन के स्तर पर आयोजित की जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं का क्रियान्वयन करने के लिए। छात्रों को लाभान्वित करने के लिए पूर्ण आश्वासन दिया।संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रदीप कुमार ने अवगत कराया कि उन्नाव जीआईसी ग्राउंड पर मिनी स्टेडियम बनने हेतु शासन द्वारा लगभग 5 करोड रुपए की धनराशि स्वीकृत कर दी गई है। इससे जनपद के छात्रों को खेलकूद में अधिक से अधिक सुविधाएं मिलेंगी। खेलकूद प्रतियोगिता में अंडर 19 रिले रेस में लखीमपुर की प्रतिष्ठा यादव प्रथम,सोनाली देवी हरदोई द्वितीय,प्रियांशी उन्नाव तृतीय रही। ट्रिपल जंप में जूनियर बालिका वर्ग में लखीमपुर की अंबिका रस्तोगी प्रथम,हरदोई की प्रतिभा तिवारी द्वितीय,हरदोई की याशी सिंह तृतीय स्थान पर रही। तीन दिवसीय मण्डलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता समारोह में जिला खेल सचिव नवीन सिन्हा, संयोजक अनूप सिंह प्रधानाचार्य नवाबगंज उन्नाव, क्रीड़ा प्रभारी धर्मेश प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज परमात्मा शरण प्रधानाचार्य अटल बिहारी इंटर कॉलेज अजब सिंह यादव, अब्दुल सत्तार, वीरेंद्र सिंह, कुलदीप कुमार, शीतला मिश्रा, सुधाकर सैनी संदीप बघेल, हरी लाल, हृदय नाथ, एस पी सिंह विवेक सिंह, गौरव पुरुषोत्तम सिंह, निशा सिंह तोमर सुभाष यादव, धीरज सिंह, प्रेम प्रकाश, संदीप मिश्रा संतोष कुमार तिवारी, शमीमुर्रहमान, श्याम नारायण, धीरेंद्र सिंह, हिमांशू सिंह, क्यामुदिन, सतेंद्र पाल आदि शिक्षक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संचालन नवाबगंज जोन प्रभारी धर्मेश प्रताप सिंह द्वारा किया गया



## दुर्घटनाओं को रोकने हेतु सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

स्वतंत्र भारत उन्नाव- जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा की पूर्व बैठक में लिए गए निर्णय और दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की और प्राथमिकता से सभी निर्देशों के अनुपालन के प्रति संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने शहर के अंदर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से ई-रिक्शा संचालकों के रूट निर्धारित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कलर कोडिंग एवं रूटों के अनुसार ही ई-रिक्शा का संचालन सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा, उन्होंने दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एनएचएआई पर बने अवैध कटों को बंद कराने और निर्धारित स्थलों पर बने कटों से ही यातायात संचालित कराने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में संचालित स्कूलों और विद्यालयों में लगाए गए वाहनों और चालकों का विवरण प्राप्त करते हुए नियम विरुद्ध संचालित वाहन स्वामियों और स्कूलों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में कमी लाना हमारी पहली प्राथमिकता है। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, नगर मजिस्ट्रेट राजीव राज, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी हरदयाल अहिरवार और संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन प्रशासन सहित अन्य संबंधित अधिकारी और सड़क सुरक्षा समिति से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार कार ने थाईलैंड निवासी दो पर्यटकों समेत कार चालक को मारी टक्कर, पर्यटकों की हुई मौत चालक गंभीर

स्वतंत्र भारत बांगरमऊ उन्नाव- कोतवाली क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे की हवाई पट्टी पर तेज रफ्तार कार ने लघुशंका करने कार से नीचे उतरे दो थाईलैंड देश के बौद्ध धर्मावलंबियों को रौंद दिया। जिससे दोनों पर्यटकों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दुर्घटना में भारत का ही निवासी कार चालक भी गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने दोनों पर्यटकों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। स्थानीय सरकारी अस्पताल द्वारा घायल कार चालक को नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। थाईलैंड देश के चार बौद्ध धर्मावलंबी श्रावस्ती के बौद्ध मंदिरों में रहते हैं। चारों पर्यटक जिला श्रावस्ती के मोहल्ला कटरा नवीन मंडी निवासी चालक प्रकाश 35 वर्ष पुत्र पारस नाथ के द्वारा बौद्ध मंदिर ट्रस्ट की कार के जरिए मंदिरों की सजावट हेतु विद्युत झालरों को खरीदने दिल्ली जा रहे थे। तभी रास्ते में कोतवाली क्षेत्र के आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर आज गुरुवार की शाम करीब 4.30 बजे किलोमीटर संख्या 240 गांव नसिरापुर के निकट हवाई पट्टी पर चालक ने कार रोक दी और लघुशंका करने के लिए जाने लगा। चालक के साथ ही दो बौधिस्ट भी लघुशंका हेतु कार से नीचे उतर गए। इसी दौरान लखनऊ की तरफ से तेज गति से आई अन्य कार ने दोनों पर्यटकों



को कुचल दिया। कार की चपेट में चालक प्रकाश भी आ गया। हादसे में कार चालक सहित दोनों पर्यटक गंभीर घायल हो गए। जबकि कार में बैठे दो पर्यटक हादसे से बच गए। दुर्घटना करने वाली कार में सवार लोग गाड़ी घटनास्थल पर ही छोड़कर भाग निकले। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम घायल चालक और दोनों बौद्ध धर्मावलंबियों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने दोनों घायलों को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल चालक की हालत नाजुक देखकर चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत सिंह व पुलिस उपाधीक्षक संतोष सिंह तथा एसडीएम बृजमोहन शुक्ला पुलिस बल के साथ सरकारी अस्पताल जा पहुंचे। उन्होंने काफी प्रयास के बाद मृत दोनों मृतकों की शिनाख्त सकूलसक 50 वर्ष और अनन 57 वर्ष के रूप में की है। कोतवाली प्रभारी श्री सिंह ने बताया कि कार में बैठे रहने के चलते थाईलैंड का एक पुरुष प्रामों और एक महिला वोंग सोमबून रैम पर्यटक दुर्घटना में बच गए हैं। जिनके द्वारा मृतकों के परिजनों और श्रावस्ती के बौद्ध मंदिरों में रह रहे लोगों को दुर्घटना की सूचना भेजी गई है। *नई दिल्ली के थाना मंडावली अंतर्गत मोहल्ला चंद्र विहार निवासी श्याम बरन पुत्र रक्षपाल सिंह आज गुरुवार को स्किपर कम्पनी के दो कर्मचारियों को अर्टिगा कार से लेकर लखनऊ दिल्ली जा रहा था। तभी आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर ग्राम नसिरापुर के सामने स्थित हवाई पट्टी पर शाम करीब साढ़े चार बजे अचानक टायर फटने से अर्टिगा कार अनियंत्रित होकर दोनों बौद्ध विदेशियों को रौंदती हुई लेन के किनारे स्थित गहरी खाई में जाकर रुक गई। हालांकि अर्टिगा कार चालक सहित दोनों कर्मचारी बाल-बाल बच निकले।*

## त्यौहारों के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग ने की बड़ी कार्रवाई, दो दुकानों में मारा छापा



स्वतंत्र भारत उन्नाव- त्यौहारों के सीजन में खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। विभाग की टीम ने जगनीखेड़ा शुक्लागंज में यादव पनीर भण्डार और दोस्ती नगर में बालाजी पनीर शॉप में छापा मारा। इस दौरान टीम ने पनीर और खोया के सैंपल लिए और मौके पर 100 किलो पनीर और 35 किलो खोया नष्ट कराया, जिसकी कीमत लगभग 33,100 रुपये बताई जा रही है। इसके अलावा विभाग ने खाद्य कारोबारियों के साथ बैठक कर उन्हें खाद्य सुरक्षा के मानकों के बारे में जागरूक किया। उन्हें निर्देश दिए गए कि वे खाद्य पदार्थों के निर्माण में साफ-सफाई का ध्यान रखें और कच्चे माल के अभिलेखों को संरक्षित रखें। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेश कुमार दीक्षित, आशीष कुमार शर्मा, रूचि बाजपेयी, पल्लवी शर्मा समेत करीब 70 कारोबारी मौजूद रहे। कार्रवाई के दौरान टीम ने खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 का उल्लंघन करने पर सुधार हेतु नोटिस भी जारी किया। सैंपलों की जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी

## मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

स्वतंत्र भारत उन्नाव- महिलाओं एवं बालिकाओं के स्वास्थ्य, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति फेज-5.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्री नारायण डिग्री गर्ल्स कॉलेज, सिविल लाइन, उन्नाव में किया गया, जिसमें बालिकाओं और महिलाओं की शिक्षा, खेलकूद, परामर्श, कौशल विकास और वैयक्तिक विकास के संबंध में जागरूकता प्रदान की गई। वन स्टॉप सेंटर की टीम द्वारा उपस्थित छात्राओं, बालिकाओं और महिलाओं को सुरक्षा, स्वाबलंबन और आत्मनिर्भर बनने के बारे में जागरूक किया गया। उन्हें विषम परिस्थिति में स्वयं की रक्षा करने के तरीके बताए गए और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनमें वूमेन हेल्पलाइन नंबर 1090, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 और पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 शामिल हैं। इसके अलावा, बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया और महिला कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई, जिनमें वन स्टॉप सेंटर, बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना शामिल हैं। कार्यक्रम में श्री नारायण डिग्री गर्ल्स कॉलेज के प्राधनाचार्य, शिक्षक और वन स्टॉप सेंटर, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कानपुर देहात समाचार

## एसडीओ के रंग लाएं प्रयास अकबरपुर शहर हुआ बिजली की समस्या से मुक्त

माती कानपुर देहात। बिजली की विभिन्न समस्याओं से अपना अकबरपुर शहर अब पूरी तरह से निजात पा चुका है कल तक भले ही शहर के लोग लो वोल्टेज और ट्रिपिंग सहित कही तार टूट जाने तो कहीं टांसफार्मर फुक जाने के चलते परेशानियों का सामना करनें के लिए क्यों ना विवस रहें हों लेकिन अब इमानदार और तेज़ तर्रार उपखंड अधिकारी धर्म पाल सिंह राजपूत की मेहनत रंग ले आई हैं नतीजा अब ना तो आम जनमानस में बिजली की कोई समस्या नज़र आती है और ना बिजली को लेकर त्राहि त्राहि सुनाई देती है हां इतना जरूर है कि अब यदि विधुत बिल को समय पर जमा नहीं किया तो संयोजन के विच्छेदन की कार्रवाई में देरी नहीं होगी एसडीओ का खौफ कर्मियों पर इस क़दर हावी है कि यदि किसी स्थान पर टांसफार्मर फुक गया तो भी धंटे भर के अन्दर वैकल्पिक व्यवस्था कर जनता को परेशानी से तत्काल बचाया जाता है बात अकेले जनता की ही नहीं है बल्कि शासन से बेहतर समन्वय स्थापित कर उपखंड अधिकारी ने विधुत कर्मचारीयों को भी सुरक्षा से संबंधित आवश्यक उपकरण दिलाएं है जिसके चलते हर ओर उनकी प्रशंसा होती दिखाई देती है दैनिक स्वतंत्र भारत से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि वह काम को कागजों पर नहीं हकीकत में देखना पसंद करते हैं उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वह सभी को विभाग की समर्पित सेवाओं से संतुष्ट करना चाहते हैं लेकिन यह तभी संभव है जब लोग जागरूक होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करना शुरू कर देंगे। कहना कतई गलत नहीं होगा कि अपना अकबरपुर शहर बिजली विभाग की बेहयाई से हमेशा रंजूर रहा है चटख चिलचिलाती धूप और प्रचंड गर्मी के मौसम में हमेशा ऐसा होता रहा है कि कभी टांसफार्मर फुंका तो सप्ताह भर लोगों को हांथ के पंखे का ही सहारा मिलता था बरसात के मौसम में अगर कहीं तार टूटकर गिर गया तो मोहल्ले के लोग ताक कर बैठते रहे हैं कि कहीं कोई करेंट की चपेट में ना आ जाए लो वोल्टेज की समस्या पर तो कभी कोई ध्यान ही नहीं देता था लोगों के धरो में उपकरण तों सुख सुविधाओं के खूब लगें लेकिन वोल्टेज का वह आलम रहा करता था कि देखने में तों कूलर चलता नजर आता था लेकिन वह खुद तेज गर्मी के चलते हांफता दिखाई देता था उसे इतना वोल्टेज ही नहीं मिल पाता था कि वह अपनी सच्चाई का सबूत दे सकें कुलमिलाकर यदि यह कहा जाएं कि लोगों ने यह मान लिया था कि इस समस्या का कभी समाधान नहीं हो सकता है तो ग़लत नहीं होगा लेकिन कहां जाता है कि जब कोई ईमानदार कदम अच्छी सोच के साथ आगे बढ़ते हैं तो ईश्वर भी उन कदमों को दिशा से भटकने नही देता है वास्तव में अकबरपुर के उप खंड अधिकारी विधुत धर्मपाल सिंह ने तो जैसे चमत्कार ही कर दिया है उनकी मेहनत और लगन आज इस कदर प्रभावी साबित हुई कि ना सिर्फ विभाग की सूरत और सीरत बदली बल्कि आम जनमानस की वह सोच भी हवा हो गई कि बिजली की समस्या का समाधान नहीं हो सकता समय बदला और एसडीओ ने अकबरपुर शहर के माथे पर बिजली विभाग द्वारा लापरवाही से लगाएं गए काले टीके को मिटाकर शहर को रोशनी से जगमग कर दिया। समस्या कहा से शुरू हो रही है इसकी तह तक पहुंच कर एसडीओ धर्मपाल राजपूत ने जब अपने प्रयास शुरू किये तो कठिनाइयां बहुत आई लेकिन अंतत उन्हें सफलता प्राप्त हो गई मामला जनहित से जुदा होने के चलते उनके द्वारा शासन को भेजे गए प्रस्ताव स्वीकृत होकर आते रहे नतीजा अकबरपुर शहर बिजली की समस्या से पूरी तरह मुक्त हो गया एक दो या चार नहीं दर्जनों ट्रांसफार्मर चेंज कराएं दर्जनों का लोड बढ़वाया इसी के साथ बिजली की चोरी पर प्रभावी नियंत्रण करते हुए उनके प्रयासों से जगह.जगह केबिल युक्त लाइनें बिछ्वा दी गई। जनता की ही नहीं उन्होंने विधुत कर्मचारियों की भी सुरक्षा से संबंधित परेशानी पर पूरी गम्भीरता दिखाई नतीजा आज सुरक्षा उपकरणों से लैस होकर विशेष उत्साह के साथ कर्मचारी कार्यों को अंजाम देते दिखाई देते हैं दैनिक स्वतंत्र भारत से वार्ता करते हुए उपखंड अधिकारी धर्मपाल राजपूत ने कहा कि सरकार और शासन का यह साथ निर्देश है कि जनता को परेशानियों से बचाया जाए

## दो दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का रंगारंग समापन



**ताजपुर और बिलहा टीमों ने जीती ट्राफी**

**खंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह ने विजेता टीमों को मेडल दिए**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** विकास खण्ड रसूलाबाद की दो दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह का भव्य समापन जनता इंटर कॉलेजए असालतगंज में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत खण्ड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह द्वारा सरस्वती पूजन से की गई जिसके बाद जूनियर स्तर की सभी सामूहिक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में विकास खण्ड की 15 न्याय पंचायतों के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने हिस्सा लिया। खो.खो बालिका वर्ग में ताजपुर की टीम ने बिलहा की टीम को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया वहीं कबड्डी बालिका वर्ग में बिलहा की टीम ने महेरा की टीम पर जीत दर्ज कर चैंपियन बनी। प्रतियोगिताओं का सफल संचालन और मार्गदर्शन ब्लॉक पीण्टीण्आईण् संतोष कुमार सह ब्लॉक पीण्टीण्आईण् कुलदीप कुमार तथा ब्लॉक एमडीएम प्रभारी अक्षय त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम के अंत में खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान किए गए। इस आयोजन में खेल प्रशिक्षक एवं शिक्षकों ने भरपूर सहयोग दिया साथ ही आयोजन की संचालन जिम्मेदारी जगन्नाथ यादव एवं विनीत मिश्रा ने उठाई जबकि लेखा कार्य शैलेश पाल सिंह हिमांशु गुप्ता और उमेश कुमार ने सफलतापूर्वक किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भी छाया रहा जहां मीरा सोनकर दिव्या शाक्य शैलेश पाल और मो0 शब्बीर द्वारा सुंदर रंगोली बनाई गई। यह दो दिवसीय आयोजन बच्चों में खेलों के प्रति उत्साह और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने वाला साबित

## सभी पत्रकारों को समान रूप से दिया जाए सरकारी योजनाओं का लाभ

मातीए कानपुर देहात।

गुरूवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष हरिशंकर श्रीवास्तव व महामंत्री अंजनी पांडेय के नेतृत्व मे पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल अतिरिक्त मजिस्ट्रेट से मिला। उन्हें अलग.अलग मामलों को लेकर सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। इसमें ग्रामीण पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की गई। ज्ञापन में मांग की गई कि मान्यता.प्राप्त पत्रकारों की तरह ही ग्रामीण पत्रकारों को भी आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिया जाएए ताकि वह और उनका परिवार मुफ्त कैशलेश इलाज करा सके। इस योजना में केवल अखबारों में कार्यरत संवाददाताओं को शामिल किया जाएए जिनकी सूची जिला सूचना कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है ग्रामीण पत्रकारों को शासन स्तर से बीमा योजना में शामिल किया जाए। साथ ही लंबे समय से आंचलिक पत्रकारिता कर रहे 60 वर्षीय बुजुर्ग ग्रामीण पत्रकारों को पेंशन योजना का लाभ दिया जाए। इनकी सूची भी जिला सूचना कार्यालय के माध्यम से तैयार की जाए। इसके अलावाए ग्रामीण पत्रकारों के विरुद्ध कोई भी प्राथमिकी दर्ज करने से पूर्व जिला पुलिस के किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा अनिवार्य रूप से जांच की जाएए ताकि पत्रकारों का अनावश्यक उत्पीड़न रोका जा सके। हरिशंकर श्रीवास्तव ने बताया कि राज्य एवं जिला स्तर पर स्थायी समिति की भांति तहसील स्तर पर भी प्रशासनिक अफसरों के साथ ग्रामीण पत्रकारों की नियमित बैठकें कराई जाएं। शासन के निर्देशानुसार ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के सभी संबंधित तहसील अध्यक्षों को इसमें अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। इसके साथ प्राकृतिक आपदा या दुर्घटना में मृत ग्रामीण पत्रकार के परिजनों को किसान बीमा योजना की तरह तत्काल पाँच लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाए। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री राहत कोष से 20 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाएए ज्ञापन देने वालों में से वरिष्ठ संरक्षक जय कुमार मिश्राए हनुमान गुप्ताए आशीष कुमार अवस्थीए अंजनी पांडेय व मंत्री संजय राजपूत कोषाध्यक्ष राघव अग्निहोत्री आदि रहे।।।



## राष्ट्रीय पोषण माह अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व बच्चों का अन्नप्रासन

**झीझक कानपुर देहात** राष्ट्रीय पोषण माह अभियान के तहत गुरूवार को ब्लाक झीझक मे गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व बच्चों का अन्नप्रासन का आयोजन हुआ।बीडीओ ने कुपोषण से बचाव के लिये सभी को जागरूक किया। विकास खण्ड झीझक परिसर मे छै माह मे होने वाली राष्ट्रीय पोषण माह अभियान के तहत गोद भराई आयोजन मे ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि बिपिन शर्मा बब्बन ने अर्चनाए रानीएकाजलए गर्भवती महिलाओं को उपहार स्वरूप फलों की टोकरी भेट कर गोद भराई रस्म अदा कीएवहीं नन्दनीएकार्तिकए आरव बच्चों को अन्नप्रासन बीडीओ सतीशचन्द्र पाण्डेय ने कराया।कार्यक्रम मे सीडीपीओ निर्मला गौतम ने पोषण माह अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को पोषण युक्त आहार लेने की सलाह दी जिससे शरीर को संतुलित आहार मिल सके तथा लोग बीमारियों एवं कुपोषण से बच सकें।उन्होंने बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए पोषक तत्व के बारे में बतायाएइसके साथ ही गर्भवती महिलाओं एवं किशोरियों को पोषाहार लेने की सलाह दीएउन्होने स्वच्छता का विशेष ख्याल रखने के लिए सभी महिलाओं को प्रेरित करते हुए महिलाओं को अपने बच्चों के स्वास्थ्य का समुचित ख्याल रखने के लिए साफ.सफाई की विस्तृत जानकारी दी।नवजात शिशु को मां के ही दूध का सेवन कराएं साथ ही उन्होंने बताया कि मां का पहला पीला गाढ़ा दूध ही पिलाएं जिससे बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है एवं महिलाएं पौष्टिक आहार लें।गर्भवती महिलायें हरी सब्जीए दूधए दहीए घी एवं मांसए मछली व अंडा का सेवन अवश्य करें।उन्होंने बताया कि बढ़ती उम्र के अनुसार बच्चों को स्तनपान के साथ.साथ पर्याप्त भोजन की आवश्यकता होती है ।महिलाओं को स्वच्छता का विशेष ख्याल रखना आवश्यक है अपने आसपास के स्थान को स्वच्छ रखें स्वयं जागरूक हो एवं अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें।इस मौके पर प्रधान सहायक हेमलताए स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी रवीन्द्रएसुनील दीक्षित प्रमोद अग्निहोत्रीएमुख्य सेविकायें पुनीता देवी फतेहपुरएदीपा पाण्डेयए सीमा देवी उन्नाव समेत कार्यकत्रियां रमन गौतम रीता पालीवालए निधी सिह एनूरी बानोकई लोग मौजूद रहे।

## आईटीबीपी जवानों ने 12 किमी लंबी मिनी मैराथन का किया आयोजन



कानपुर। फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत गुरूवार को महाराजपुर स्थित 32वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल ने 12 किलोमीटर लंबी मिनी मैराथन का आयोजन किया। दौड़ का निर्देशन 32वीं वाहिनी के सेनानी गौरव प्रसाद ने किया। इस मैराथन में वाहिनी के हिमवीर और हावा सदस्य शामिल हुए, जिसमें पुरुष और महिलाएं दोनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ की शुरुआत आईटीबीपी कैंपस से हरी झंडी दिखाकर की गई। सेनानी गौरव प्रसाद ने बताया.इस मैराथन का मुख्य उद्देश्य फिटनेस को बढ़ावा देना और नागरिकों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। यह अभियान फिटनेस और विभिन्न शारीरिक गतिविधियों के बारे में जागरूकता फैलाने का भी कार्य करता है। उन्होंने बताया. यह आयोजन फिट इंडिया मूवमेंट का महत्वपूर्ण हिस्सा हैए जिसका लक्ष्य स्वदेशी खेलों को प्रोत्साहित करना और भारत सरकार के इस अभियान के प्रति अधिक से अधिक जागरूकता फैलाना है। आईटीबीपी हमेशा से फिट इंडिया के विभिन्न अभियानों में अग्रणी भूमिका निभाती रही है।

## बच्चों ने सद्भाव के दीप जला दिया देश में एकता का पैगाम



कानपुर। दीपावली के मौके पर चमनगंज स्थित हलीम मुस्लिम इंग्लिश स्कूल की छात्राओं ने रंगारंग रंगोली कार्यकम आयोजित किया। छोटे बच्चों ने सद्भाव के दीप जलाकर देश में एकता का पैगाम दिया। स्कूल की छात्रा जाहनवी खन्ना, नाज बानो, आरोही पूजा, सिमरन, इफ्रा, रूमाना, उमरा, लायबा ने कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाचार्या सबा खान ने किया। इस मौके पर शिक्षक एवं शिक्षिकाओं हरिओम, रशद अहमद, राना सगीर, सायमा खान, जेबा इखलाक, अभिजीत अग्रहरी उपस्थित रहें।

# समाज के प्रत्येक वर्ग को सम्मान व अवसर देना हम सबका दायित्व- डीएम



**-मोतीझील लॉन में आयोजित मण्डलस्तरीय दिव्यांगजन दीपावली मेले का हुआ शुभारंभ**

**कानपुर।** मोतीझील स्थित लॉन नंबर-3 में मण्डल स्तरीय दिव्यांगजन दीपावली मेले का शुभारंभ गुरूवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उपनिदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, पुष्पा खन्ना मेमोरियल की निदेशक और परवाज जन कल्याण समिति की निदेशक ने बुके देकर डीएम का स्वागत किया। कार्यक्रम का आगाज़ साईं बाबा स्पेशल स्कूल के दृष्टिबाधित दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुआ। बच्चों की प्रस्तुति ने सभी को भावविभोर कर दिया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने दिव्यांगजनों द्वारा बनाए गए हस्तनिर्मित उत्पादों के स्टॉलों का अवलोकन किया और खरीदारी भी की। जिलाधिकारी ने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग को सम्मान और अवसर देना हम सबका नैतिक दायित्व है। दिव्यांग बच्चे, बच्चियां और युवा जिस आत्मविश्वास, सृजनशीलता और मेहनत से कार्य कर रहे हैं, वह समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। दीपावली पर तैयार किए गए सुंदर दीपक, उपहार, मोम के उत्पाद और हस्तनिर्मित वस्तुएं उनकी प्रतिभा का प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि यदि अवसर और सहयोग मिले तो ये बच्चे किसी से कम नहीं हैं।

उन्होंने पहल संस्था, बैंक डेवलपमेंट सोसाइटी और अन्य सामाजिक संगठनों की सराहना की, जो इस दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने नागरिकों से अपील की कि वे ऐसे आयोजनों में सम्मिलित होकर न केवल उत्पादों की खरीदारी करें, बल्कि दिव्यांग बच्चों के आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा दें।

प्रदर्शनी में में कुल 10 स्वयंसेवी संस्थाओं ने स्टॉल लगाए। इनमें पहल विकलांग पुनर्वास केंद्र समिति, पुष्पा खन्ना मेमोरियल सेंटर, प्रेरणा स्पेशल स्कूल फेथफुलगंज, दिव्यांग डेवलपमेंट सोसाइटी, परवाज जन कल्याण समिति, दृश्यम सेवा समिति, प्रगति लर्निंग सेंटर, अमृता स्पेशल स्कूल एवं पुनर्वास केंद्र, विकलांग एसोसिएशन और साकार स्पेशल स्कूल प्रमुख रहीं। इन संस्थाओं द्वारा दिव्यांग बच्चों और कलाकारों ने अपने हस्तनिर्मित उत्पाद प्रदर्शित किए, जिनमें दीये, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां, सजावट का सामान, मिट्टी की प्रतिमाएं, जूट के डोर-मैट, मोतियों की मालाएं, चित्रकला, मोमबत्तियां, अगरबत्तियां, भगवान की पोशाकए थैले और अन्य विशिष्ट वस्तुएं शामिल थीं।

## कलाकार इस तरह रोशन करेंगे अपने घर और रिश्ते

कानपुर। दीपावली अच्छाई पर बुराई की जीत का प्रतीक है और इसे रोशनी का त्यौहार कहा जाता है। उत्तर भारत में इस दिन भगवान गणेश और माता लक्ष्मी की पूजा का विशेष महत्व होता है, जो समृद्धि और सुख का स्वागत करने का प्रतीक है। इस शुभ मौके पर ज़ी टीवी के कलाकार गंगा माई की बेटियां की शुभांगी लाटकर, सरू की मोहक मटकर, जगद्धात्री के फरमान हैदर, वसुंधरा के अभिषेक शर्मा, लक्ष्मी निवास की मानसी जोशी रॉय, तुम से तुम तक की निहारिका चौकसे, जाने अनजाने हम मिले की जयती भाटिया और जागृति- एक नई सुबह के सागर पारेख साझा कर रहे हैं। गंगा माई की बेटियां में गंगा माई का किरदार निभा रहीं शुभांगी लाटकर कहती हैं, दिवाली हमेशा से मेरा पसंदीदा त्यौहार रहा है।

इस त्यौहार से बचपन की बहुत सारी प्यारी यादें जुड़ी हैं। पूरे परिवार के साथ घर की सफाई करना, दीयों से हर कोना सजाना और मां की मदद से मिठाइयां बनाना।

## कुपोषण मुक्त समाज बनाने हेतु एकजुटता जरूरी- राज्यमंत्री



-जिलास्तरीय कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किया गया सम्मानित

-पांच बच्चों को अन्नप्रशसन संस्कार सम्पन्न कराया गया

कानपुर। मोतीझील स्थित लॉन में पोषण माह का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्र में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला शामिल हुई। उन्होंने कहा कि कुपोषण से मुक्त समाज का निर्माण तभी संभव है जब आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और जनसामान्य मिलकर इसे अपनी सामूहिक जिम्मेदारी समझें। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सराहना करते हुए कहा कि कोरोना काल में भी इन कार्यकत्रियों ने अपनी सेवाओं से समाज को सुरक्षित रखने का उल्लेखनीय कार्य किया था और आज भी पोषणयुक्त समाज बनाने में उनकी भूमिका सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इनके प्रयासों से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता में लगातार वृद्धि हो रही है। आजीविका मिशन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जब महिलाएँ स्वावलंबी बनेंगी, तो परिवार और समाज दोनों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि यदि आज की नारी आत्मनिर्भर बनेगी तो निश्चित ही अपने परिवार को सबल और समाज को समर्थ बना सकेगी। इस दौरान मातृत्व और बाल स्वास्थ्य पर केंद्रित गतिविधियाँ भी आकर्षण का केंद्र रहीं। राज्य मंत्री और अतिथियों ने 5 गर्भवती महिलाओं का गोद भराई तथा 5 बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया। इसी क्रम में 11 सैम बच्चों को औषधीय किट प्रदान की गई। मंच पर प्रस्तुति देने वाले सात बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। पोषण माह और मिशन शक्ति के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली 12 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और 12 सहायिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इससे कार्यकर्ताओं में उत्साह और जोश का संचार हुआ।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीति सिन्हा, जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह, महिला कल्याण अधिकारी मोनिका, जिला समन्वयक शैल शुक्ला, बाल विकास परियोजना अधिकारी रत्ना, आस्था एवं अविरल पुष्पा उपस्थित रहीं। यूनिसेफ के मंडलीय प्रतिनिधि आशीष शुक्ला ने भी सहभागिता की और पोषण माह अभियान को सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# जेडस्क्वायर में मॉक ड्रिल, आतंकियों ने दो लोगों को लिया गनप्वाइंट पर

**-कमांडों स्मोक फायर कर अंदर हुए इंट्री**

**-बोले डीसीपी, आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए किया मॉक ड्रिल का आयोजन**

**कानपुर ।** डीसीपी मुख्यालय एसएम कासिम सिद्दकी ने गुरुवार दोपहर जेड स्क्वायर माल में माकड्रिल कराई। इसमें सुरक्षा में चूक की वजह से दो आतंकी जेड स्क्वायर में घुस जाते हैं और घूमने आए दो लोगों को गन प्वाइंट में ले लेते हैं। यह देख माल में चीख पुकार मचने लगती है। कुछ ही देर में डीसीपी मुख्यालय, एडीसीपी डॉ अर्चना सिंह, इंस्पेक्टर कोतवाली जगदीश पांडेय व एटीएस का प्रशिक्षण लिए पुलिस के कमांडो पहुंच गए। माल परिसर में प्रवेश द्वार पर स्मोक फायर करते हैं और चारो तरफ धुंध छा जाती है। इसका फायदा उठा कमांडो व अधिकारी अंदर घुसे और आतंकियों को दबोच लिया। माकड्रिल देख माल में आए लोगों का कहना था कि ऐसा लगा कि सच में आतंकी पकड़े गए हैं। डीसीपी मुख्यालय कासिम सिद्दकी ने कहा कि आपातकालीन स्थितियों से निपटने की तैयारी और प्रशासनिक समन्वय का परीक्षण करने हेतु जेड स्क्वायर मॉल में एक व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा बलों की तत्परता और किसी भी अप्रत्याशित घटना से निपटने की उनकी क्षमता को परखना था। यह मॉक ड्रिल विभिन्न प्रकार की आपात स्थितियों, जैसे आतंकवादी हमला या प्राकृतिक आपदा में संबंधित एजेंसियों की प्रतिक्रिया और आपसी तालमेल का आकलन करने के लिए आयोजित की गई थी। इसका लक्ष्य मौजूदा प्रोटोकॉल और प्रक्रियाओं की प्रभावशीलता को सुनिश्चित करना था। इस महत्वपूर्ण अभ्यास में पुलिस बल के साथ-साथ फायर ब्रिगेड और आपदा प्रबंधन टीमों जैसी विभिन्न एजेंसियों ने भाग लिया। सभी इकाइयों ने मिलकर एक वास्तविक परिदृश्य की नकल करते हुए, बचाव और राहत कार्यों का अभ्यास किया। इस तरह के अभ्यास सुरक्षाकर्मियों और मॉल के कर्मचारियों को वास्तविक आपदा की स्थिति में त्वरित और कुशलता से कार्य करने के लिए प्रशिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह ड्रिल प्रशासन की ओर से आम जनता की सुरक्षा और सुरक्षा के प्रति गंभीरता को दर्शाती है। इससे संबंधित अधिकारियों ने इस तरह के प्रशिक्षण को नियमित जारी रखने के अपने संकल्प की पुष्टि की है।



## खबर एक नजर

### एक दिवसीय वित्तीय समावेश कार्यक्रम का आयोजन



कानपुर। एक दिवसीय वित्तीय समावेश कार्यक्रम का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन की अध्यक्षता में विकास भवन में आयोजित किया गया जिसमें जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विकासखंड सरसौल के ब्लॉक मिशन प्रबंधक अनुज गुप्ता को उपयुक्त स्वतरू रोजगार महोदय एवम डीडी नाबार्ड के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया पुरस्कार मिलने पर ब्लॉक मिशन प्रबंध प्रबंधक ने यह कहा यह सभी के प्रयास से पुरस्कार मिला है आगे भी विकासखंड क्षेत्र में विभाग द्वारा जरूरतमंद तक पहुंचने का कार्य भी करूंगा पुरस्कार मिलने पर सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने बधाई दी।

### अदालत ने ज़ेटाई की उस पुनर्गठन योजना को दे दी मंजूरी

कानपुर। ज़ेटाई ने आज घोषणा की कि वज़ीरएक्स की रिकवरी प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में सिंगापुर की उच्च न्यायालय ने कुछ थोड़े बहुत बदलावों के सार्थ मजजंप जेटाई लि द्वारा पेश की गई उस पुनर्गठन योजना को आधिकारिक मंजूरी दे दी गई, जिसे कर्ज़दारों ने पहले ही स्वीकृति दे दी थी। यह फैसला उस समय आया है जब अगस्त 2025 में 95.7 प्रतिशत वोट देने वाले कर्ज़दारों, जो कुल मूल्य का 94.6 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करते हैं- ने पुनर्गठन योजना के पक्ष में दोबारा मतदान किया था। वज़ीरएक्स के संस्थापक निश्चल शेट्टी ने कहा किए यह मंजूरी वज़ीरएक्स की यात्रा में एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि इतने बड़े साइबर हमले के बावजूद कंपनी ने बहुत तेज़ी से पुनर्गठन पूरा किया है, जो पूरी दुनिया के क्रिप्टो सेक्टर में सबसे तेज़ मामलों में से एक माना जा रहा है। हमारा पूरा ध्यान अपने कर्ज़दारों के हितों की रक्षा पर है। आज के फैसले के आधार पर जैसे ही यह योजना कानूनी रूप से प्रभावी होगी।

**निवेश बाजार में टाटा फ्लेक्सी कैप और टाटा मल्टी एसेट फंड का रुख**

कानपुर। विदेशी फंडो के बहिर्वाह, कच्चे तेल की दर में हलचल, वैश्विक व्यापार से जुड़े तनाव और असमान कॉर्पोरेट आय के मद्देनज़र हाल के महीनों में बाज़ार में उतार-चढ़ाव की स्थिति रही। ऐसे समय में निवेशकों को ऐसी रणनीतियों की ज़रूरत होती है, जो वृद्धि और स्थिरता के बीच संतुलन बनाए रखें। फ्लेक्सी कैप फंड और मल्टी एसेट एलोकेशन फंड विविधीकरण और अनुकूलनशीलता की रणनीति के कारण लोकप्रिय हो रहे हैं, जिससे निवेशकों को अनिश्चितता से निपटने में मदद मिलती है। टाटा एसेट मैनेजमेंट के फंड मैनेजर शैलेश जैन ने कहा हाल में बाज़ार के उतार-चढ़ाव, बदलते वैश्विक संकेत और खंडवार मूल्यांकन के बीच फर्क के कारण, ऐसी निवेश रणनीतियों की ज़रूरत होती है, जो लचीलेपन को पोर्टफोलियो के विविधीकरण के साथ जोड़े। फ्लेक्सी कैप फंड लार्ज, मिड और स्मॉल कैप में गतिशील आवंटन के ज़रिये यह सुविधा प्रदान करते हैं, जबकि मल्टी एसेट एलोकेशन फंड इक्विटी, फिक्स्ड इनकम, सोना और कमॉडिटी में निवेश का विस्तार कर लचीलापन बढ़ाने का प्रयास करते हैं। ।

### इस्त्रीवालों की आय में 100 करोड़ की बढ़ोत्तरी

कानपुर। उद्यम व्यापार ने आज एक उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा की है, इनके प्रोजेक्ट ने सितम्बर 2025 तक देश भर में इस्त्री करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स को कुल आय में 100 करोड़ रूपए की बढ़ोतरी के लिए सक्षम बनाया है। इस अवसर पर उद्यम लर्निंग फाउन्डेशन के सह-संस्थापक कृष्णन रंगनाथन ने कहा उद्यम में हमारा मानना है कि नैनो-उद्यमी भारत की अर्थव्यवस्था का आधार हैं, अगर इन्हें सही सहयोग मिले तो ये बड़ी आबादी के जीवन में सुधार ला सकते हैं। इस्त्री प्रोजेक्ट के साथ 100 करोड़ रूपए का आंकड़ा पार करना न सिर्फहमारे लिए, बल्कि हज़ारों वेंडर्स के लिए भी गौरव की बात है, जिन्होंने इस बदलाव को अपनाया है। सायरिल जोसेफ़ प्रोग्राम हैड, इस्त्री प्रोजेक्ट, उद्यम व्यापार ने कहा यह उपलब्धि उन हज़ारों वेंडर्स से जुड़ी है, जिन्होंने हम पर भरोसा किया और कोयले को छोड़कर एलपीजी को अपनाया। स्ट्रीट वेंडर्स को उनकी उत्पादकता बढ़ाने एवं ईंधन की लागत में सुधार लाने के लिए मदद करना। आज यह एक आंदोलन बन चुका है और उनकी आजीविका के साथ-साथ पर्यावरण पर भी सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न कर रहा है।

## एनसीसी कैडेट्स ने किया गोल्डी मसाले प्लांट का दौरा



-महिला सशक्तिकरण और कौशल विकास के अवसरों का अनुभव

कानपुर। चल रहे संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत 17 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी द्वारा दो दिन पूर्व कैडेट्स हेतु मंधना स्थित गोल्डी मसाले प्लांट का शैक्षिक दौरा आयोजित किया गया। इस औद्योगिक दौरे में 200 एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक आग लिया। उन्हें कानपुर की औद्योगिक व्यवस्था का सजीव अनुभव कराया गया, जिसमें विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण और कौशल विकास पर जोर दिया गया। इस दौरे का उद्देश्य अकादमिक ज्ञान को वास्तविक औद्योगिक अनुभव से जोड़कर कैडेट्स के दृष्टिकोण को व्यापक बनाना था। इस दौरान कैडेट्स ने गोल्डी मसालों और वन-वन नूडल्स जैसे लोकप्रिय उत्पादों की उत्पादन और पैकेजिंग प्रक्रियाओं को निकट से देखा और समझा। साथ ही गोल्डी मसाले की स्थापना से लेकर एक प्रसिद्ध घरेलू ब्रांड बनने तक की यात्रा पर आधारित एक विशेष डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी प्रस्तुत की गई। कैडेट्स की भागीदारी की सराहना स्वरूप उन्हें प्रमाण पत्र और उपहार भेंट किए गए, जो उनके लिए प्रशंसा और आगामी दीपावली के उपलक्ष्य में एक उपहार स्वरूप था। कार्यक्रम का समापन सीएटीसी-204 के कैंप कमांडेंट कर्नल नीरज नैथानी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने गोल्डी मसाले के निदेशक आकाश गोयनका को स्मृति चिन्ह भेंट कर इस दौरे की मेज़बानी करने और कैडेट्स को एक मूल्यवान शैक्षिक अनुभव प्रदान करने के लिए आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी मेजर इन्दु मिश्रा ने भी गोल्डी मसाले की टीम के अन्य सम्मानित अधिकारियों और प्रतिनिधियों को सहयोग व समर्थन के लिए स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस अवसर पर सेना के अधिकारी, एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर्स एवं अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार डंपर ने मॉर्निंग वॉकर को रौंदा, लोगों ने किया पथराव



-पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया

कानपुर। तेज रफ्तार डंपर ने स्कूटी सवार मॉर्निंग वॉकर को रौंद दिया। हादसे के बाद कुछ दूरी तक स्कूटी सवार को घसीटता चला गया। जिसमें मॉर्निंग वॉकर की मौके पर ही मौत हो गई। आक्रोशित इलाकाई लोगों डंपर पर पथराव कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने डंपर जब्त कर चालक को हिरासत में लिया। हादसा कोहना थाना क्षेत्र का है।

मन्नीपुरवा निवासी बसंत लाल अंडे का ठेला लगाते थे। परिवार में पत्नी मीना व तीन बेटे शिवम, राहुल, अवनीश हैं। बेटे राहुल ने बताया कि पिता रोज चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय में मॉर्निंग वॉक के लिए जाते थे। रोजाना की तरह गुरुवार सुबह 7 बजे पिता मॉर्निंग वॉक के लिए स्कूटी से निकले थे। वीआईपी रोड स्थित पेट्रोल पंप में पेट्रोल भराने के बाद वह कंपनी बाग चौराहे पर पहुंचे ही थे। तभी नवाबगंज थाने के सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद डंपर चालक भागने की फिराक में बंसत लाल को करीब 30 मीटर दूरी तक घसीटता ले गया। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दुर्घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने डंपर पर पथराव शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर चालक को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की जानकारी परिजनों को मिलते ही उनके बीच कोहराम मच गया। कोहना थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम भिजवाया गया है। चालक को हिरासत में ले लिया गया है, तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# सीए, सीएस व सीएमए परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्राओं को दिए टिप्स



**कानपुर।** गुरूवार को स्वरूप नगर स्थित कानपुर विद्या मंदिर महिला महाविद्यालय के करियर काउंसलिंग सेल और वाणिज्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सीए/सीएस/सीएमए परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को वाणिज्य के व्यावसायिक पाठ्यक्रमों और चार्टर्ड अकाउंटेंट कंपनी सचिव और लागत एवं प्रबंधन लेखाकार बनने के मार्गों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करना था।

इस सत्र के अतिथि वक्ता सीएम अमर ओमर ने प्रतियोगी परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने के लिए आवश्यक संरचित तैयारी, समय प्रबंधन रणनीतियों और व्यावहारिक दृष्टिकोणों पर बहुमूल्य जानकारी साझा की। उन्होंने व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में सफलता प्राप्त करने के लिए वैचारिक स्पष्टता, नियमित अभ्यास और अध्ययन में निरंतरता बनाए रखने के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो पूनम विज ने किया। प्राचार्य ने वाणिज्य के क्षेत्र में व्यावसायिक योग्यताओं के महत्व पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को समर्पण और एकाग्रता के साथ इन्हें प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन करियर काउंसलिंग सेल की प्रभारी एवं अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष नेहा सिंह ने किया।

इस सत्र में वाणिज्य संकाय सदस्य डॉ शिल्पी श्रीवास्तव, डॉ रति मिश्रा और महाविद्यालय की शिक्षिका डॉ पूर्णिमा शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में कुल 65 छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ सत्र में भाग लिया। इस इंटरैक्टिव सत्र में पाठ्यक्रम संरचना, पंजीकरण प्रक्रिया और सीए/सीएस/सीएमए पूरा करने के बाद करियर की संभावनाओं के बारे में अपनी शंकाओं को दूर करने का अवसर मिला।

## ग्रीन पार्क में सांसद आज करेंगे वॉकथान का शुभारंभ



-तैयारियों को लेकर एडीएम सिटी ने की बैठक

कानपुर। आगामी सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों को गुरूवार को एडीएम सिटी डॉ राजेश कुमार ने कलेक्ट्रेट में बैठक कर रूपरेखा तय की। वॉकथॉन का शुभारंभ सांसद रमेश अवस्थी द्वारा 17 अक्तूबर को प्रातः 6.30 बजे ग्रीन पार्क स्टेडियम में किया जाएगा, जिसका समापन नाना राव पार्क में होगा। इस आयोजन के माध्यम से नागरिकों को स्वास्थ्य, फिटनेस और खेलों के प्रति जागरूक किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी 1 नवम्बर से सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ जनपद स्तर पर प्रारंभ की जाएँगी। अपर जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन सुव्यवस्थित, सुरक्षित और सहभागिता पूर्ण वातावरण में सम्पन्न हों। बैठक में आरएसओ भानु प्रसाद, युवा कल्याण विभाग, बेसिक शिक्षा अधिकारी, एडीओएस, नगर निगम, पुलिस विभाग, एनसीसी सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अपर जिलाधिकारी ने सभी नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों से अपील की है कि वे 17 अक्तूबर प्रातः 6.30 बजे वॉकथॉन में भाग लेकर इस आयोजन को सफल बनाएं।

## खबर एक नजर



### सहकारी समिति में मांगे दाम में खाद मिलने पर किसान भड़के

**ऽ किसानों ने लगाया 1350 कि जगह 1365 वसूले जाने का आरोप**

घाटमपुर। सजेती क्षेत्र के असगहा में बुधवार को सहकारी समिति के हुए शुभारंभ के साथ ही महंगे दामों पर खाद वितरण किए जाने को लेकर गुरुवार को किसान भड़क गए। किसानों के विरोध करने पर भाड़े व पल्लेदारी के नाम पर वसूली की बात कही जाने लगी।खाद लेने पहुंचे किसानों का आरोप था कि उन्हें 1350 कि जगह 1360 में खाद दी जा रही है। साथ ही खाद के साथ 5 रूपया पल्लेदारी के नाम से लिए जा रहे हैं।सजेती थाना क्षेत्र के असगहा गांव में शुक्रवार के दिन बहु उददेशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लि0 असगहा में गुरुवार से खाद का वितरण शुरू किया गया है। खाद लेने पहुंचे किसान भोला बाजपेई निवासी बावनए शिवमोहन सचान धीरपुरएइसराइल बरीपालए फूल सिंह बरीपाल का कहना था कि कल ही समिति का उदघाटन हुआ है आज से भ्रष्टाचार शुरू हो गया। ए आर राकेश कुमार प्रभाकर ने बताया कि है एक किसान का भी फोन आया था डी ए पी खाद का रेट 1350 रुपए प्रति बोरी है। 1350 ही बिकनी चाहिए।देखता हूं कैसे ज्यादा दाम लिए जा रहे हैं। असगहा समिति के सचिव अजयपाल यादव ने बताया कि 800 वोरी डी ए पी खाद समिति में उपलब्ध थी। जिसका आज से ही वितरण चालू हुआ है।

### शक्ति डिग्री कॉलेज में मनाई गई भारत रत्न अब्दुल कलाम की जयंती

ऽ जयंती पर दो दिवसीय कार्यक्रमों का किया गया आयोजन। कहा गया कि उनके जीवन से सभी को प्रेरणा लेकर बहुत कुछ सीखने की है जरूरत

घाटमपुर। गुरुवार को शाखाहारी स्थित श्री शक्ति डिग्री कॉलेज में भारत रत्न से नवाजे गए पूर्व राष्ट्रपति व मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर दो दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंधक विनय त्रिवेदी ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत रत्न डॉक्टर अब्दुल कलाम के जीवन से सभी छात्र.छात्राओं को प्रेरणा लेकर बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। एनसीसी कैडेट निखिल ने अपने भाषण में अब्दुल कलाम की जीवनी बताई। रसायन विज्ञान प्रवक्ता सुभाष सिंह ने बताया कि डॉक्टर कलाम का कहना था कि किसी से कोई उपहार नहीं लेना चाहिए नहीं तो बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। डीएलएड प्रवक्ता रऊनंदन विद्यार्थी ने डॉक्टर कलाम द्वारा हल्के कृत्रिम अंग निर्माण के विषय की जानकारी दी। बीसीए प्रवक्ता श्याम शुक्लाए बीएड प्रवक्ता शिव शरण वर्मा ने भी उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जंतु विज्ञान प्रवक्ता सत्येंद्र अग्निहोत्रीए बीसीए प्रवक्ता दीप्ति सचान मौजूद रहीं कार्यक्रम का संचालन बीसीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा प्रियांशी सचान ने किया।

### घाटमपुर व सजेती में हुए सड़क हादसों में 5 लोग घायल

**ऽ घायलों को इलाज के लिए लाया गया सीएचसीए चार लोग रेफर**

घाटमपुर। हमीरपुर रोड पर कार की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी ले जाया गया जहां से दो को उर्सला रेफर कर दिया गया। वहीं सजेती थाना क्षेत्र के कोरिया के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दंपती घायल हो गए। फतेहपुर जनपद के अमौली निवासी दिनेश 28 अपने साथी गांव निवासी आदर्श 20 पुत्र शिव बाबू और मयंक ;22द्ध पुत्र जयपाल तीनों घरों में पेंट करने का काम करते है। तीनों बाइक से घाटमपुर से वापस घर लौट रहे थे। तभी घाटमपुर थाना क्षेत्र के कानपुर सागर हाइवे पर स्थित शर्मा पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में तीनों घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने तीनों का प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में दिनेश व आदर्श को उर्सला रेफर कर दिया।

वहीं सजेती थाना क्षेत्र के कोरिया के पास बाइक सवार दिनेश 55 व उनकी पत्नी मंजू देवी को ट्रक ने टक्कर मार दी। दोनो को गंभीर हालत में सीएचसी लाया गया। जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हैलट अस्पताल रेफर कर दिया।

### रामनवमी सेवा समिति के कार्यालय के लिए हुआ भूमि पूजन

सुमेरपुर-हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बे की रामनवमी सेवा समिति का अब खुद का कार्यालय होगा। इसके लिए नगर पंचायत ने जमीन मुहैया कराकर भूमि पूजन करके निर्माण को हरी झंडी दी? है। पिछले दो दशक से रामनवमी सेवा समिति का कार्यालय स्टेशन मार्ग में किराए के भवन पर संचालित हो रहा है। अब नगर पंचायत अध्यक्ष ने तपोभूमि के समीप नजूल की भूमि मुहैय्या कराकर समिति के खुद का कार्यालय बनवाने के लिए भूमि पूजन किया है। भूमि पूजन के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेन्द्र शिवहरे, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, रामनवमी सेवा समिति के अध्यक्ष रज्जन पांडे, रोहित शिवहरे, लाला महाराज, कृष्ण कुमार गुप्ता रामू, छुट्टन गुप्ता, वीरेंद्र शुक्ला, भार्गव मिश्रा, अरविंद श्रीवास्तव, अभिषेक गुप्ता, अभय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे। भूमि पूजन संस्कृत विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य पंडित बलदेव प्रसाद शास्त्री ने कराया।

## विचित्र बुखार का प्रकोप जारी, आधा दर्जन मौतों के बाद गांवों में दहशत

**बरूई अकबरपुर में तीन मौतों के बाद कीसा खेड़ा में शुरू हुआ मौतों का सिलसिला**

स्वतंत्र भारत संवाददाता भीतरगांव। बीते करीब एक माह से विकासखंड भीतरगांव क्षेत्र के कई गांवों में फैली गंदगी तथा जलभराव के चलते फैले विचित्र बुखार के चलते करीब आधा दर्जन से अधिक मौतों के बाद भी स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली से ग्रामीणों में आक्रोश है हालात बिगड़ते ही की खेड़ा गांव पहुंची जिला स्तरीय टीम ने रोगियों का परीक्षण कर दवाइयां वितरित की तथा रोगियों के सैंपल भर जांच को भेजे।



विकासखंड भीतरगांव क्षेत्र के बरूई अकबरपुर गांव में पूर्व प्रधान सहित तीन मौतों के बाद कीसा खेड़ा गांव में एक पखवारे में हुई दो मौतों के बाद स्थानीय लोगों में भय का माहौल है।करीब पंद्रह दिन पूर्व रामदेवी निषाद तथा बलगर पासी की मौत के बाद बुधवार को कानपुर के एक निजी अस्पताल में अंजली 16 पुत्री राजेश निषाद की मौत की सूचना मिलते ही गांव में दहशत फैल गई ग्रामीणों ने बताया कि गांव में अस्सी प्रतिशत लोग विचित्र बुखार से पीड़ित निजी अस्पतालों में इलाज करा रहे।गांवों में फैली गंदगी के चलते ग्रामीण संक्रामक बीमारियो की चपेट में है।ग्रामीणों ने पंचायतीराज विभाग के जिम्मेदारों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि गांवों में सफाई कर्मियों के न पहुंचने के चलते नालियां गंदगी से बजबजा रही तथा जगह जगह जलभराव से मच्छर जनित बीमारियों से लोग परेशान है।

हालांकि मामले की जानकारी का संज्ञान ले जिला मलेरिया अधिकारी ने स्थानीय टीम के साथ गांव पहुंच एंटी लार्वा छिड़काव सहित रोगियों को दवाइयां वितरित की।

**पंचायत विभाग की लापरवाही ग्रामीणों पर पड़ रही भारी** भीतरगांव। स्थानीय लोगों की मानें तो गांवों में तैनात सफाई कर्मी ब्लॉक कार्यालय सहित अन्य कामों में व्यस्त है जिससे गांवों में सफाई व्यवस्था धड़ाम है गांवों में रोस्टर व्यवस्था लागू कर अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से बच रहे जबकि गांवों के हालात बेहद खराब है मामले में खंड विकास अधिकारी निशांत राय से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

## विधायक सरोज ने पूजन सामग्री की खरीदारी की



घाटमपुर। दीपावली पर्व की तैयारियों के बीच गुरुवार को विधायक सरोज कुरील ने पूजन सामग्री की खरीदारी की।इस अवसर पर उन्होंने लोगों से खास तौर पर महिलाओं से स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।साथ ही कहा कि यह पर्व सभी के जीवन में सुखए समृद्धि और मंगल लेकर आए। वहीं शनिवार को मनाए जाने वाले धनतेरस के त्यौहार को देखते हुए कई सालों बाद बाजारों में धनतेरस की रौनक दिखाई देने लगी है। इस मौके पर लोगों द्वारा दीपावली पर की जाने वाली

गणेश लक्ष्मी की पूजा करने के साथ लोगो द्वारा खास तौर पर महिलाएं ज्वैलरी व घर गृहस्थी का समान भी खरीदती हैं।दीपावली के प्रमुख त्योहार मे धनतेरस पर्व को लेकर बाजारों में अभी से रौनक दिखाई देने लगी है।विभिन्न दुकानों को दुल्हन की तरह सजाया जाने लगा है। जहां गणेश लक्ष्मी के साथ आभूषण बर्तनए फर्नीचर इलेक्ट्रानिकएआदि दुकानों में अभी से चहल पहल देखने को मिली।वही कामदगिरि टेडर्स के फर्नीचर व्यापारी संदीप बाजपेई ने बताया की ऑनलाइन खरीददारी से इधर दो साल से व्यापार बहुत प्रभावित हुआ हैए लेकिन धनतेरस पर एक उम्मीद के साथ हम सब व्यापारी वर्ग माल का संग्रहण करते है। कि शायद इस खरीददारों का रुझान ऑफ लाइन खरीदारी के लिए हो जाए।

**कानपुर विकास प्राधिकरण** **आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मन्जू श्रीवास्तव द्वारा प्रार्थना पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आदि प्रस्तुत कर भवन संख्या एल–2/236 ब्लाक एल.आई.जी. योजना सनिगवां क्षेत्रफल 48.00 व.मी. का नामान्तरण किये जाने का अनुरोध किया है। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि प्राधिकरण द्वारा भवन संख्या एल–2/236 ब्लाक एल.आई.जी. योजना सनिगवां क्षेत्रफल 48.00 व.मी. का आवंटन दिनांक 17.06.1989 को श्री दिवाकर श्रीवास्तव पुत्र श्री जे.सी. श्रीवास्तव के पक्ष में किया गया। प्रस्तुत अभिलेखों के अनुसार मूल आवंटी श्री दिवाकर श्रीवास्तव पुत्र श्री जे.सी. श्रीवास्तव की मृत्यु दिनांक 27.08.2021 को हो चुकी है। कार्यालय उपजिलाधिकारी सदर कानपुर नगर द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 2024061911643004 दिनांक 11.07.2024 के अनुसार मृतक स्व. दिवाकर श्रीवास्तव पुत्र श्री जे.सी. श्रीवास्तव के निम्नलिखित वारिसान अंकित है–(1) श्रीमती मंजू श्रीवास्तव, पत्नी, उम्र–67 वर्ष (2) श्री शलभ श्रीवास्तव, पुत्र, उम्र–41 वर्ष (3) श्री सुमित श्रीवास्तव, पुत्र, उम्र–40 वर्ष। उपरोक्त के अलावा मृतक के अन्य वारिसान न होना बताया गया है। उपरोक्तानुसार क्रमांक 2 व 3 पर अंकित वारिसानों द्वारा फोटोयुक्त शपथ पत्र के माध्यम से क्रमांक 1 पर अंकित श्रीमती मंजू श्रीवास्तव के पक्ष में अपना हक छोड़ दिया है। अतः श्रीमती मंजू श्रीवास्तव पत्नी स्व. दिवाकर श्रीवास्तव के पक्ष में विरासतन के आधार पर नामान्तरण किया जाना है। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन के तीस दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति सप्रमाण एकल विण्डों काउन्टर तथा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर दें, निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में उक्त भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में किये जाने की कार्यावाही अमल में लाई जायेगी तथा इसके पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव न होगा। **विशेष कार्याधिकारी (विक्रय जोन-4)**

**कानपुर विकास प्राधिकरण** **आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सविता देवी आदि द्वारा प्रार्थना पत्र, पंजीकृत बैनामे की सत्यापित प्रति, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र तथा पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र आदि प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या 459 ब्लाक एफ योजना 40 पनकी एस/एस क्षेत्रफल 56.235 व.मी. का नामान्तरण अपने पक्ष में किये जाने का अनुरोध किया है। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि भूखण्ड संख्या 459 ब्लाक एफ योजना 40 पनकी एस/एस क्षेत्रफल 56.235 मी. का फ्री–होल्ड निबंधन दिनांक 28.09.2005 को श्री प्रेम शंकर मिश्रा पुत्र स्व. चन्द्रिका प्रसाद मिश्रा के पक्ष में निष्पादित किया गया। तत्पश्चात श्री प्रेम शंकर मिश्रा पुत्र स्व. चन्द्रिका प्रसाद मिश्रा द्वारा भूखण्ड का पंजीकृत बैनामा दिनांक 07.12.2005 को श्री जगदीश सिंह पुत्र स्व. तिलक सिंह के पक्ष में निष्पादित किया गया। प्रस्तुत अभिलेखों के अनुसार बैनामाधारक श्री जगदीश सिंह पुत्र स्व. तिलक सिंह की मृत्यु दिनांक 16.10.2022 को एवं इनकी पहली पत्नी श्रीमती रमा की मृत्यु दिनांक 02.01.2008 को हो चुकी है। कार्यालय उपजिलाधिकारी रसूलाबाद कानपुर देहात द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 568/एस.टी.–पा.स.प्र.प.–2025 दिनांक 14.07.2025 के अनुसार मृतक स्व. जगदीश सिंह पुत्र श्री तिलक सिंह के निम्नलिखित वारिसान अंकित है–(1) श्रीमती सविता देवी, पत्नी, उम्र–40 वर्ष (2) श्री शिवाय यादव, पुत्र, उम्र–08 वर्ष (3) श्रीमती ज्योति, पुत्री (विवाहिता), उम्र–32 वर्ष (4) श्रीमती प्रीती, पुत्री (विवाहिता), उम्र–30 वर्ष। उपरोक्त के अलावा मृतक के अन्य वारिसान न होना बताया गया है। क्रमांक 2 पर अंकित वारिसान के नाबालिग होने की दशा में माता श्रीमती सविता देवी के प्राकृतिक संरक्षण में नामान्तरण किया जाना है एवं क्रमांक 3 व 4 पर अंकित वारिसानों द्वारा फोटोयुक्त सहमति शपथ पत्र के माध्यम से क्रमांक 1 पर अंकित श्रीमती सविता देवी के पक्ष में अपना हक छोड़ दिया हैं अतः श्रीमती सविता देवी पत्नी स्व. जगदीश सिंह एवं श्री शिवाय यादव पुत्र स्व. जगदीश सिंह (माता श्रीमती सविता देवी के प्राकृतिक संरक्षण में) के पक्ष में विरासतन नामान्तरण किया जाना है। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन के तीस दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति सप्रमाण एकल विण्डो काउन्टर तथा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर दें, निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में उक्त भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जायेगी तथा इसके पश्चात किभी भी आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव न होगा। **विशेष कार्याधिकारी (विक्रय जोन-2)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत–जाजपुर , विकास खण्ड–घाटमपुर, कानपुर नगर**

पत्रांक– मेमो/निविदा/केन्द्रीय वित्त/पंचम वित्त/मनरेगा 2025–2026 दिनांक 16.10.2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत– जाजपुर, विकास खण्ड–घाटमपुर, कानपुर नगर के ग्राम निधि खाता पंचम वित्त आयोग/पंद्रहवां वित्त आयोग के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में कराये जाने वाले निम्न कार्यो को निर्माण किये जाने हेतु आइटम रेट/निर्माण सामग्री आपूर्ति पर मोहर बन्द निविदा दिनांक 24.10.2025 को अपरान्ह 01.00 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। विक्रिय निविदायें निविदा बाक्स में निर्धारित समय के अन्दर डाली जायेगी। निर्धारित समय सीमा के उपरान्त निविदायें स्वीकार्य नहीं की जायेगी। निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत–जाजपुर , विकास खण्ड–घाटमपुर,कानपुर नगर, कार्यालय से दिनांक 17.10.2025 से दिनांक 24.10.2025 तक प्रत्येक कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 24.10.2025 को अपरान्ह 3 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत– जाजपुर, विकास खण्ड, घाटमपुर, कानपुर नगर के कक्ष में गठित समिति के द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के साथ 100 रुपये के नान जूडिशियल स्टाम्प व् रु0 1/– का रसीदी हस्ताक्षर युक्त संलग्न करना अनिवार्य है। ग्राम पंचायत को यह अधिकार होगा किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताए निरस्त किया जा सकता है।

| क्र0 सं0 | कार्य स्थल व निर्माण कार्य | निर्माण कार्य की लागत | निर्माण सामग्री | आपूर्ति का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1– | शिव वरन के घर से तालाब तक इन्टर लॉकिंग व नाली निर्माण | 3.27 लाख | आवश्यकतानुसार | दो माह |
| 2– | सुरेन्द्र के घर से दिलीप के घर तक दोनों ओर नाली मरम्मत व निर्माण | 1.72 लाख | आवश्यकतानुसार | दो माह |
| 3– | सी सी रोड में चंचल सिंह के घर तक नया खड़ंजा व नाली निर्माण | 1.55 लाख | आवश्यकतानुसार | दो माह |
| 4– | जाज पुर में चौकी वाली सी सी रोड से तालाब तक इन्टर लॉकिंग | 2.66 लाख | आवश्यकतानुसार | दो माह |
| 5– | सी सी रोड से पंचायत घर के पीछे तक खड़ंजा निर्माण कार्य | 1.22 लाख | आवश्यकतानुसार | दो माह |
| 6– | जाज पुर में विजय चौहान के घर से रोड़ तक खड़ंजा निर्माण | 1.52 लाख | आवश्यकतानुसार | दो माह |

अन्य शर्ते–

1– सशर्त निविदा स्वीकार नही की जाएगी।
2. निविदाकर्ता का पंजीकरण आयकर व व्यापारकर विभाग में होना अवश्य चाहिए।
3. बिना जीएसटी व पैन नम्बर के निविदा नहीं की जायेगी स्वीकार्य अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार समिति का होगा।
4. किसी भी परियोजना पर शासन स्तर पर रोक या विवाद की स्थिति में स्वीकृत कार्य का भुगतान न होना न्यायालय के वाद योग्य भी नही होगा। समस्त अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास निहित होंगे। धनराशि की उपलब्धता के अनुसार भुगतान किया जायेगा।

ग्राम प्रधान– नीरज सिंह
ग्राम पंचायत–जाजपुर
विकास खण्ड–घाटमपुर,
कानपुर नगर

ग्राम पंचायत सचिव–अमित कुमार कटियार
ग्राम पंचायत–जाजपुर
विकास खण्ड–घाटमपुर,
कानपुर नगर

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी राजेपुर (फर्रुखाबाद)**

पत्रांक– 3645/लेखा०/05–15 वॉ वित्त/ टेण्डर प्रकाशन/2025–26 दिनांक 16–10–2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

05/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत क्षेत्र पंचायत राजेपुर जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना के निर्माण कार्य हेतु पंजीकरण ठेकेदारों, फर्मो से दिनांक 16–10–2025 से दि० 29–10–2025 की अपरान्ह 2–00 बजे तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 29–10–2025 को सायं 3.00 बजे विकास खण्ड कार्यालय राजेपुर खण्ड विकास अधिकारी/अवर अभियन्ता (ग्रा०अभि०वि०), सहायक विकास अधिकारी (आई०एस०बी०) एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 16–10–2025 से दि० 29–10–2025 अपरान्ह 2–00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में खण्ड विकास अधिकारी राजेपुर से रू0 500–00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती हैं।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | मद/वित्त | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्रा.के अनुसार लागत (लाख) में | जमानत धनराशि 2 प्रति. रू. | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्रा०पं० गुडेरा में मैनरोड से राजवीर सिंह के घर तक सी०सी० निर्माण कार्य 46 मी0 | 05वॉ | प्रा. के अनुसार | 3.25 | 7000.00 | 500.00 |
| 2. | ग्रा०पं० रामपुर जोगराजपुर में विमल शर्मा के मकान से डोरी की जगह तक तथा सी०सी०रोड से बाउण्ड्रीवाल के कोने तक इण्टरलॉकिंग कार्य 180मी0 | 05वॉ | प्रा. के अनुसार | 7.32 | 14700.00 | 500.00 |
| 3. | ग्रा०पं० नगला केवल में महेश पाल उपकारी जी के घर के सामने पुलिया निर्माण कार्य | 15वॉ | प्रा. के अनुसार | 8.45 | 17000.00 | 500.00 |
| 4. | ग्रा०पं० कंचनपुर सबलपुर में सरकारी टयूबवेल से मुरारी सिंह के मकान तक सी०सी० निर्माण कार्य 40 मी० | 05वॉ | प्रा. के अनुसार | 2.01 | 4000.00 | 500.00 |
| 5. | ग्रा०पं० नगरिया जवाहर में संजीव के घर के सामने से उदयपाल के घर तक इण्टरलॉकिंग व नाली कार्य 180 मी० | 05वॉ | प्रा. के अनुसार | 6.37 | 13000.00 | 500.00 |
| 6. | ग्रा०पं० फकरपुर में धुनीराम के थान के पास से बडे अवस्थी के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य 150मी0 | 05वॉ | प्रा. के अनुसार | 6.45 | 13000.00 | 500.00 |
| 7. | ग्रा०पं० रामपुर जोगराजपुर में कलक्टर के खेत के कोने से टंकी के पास मुरारी सिंह के खेत तक सी०सी०/इण्टरलॉकिंग कार्य 120मी0 | 05वॉ | प्रा. के अनुसार | 5.84 | 12000.00 | 500.00 |
| 8. | ग्रा०पं० नयागॉव उजरामउ में चन्द्रपाल के घर से सरकारी स्कूल तक सी०सी० व नाली निर्माण कार्य 180मी0 | 05वॉ | प्रा. के अनुसार | 8.45 | 17000.00 | 500.00 |
| 9. | ग्रा०पं० खुटिया के सिया गॉव में अजयपाल सिंह के दरवाजे से वैधनाथ के मकान तक इण्टरलॉकिंग कार्य 130मी0 | 05वॉ | प्रा. के अनुसार | 8.44 | 17000.00 | 500.00 |
| 10. | ग्रा०पं० जैनापुर में संतोष के घर से शिव मन्दिर तक इण्टरलॉकिंग कार्य 150मी0 | 05वॉ | प्रा. के अनुसार | 8.46 | 17000.00 | 500.00 |
| 11. | ग्रा०पं० बिलालपुर तुर्कहटा में अजय के घर से शेर सिंह के घर तक इण्टरलॉकिंग व नाली कार्य 205मी0 | 05वॉ | प्रा. के अनुसार | 8.46 | 17000.00 | 500.00 |
| 12. | ग्रा०पं० कंचनपुर सबलपुर में बरूण कोटेदार के मकान से छोटे सिंह के मकान तक सी०सी० व नाली निर्माण कार्य 150मी0 | 05वॉ | प्रा. के अनुसार | 6.86 | 14000.00 | 500.00 |
| 13. | राजेपुर ब्लाक में सोलर वाटर कूलर की स्थापना आदि कार्य | 15वॉ | प्रा. के अनुसार | 4.61 | 9000.00 | 500.00 |
| 14. | अमृतपुर गौशाला में सोलर वाटर समर्सेबिल पम्प की स्थापना आदि का कार्य | 15वॉ | प्रा. के अनुसार | 5.54 | 11000.00 | 500.00 |
| 15. | ग्रा०पं० अमृतपुर में गॉधी सिंह की दुकान से सुखेन्द्र सिंह के यहाँ तक नाला निर्माण | 15वॉ | प्रा. के अनुसार | 2.50 | 5000.00 | 500.00 |
| 16. | ग्रा०पं० रामपुर जोगराजपुर के मजरा अमीराबाद बमियारी में कुबेरपुर गोटिया सम्पर्क मार्ग के पास शिवपाल के मकान के पास पुलिया निर्माण | 15वॉ | प्रा. के अनुसार | 8.46 | 17000.00 | 500.00 |

नोटः– नियम एवं शर्ते खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में अवकाश को छोडकर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

(सुनील कुमार जायसवाल)
खण्ड विकास अधिकारी, राजेपुर (फर्रुखाबाद)

### खड़े ट्रक घुसी कार, एक की मौत

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर कानपुर की तरफसे प्रयागराज की ओर जा रही स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर पलटते हुए रोड क्रॉस कर दूसरी तरफ हाईवे में खड़े ट्रक में जा घुसी, जिसमें दो लोग रामावतार पुत्र जगन्नाथ उम्र 65 वर्ष निवासी मोतीनगर उन्नाव अभिषेक पुत्र अवधेश सिंह उम्र 42 वर्ष निवासी आवास विकास कॉलोनी जनपद उन्नाव गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालगंज में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने रामौतार को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल अभिषेक को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया।

# मेला व त्योहार को देखते हुए ईओ ने कर्मचारियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश



खागा, (फतेहपुर)। नगर पंचायत प्रांगण में मेला व आगामी त्योहारों को देखते हुए कार्यालय नगर पंचायत खागा सभागार में सफाई, पेयजल और विद्युत व्यवस्था की समीक्षा बैठक अधिशासी अधिकारी देवहूती पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें सभी सफाई नायकों को निर्देशित किया गया कि नगर की साफ-सफाई व सभी शौचालयों व मूत्रालयों की सफाई एवं रात को विशेष सफाई कराई जाए। मेला हेतु रावण मैदान में मदद व पानी टैंकर तथा जनहितकारी इण्टर कालेज के पास नौबस्ता रोड में मोबाईल शौचालय खड़ा करने के लिए व एंटीलार्वा छिड़काव के लिए सम्बन्धित कर्मचारी को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में सभी पम्प आपरेटरों को समय से पानी छोड़ने व एक सप्लाई एक्स्ट्रा देने के निर्देश दिये गये, विद्युत मैकेनिकों को मेन रोड की लाईट दुरुस्त करने के निर्देश दिये गये। (गृहकर-जलमूल्य) वसूलीकर्ताओं को निर्देशित किया कि वसूली में तेजी लाने व पटल प्रभारी को बड़े बकायदारों को नोटिस देने के निर्देश दिये गये। प्रधानमंत्री आवास योजना के सम्बन्ध में सम्बन्धित पटल प्रभारी व जांचकर्ताओं को निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित लेखपाल से सम्पर्क कर जांच करवाने व जांच हुए आवेदनों की पत्रावली तैयार करने के निर्देश दिये गये। अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन न करने पर सम्बन्धित कर्मचारी पर आवश्यक कार्यवाही की बात कही और देवहूति पांडेय ने कहा कि मेले एवं त्यौहार को देखते हुए साफ सफाई एवं पानी को लेकर नगर पंचायत क्षेत्र की जनता को किसी प्रकार का नगर पंचायत से संबंधित किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होनी चाहिए।

# डीएम ने खादी महोत्सव का किया शुभारंभ

- खादी से बनी वस्तुओं पर मिलेगी तीस प्रतिशत की छूट



फतेहपुर। ग्राम सेवा संस्थान गांधी पथ द्वारा भारत सरकार के निर्देशानुसार खादी महोत्सव 2025 का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित गांधी मैदान में 16 से 18 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। खादी प्रदर्शनी का जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व फीता काटकर शुभारम्भ किया। प्रदर्शनी में ग्रामोद्योगी, हस्तनिर्मित वस्तुएं, बैग उद्योग, ऑयल उद्योग, कुम्हारी उद्योग आदि के स्टाल लगाए गए। ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि शहरवासियों को इस प्रदर्शनी में प्रचार कर खादी वस्त्र जिस पर सरकार द्वारा 30 प्रतिशत की भारी छूट दी जा रही है। खादी वस्त्र खरीद कर इस छूट का लाभ उठाते हुए गांधी जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करें। इस मौके पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, ग्राम सेवा संस्थान के अध्यक्ष, जिला बार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

## लौह पुरूष की जयंती पर निकलेगी सदभावना रथ यात्रा: राजेश

**– 24 अक्टू. को प्रतिमा पर माल्यार्पण कर होगा शुभारंभ**

**फतेहपुर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि उनके नेतृत्व में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयन्ती पर विगत वर्षों के भांति अलग-अलग तिथि में 04 दिवसीय सद्भावना अखण्ड सरदार पटेल विशाल रथ यात्रा का आयोजन किया जायेगा। 24 अक्टूबर को पटेल की प्रतिमा स्थल पटेल नगर से सद्भावना अखण्ड सरदार पटेल विशाल रथ यात्रा प्रातः 09 बजे से होगी, जो विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर पुनः पटेल नगर चौराहा पहुंचकर समाप्त होगी। इसी तरह 26 अक्टूबर को पटेल जी की प्रतिमा स्थल पटेल नगर से सद्भावना अखण्ड सरदार पटेल विशाल रथ यात्रा प्रातः 08 बजे शुरू होकर हजरतगंज लखनऊ पहुंचेगी। जहां सरदार पटेल जी प्रतिमा स्थल में छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी साथ ही महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव अम्बेडकर, वीरागंना रानी लक्ष्मीबाई आदि महापुरूषों की प्रतिमाओं में दीप प्रज्जवलन कर श्रद्धांजलि एवं छात्र-छात्राओं, समाजसेवियों का सम्मान किया जायेगा। 28 अक्टूबर को पटेल जी की प्रतिमा स्थल पटेलनगर से सद्भावना अखण्ड सरदार पटेल विशाल रथ यात्रा प्रातः नौ बजे शुरू होकर भ्रमण करेगी। 31 अक्टूबर को भी पटेल नगर से यात्रा प्रातः 09 बजे शुरू होगी। उन्होने बताया कि यात्रा के दौरान रास्ते में पड़ने वाले सभी महापुरूषों की प्रतिमाओं में माल्यार्पण किया जायेगा। उन्होने लोगों का आहवान किया यात्रा में ज्यादा से ज्यादा सहभागिता निभाएं।

## छात्राओं के लिए लगा परिचालक लाइसेंस शिविर

फतेहपुर। डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राओं के लिए सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत परिचालक लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की मिशन शक्ति समिति और सड़क सुरक्षा क्लब के सहयोग से अर्ह कुल 40 छात्राओं ने लाइसेंस हेतु आयोजित शिविर में आवेदन दिया। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार यादव ने शिविर में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को संबोधित करते हुए सड़क सुरक्षा और स्वावलंबन हेतु परिचालन लाइसेंस आवेदन को आवश्यक कदम बताया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी पुष्पांजलि मित्रा गौतम ने शिविर में सम्मिलित छात्राओं को महिला अधिकार, कानून और परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली से परिचित कराया। श्रीमती मित्रा ने छात्राओं को परिचालक लाइसेंस के फायदे बताए। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस लाइसेंस से आप परिवहन विभाग में परिचालक के रूप में नियुक्त हो सकती हैं। महाविद्यालय की सड़क सुरक्षा क्लब प्रभारी डॉ अनुष्का छौंकर तथा हिंदी विभाग के प्राध्यापक बृजेश कुमार पाल ने मिशन शक्ति और सड़क सुरक्षा क्लब के तहत चलाए जा रहे अनेक कार्यक्रमों की जानकारी दी।

## आईसीटी के प्रयोग से बच्चों के अधिगम स्तर को उच्च करें : आरती

**फतेहपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण में गुरुवार को विद्यालयी व्यवस्था में सुधार की दिशा में आईसीटी के प्रयोग को बढ़ावा देने तथा शिक्षण में आईसीटी एवं नवीन तकनीकी विधाओं के प्रयोग हेतु बच्चों का नामांकन, उपस्थिति एवं अधिगम समष्टि को बढ़ाने हेतु प्रयासरत शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जनपद स्तरीय आईसीटी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 14 ब्लॉकों के शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों ने छह मिनट की समय सीमा में आईसीटी शिक्षण और नवाचार पर आधारित अपना प्रेजेंटेशन पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य आरती गुप्ता के निर्देशन में प्रतियोगिता नोडल प्रभारी अतुल कुमार के मार्गदर्शन में प्रथम चरण की प्रतियोगिता आयोजित की गई। निर्णायक समिति में डायट प्रवक्ता अंतिमा सिंह, विपिन कुमार प्रवक्ता पं. दीन दयाल राजकीय मॉडल विद्यालय दनियालपुर एवं स्वतंत्र यादव प्रवक्ता पं. दीन दयाल राजकीय मॉडल विद्यालय अमिलियापाल के द्वारा दो श्रेष्ठ शिक्षकों में एक महिला एवं एक पुरुष का चयन किया गया।

जनपद स्तर पर महिला वर्ग में शिक्षिका प्रतिमा उमराव कम्पोजिट विद्यालय अमौली ने प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पर संयुक्त रूप से कंचन धर्मकांति एवं वंदना पटेल बकंधा तेलियानी, तृतीय स्थान प्रीति मिश्रा रहसूपुर देवमई एवं पुरुष वर्ग में हिमांशु सिंह कम्पोजिट विद्यालय पखरौली ब्लॉक बहुआ, द्वितीय स्थान विवेक पाण्डेय प्रावि पैगंबरपुर रिकौहा हाथगांव एवं तृतीय स्थान पर विवेक सचान प्रावि सुमेरपुर मलवा ने स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य आरती गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में सरकार का ध्यान सबसे अधिक नवाचारों और आईसीटी पर ही है क्योकि आईसीटी सूचनाओं के आदान-प्रदान में, ऑनलाइन कक्षाओं के संचालन में, विद्यालय प्रबंधन में,छात्रों के पंजीकरण एवं उपस्थिति के साथ ही अभिभावकों के साथ संवाद में मदद के साथ कक्षा शिक्षण को रुचिकर बनाने में भी मदत करती है और इस पुरस्कार को प्राप्त करने पर शिक्षकों के साथ विभाग ने भी हर्ष व्यक्त किया। नोडल प्रभारी अतुल कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले महिला एवं पुरुष शिक्षक द्वारा राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली आईसीटी प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जाएगा। आईसीटी प्रतियोगिता में कौशल कुमार अंकुर, सूर्यनारायण एवं प्रदीप कुमार सिंह ने प्रतियोगिता में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

## युवक ने कमरें के अन्दर फांसी लगा कर दे दी जान

विजयीपुर (फतेहपुर)। विजयीपुर चौराहा के पास किशनपुर रोड अमनी मेंघर के बाहर बनी दुकान अन्दर अज्ञात करणों से 20 वर्षीय युवक ने फांसी लगा कर दे दी जान। विजयीपुर चौराहा से 100 मीटर की दूरी पर अमनी निवासी छोटे लाल पुत्र रामचन्द्र उम्र ( 20 ) वर्ष अपने घर के सामने बने कमरें में अज्ञात कारणो से पंखा के हुक में साड़ी का फांसी का फंद्धा में लटकता मिला जानकारी होते ही परिजनों ने आनन फानन विजयीपुर पिएचसी लेकर गये जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया बेटे की शादी बीते 04 जून को सीमा देवी उम्र ( 18 ) वर्ष परणी गांव में हुयी थी। जो गुरुवार को सुबह 11 बजे घर के बाहर बने एक कमरें में छोटे लाल फांसी के फंद्दे पर लटका मिला जिसको विजयीपुर पीएचसी प्रभारी ने मृत घोसित किया। किशनपुर थाना प्रभारी सत्यदेव गौतम ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# एन्टी करप्शन की टीम ने एसडीओ व प्राइवेट मुंशी को घूस लेते रंगे हाथ दबोचा

- एन्टी करप्शन की कार्यवाही से विद्युत विभाग मे हडकंप





फतेहपुर। एन्टी करप्शन प्रयागराज की टीम ने सदर एसडीओ विद्युत व उनके प्राइवेट मुशी को 10 हजार रूपएं की रिश्वत लेते रंगेहाथो धर दबोचा। टीम ने दोनो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर विधिक कार्यवाही की है। एन्टी करप्शन की टीम की इस कार्यवाही से विद्युत विभाग मे खासा हडकंप मचा रहा। शहर के सिविल लाइन्स मोहल्ला निवासी विकास सिंह भदौरिया पुत्र राजेन्द्र सिंह के पिता के नाम से रिहायसी घर के विद्युत कनेक्शन के बढे हुए बिजली के बिल को संशोधित किये जाने के एवज में उप खण्ड अधिकारी आबूनगर प्रेम चन्द्र व उनके मुशी अतुल सिंह ने दस हजार रूपएं की मांग की थी जिस पर विकास सिंह भदौरिया ने गत 14 अक्टूबर को भ्र.नि.सं. इकाई कार्यालय प्रयागराज में शिकायतीपत्र देकर रिश्वत मांगने की शिकायत की थी।

शिकायत पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन प्रयागराज की टीम ने गुरूवार को उप खण्ड अधिकारी आबूनगर प्रेमचन्द्र व उनके प्राइवेट मुंशी अतुल सिंह को शिकायतकर्ता से 10 हजार रूपएं रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। टीम ने दोनो आरोपियो को थरियाव थाने पर ले जाकर मुकदमा दर्ज कराकर विधिक कार्यवाही की। एन्टी करप्शन टीम के निरीक्षक ने बताया कि दस हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ उप खंड अधिकारी प्रेमचन्द्र पुत्र शिवधनी यादव निवासी ब्राहम्णपुर थाना चन्दवक जनपद जौनपुर व उनके प्राइवेट मुंशी अतुल सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी डण्डवल थाना मेहनाजपुर जनपद आजमगढ हालपता शकुनगर थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया गया है। बताया कि दोनो आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर विधिक कार्यवाही की गई है। टीम में एन्टी करप्शन प्रयागराज की ट्रैप टीम प्रभारी निरीक्षक श्रीमती अंजली यादव, निरीक्षक रविन्द्र सिंह, निरीक्षक अलाउद्दीन अंसारी उ.नि. अर्जुन सिंह, मुख्य आरक्षी अनिरुद्ध कुमार बलवन्त, मुख्य आरक्षी शशिकान्त शर्मा, आरक्षी विकास पाण्डेय, आरक्षी वेद प्रकाश मिश्र एवं आरक्षी योगेन्द्र सिंह शामिल रहे।

## - विकास कार्यों/निर्माण कार्यों/सीएम डैस बोर्ड की मासिक समीक्षा बैठक

विकासपरक, लाभार्थीपरक, जनकल्याणकारी योजनाओं का कराया जाये व्यापक प्रचार-प्रसार

फतेहपुर। विकास कार्यों/निर्माण कार्यों/सीएम डैस बोर्ड की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने केन्द्र/प्रदेश सरकार संचालित विकासपरक, लाभार्थीपरक, जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों, विकास परियोजनाओं आदि कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं/नीतियों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाय ताकि जानकारी के अभाव में कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ वंचित न रहें। योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का ससमय निस्तारण कराए एवं सत्यापन का कार्य भी समय से हो यदि समय से सत्यापन का कार्य नहीं हो रहा है तो संबंधित से समन्वय बनाकर कार्य पूरा करे और रिपोर्ट से अवगत कराए। उन्होंने 15वें वित्त व पांचवें राज्य वित्त आयोग से ग्राम पंचायतो में कराए गए कार्यों में आवंटित बजट के सापेक्ष भुगतान एवं कार्यों की प्रगति निरंतर समीक्षा करते रहे और समय-समय पर निरीक्षण कर गुणवत्ता का ध्यान रखते रहे। उन्होंने डीसी एनआरएलएम को निर्देशित किया कि गठित स्वयं सहायता समूहों का ज्यादा से ज्यादा क्रेडिट लिंकेज कराए एवं लक्ष्य के अनुसार आरएफ और सीआईएफ भी कराए ताकि स्वयं सहायता समूह की महिलाएं सशक्त होकर आत्म निर्भर बन सके। अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया कि निर्माणाधीन परियोजनाओं का निर्माण कार्य जल्द से जल्द कार्ययोजना बनाकर परियोजनाओं को गुणवत्तापूर्ण पूरा कराए। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी परिषदीय विद्यालयों में शासन के निर्देश के अनुसार अधिकारियों का निरीक्षण समय से करा ले। जिला विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि फैमिली आईडी बनवाने के कार्य की निरंतर समीक्षा करते रहे। कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को गुणवत्तापूर्ण ढंग एवं चरणबद्ध तरीके से ससमय पूरा कराए। समीक्षा के दौरान उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम इकाई कानपुर के प्रतिनिधि द्वारा दपसौरा स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्यों की सही जानकारी न देने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम इकाई कानपुर के अधिशाषी अभियंता अद्यतन रिपोर्ट से अवगत कराए साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करें यदि स्टीमेट के अनुसार कार्य नहीं पाया जाता तो संबंधित कार्यदाई संस्था के खिलाफनियमानुसार कार्यवाही की जाय। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट आलकर के तहत माध्यमिक/इंटर कालेजों में निर्माण कार्य चल रहा है,का संबंधित उप जिलाधिकारी समय - समय पर निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, मुख्य चिकित्साधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, अधिशाषी अभियंता आरईएस, जिला समाज कल्याण अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, सहायक अभियंता लघु सिंचाई, जिला कार्यक्रम अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# पीस कमेटी की बैठक- त्योहारों के दृष्टिगत आवश्यकनुसार सुचारु ट्रैपिक व पार्किंग की व्यवस्था

फतेहपुर। आगामी त्योहारों धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा भैयादूज पर्वों के दृष्टिगत रखते हुए पीस कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह व पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने दीपावली का त्योहारों हर्ष व उल्लास एवं रोशनी का त्योहारों है मिलजुल कर एक दूसरे को खुशियां बटाते हुए सौहार्दपूर्ण में मनाये। उन्होंने अधिशाषी अभियंता विद्युत से कहा कि त्योहारों में निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति कराए, के लिए कंट्रोल रूम स्थापित करते हुए आने वाली समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाए। उन्होंने नगर पालिका/नगर पंचायतो के अधिशाषी अधिकारियों से कहा कि मेला व सार्वजनिक स्थानों में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाओ की तैयारी कर ले साथ ही निगरानी बनाए रखें। कहा कि आवश्यक सुविधाओं से संबंधित विभाग अपनी सभी तैयारियां जल्द से जल्द पूर्ण कर ले ताकि त्योहारों में कोई समस्या न होने पाए। उन्होंने कहा कि त्यौहारों के दृष्टिगत आवश्यकनुसार सुचारु ट्रैफिक की व्यवस्था की जाए और साथ ही बाजारों/मेलो में पार्किंग की व्यवस्था की जाए जिससे कि आम नागरिकों को कोई समस्या न हो। आगामी त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु किसी भी सम्भावित समस्या/सुविधाओं/सुझावों समिति के सदस्यों एवं सम्भ्रान्त नागरिकों से प्राप्त हुए है, विभागीय अधिकारियो को नियमानुसार कार्यवाही कर समाधान करने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह ने आगामी त्योहारों की बधाई देते हुए कहा कि सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत त्यौहारों में चाक-चौबंद पुलिस व्यवस्था का आश्वासन देते हुए कहा की त्यौहारो को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद रहेगी।

उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि थाने वाईज पूर्व में छिनेती, लूट के अपराधियों जो जमानत में बाहर है या छूट गए हैं, का घर जाकर उनका सत्यापन करे और शक्त हिदायत दे उनके द्वारा पुनः अपराध किया जाता है तो नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि मेले/भीड़भाड़ वाले इलाकों में सादी वर्दी में पुलिस तैनात किए जाएं। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी सदर, खागा, बिन्दकी, अपर उप जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, आदर्श व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रदीप गर्ग, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष, अधिशाषी अभियंता विद्युत, एआरटीओ, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद बीरेंद्र पाण्डेय, जिलाध्यक्ष व्यापार मंडल शिवचन्द्र शुक्ला, आदि उपस्थित रहे।



# कार्यालय जिलाधिकारी, हमीरपुर

(खनन अनुभाग)

संख्या– 1121 /खनिज–एम0एम0सी–तीस विज्ञप्ति मौरम (2025–26) दिनांक–16.10.2025

**विज्ञप्ति**

**ई–निविदा सह ई–नीलामी आमन्त्रण हेतु सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद हमीरपुर में नदी तल में उपलब्ध बालू/मौरम के रिक्त क्षेत्रों को उ0प्र0 उपखनिज (परिहार) नियमावली–2021 के नियम–23(1) के अन्तर्गत ई–निविदा सह ई–नीलामी प्रणाली के माध्यम से उक्त नियमावली घोषित करते हुये इच्छुक व्यक्तियों/संस्थाओं को निम्नवते शर्तों व काययोजनों/अवधि में ई–निविदा सह ई–नीलामी हेतु आमंत्रित किया जाता है :–

**1. क्षेत्र का विवरण :–**

| क्र0 सं0 | DSR एरिया कोड | उपखनिज का नाम | नदी का नाम | क्षेत्र विवरण: तहसील | क्षेत्र विवरण: ग्राम | क्षेत्र विवरण: खण्ड सं0/गाटा सं0 | क्षेत्र विवरण: क्षेत्रफल (हे0 में) | जियोकॉर्डिनेट बिन्दु–A बिन्दु–B बिन्दु–C बिन्दु–D: अक्षान्तर | जियोकॉर्डिनेट: देशान्तर | उ0प्र0 उपखनिज (परिहार) नियमावली 1963 के अनुसूची –1 के अनुसार रायल्टी दर (रु0 प्रति घनमी0) | खनन योग्य आंकलित उपखनिज का भण्डार (घनमी0 प्रथम वर्ष) | प्रथम वर्ष में आंकलित भण्डार की कुल रायल्टी रुपयों में। (कालम 11 में अंकित घनमी0 प्रथम वर्ष को कालम–10 में अंकित रायल्टी की दर से गुणा करने पर उपलब्ध सकल धनराशि) | अर्नेस्ट मनी (कालम 12 में अंकित सकल धनराशि का 25 प्रतिशत) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | 15365 90201 | मौरम | यमुना | हमीरपुर | चन्दूपुर दरिया | 61/1 व 62क | 24.240 | A- N-25°58'39.68"<br>B- N-25°58'44.85"<br>C- N-25°58'55.02"<br>D- N-25°59'4.55"<br>E- N-25°59'9.54"<br>F- N-25°59'6.61"<br>G-N-25°58'58.96"<br>H-N-25°59'1.45"<br>I- N-25°58'53.54"<br>J- N-25°58'52.06"<br>K- N-25°58'44.23" | E 80°07'31.85"<br>E 80°07'36.60"<br>E 80°07'24.51"<br>E 80°07'8.80"<br>E 80°06'54.47"<br>E 80°06'51.80"<br>E 80°07'4.23"<br>E 80°07'6.91"<br>E 80°07'17.50"<br>E 80°07'16.03"<br>E 80°07'26.66" | 150 | 3,87,840 | 5,81,76,000 | 1,45,44,000 |
| 2 | 15365 20201 | मौरम | यमुना | हमीरपुर | भटपुरा दरिया | 73/16 | 27.50 | A- N-26°01'26.03"<br>B- N-26°01'48.66"<br>C- N-26°01'57.69"<br>D- N-26°01'57.27"<br>E- N-26°02'08.33"<br>F- N-26°02'07.64"<br>G- N-26°01'44.53"<br>H- N-26°01'21.47" | E 80°05'58.43"<br>E 80°06'11.64"<br>E 80°06'16.92"<br>E 80°06'19.87"<br>E 80°06'22.85"<br>E 80°06'26.42"<br>E 80°06'17.98"<br>E 80°06'05.69" | 150 | 4,40,000 | 6,60,00,000 | 1,65,00,000 |
| 3 | 15367 20201 | मौरम | यमुना | हमीरपुर | मीरापुर | 42/1 | 33.00 | A- N-25°56'48.95"<br>B- N-25°56'48.91"<br>C- N-25°56'39.85"<br>D- N-25°56'18.07"<br>E- N-25°56'18.91"<br>F- N-25°56'29.73"<br>G- N-25°56'43.81" | E 80°11'5.69"<br>E 80°11'24.82"<br>E 80°11'35.22"<br>E 80°11'43.01"<br>E 80°11'35.95"<br>E 80°11'29.18"<br>E 80°11'14.71" | 150 | 5,28,000 | 7,92,00,000 | 1,98,00,000 |
| 4 | 21852 40201 | मौरम | यमुना | हमीरपुर | मनकी खुर्द थोक दरिया | 11 व 52/3 | 8.00 | A- N-26°08'46.07"<br>B- N-26°08'45.56"<br>C- N-26°08'45.47"<br>D- N-26°08'44.74"<br>E- N-26°08'42.55"<br>F- N-26°08'36.24"<br>G- N-26°08'36.17"<br>H- N-26°08'28.16"<br>I- N-26°08'27.97"<br>J- N-26°08'24.66"<br>K- N-26°08'24.63"<br>L- N-26°08'43.21"<br>M- N-26°08'49.78" | E 79°57'42.04"<br>E 79°57'42.30"<br>E 79°57'43.93"<br>E 79°57'44.12"<br>E 79°57'48.69"<br>E 79°57'49.18"<br>E 79°57'46.91"<br>E 79°57'48.60"<br>E 79°57'51.35"<br>E 79°57'50.81"<br>E 79°57'53.10"<br>E 79°57'50.96"<br>E 79°57'48.89" | 150 | 1,28,000 | 1,92,00,000 | 48,00,000 |
| 5 | 15362 90201 | मौरम | यमुना | हमीरपुर | मिश्रीपुर | 472 | 7.00 | A- N-26°04'50.04"<br>B- N-26°04'42.15"<br>C- N-26°04'33.91"<br>D- N-26°04'29.50"<br>E- N-26°04'31.32"<br>F- N-26°04'34.72"<br>G- N-26°04'41.60"<br>H- N-26°04'50.02" | E 79°57'14.48"<br>E 79°57'15.28"<br>E 79°57'21.31"<br>E 79°57'25.41"<br>E 79°57'29.12"<br>E 79°57'24.09"<br>E 79°57'20.60"<br>E 79°57'17.41" | 150 | 1,12,000 | 1,68,00,000 | 42,00,000 |
| 6 | 15364 40201 | मौरम | यमुना | हमीरपुर | भौली दरिया | 263/40 व 264/1 | 14.00 | A- N-26°02'20.51"<br>B- N-26°02'31.71"<br>C- N-26°02'30.61"<br>D- N-26°02'42.26"<br>E- N-26°02'55.74"<br>F- N-26°02'54.87"<br>G- N-26°02'36.54"<br>H- N-26°02'18.65" | E 80°06'23.64"<br>E 80°06'27.24"<br>E 80°06'31.6"<br>E 80°06'32.78"<br>E 80°06'35.22"<br>E 80°06'38.45"<br>E 80°06'35.51"<br>E 80°06'29.69" | 150 | 2,24,000 | 3,36,00,000 | 84,00,000 |
| 7 | 21852 70201 | मौरम | यमुना | हमीरपुर | मनकी कला थोक दरिया | 1/5 खण्ड सं0-2 | 20.00 | A- N-26°09'24.36"<br>B- N-26°09'27.45"<br>C- N-26°09'31.34"<br>D- N-26°09'31.75"<br>E- N-26°09'23.27"<br>F- N-26°09'21.94"<br>G- N-26°09'19.19" | E 79°57'21.43"<br>E 79°57'13.85"<br>E 79°56'54.58"<br>E 79°56'46.78"<br>E 79°56'50.31"<br>E 79°57'4.68"<br>E 79°57'16.55" | 150 | 3,20,000 | 4,80,00,000 | 1,20,00,000 |
| 8 | 21852 70202 | मौरम | यमुना | हमीरपुर | मनकी कला थोक दरिया | 1/5 खण्ड सं0-1 | 24.00 | A- N-26°09'7.98"<br>B- N-26°09'26.84"<br>C- N-26°09'31.41"<br>D- N-26°09'31.75"<br>E- N-26°09'23.27"<br>F- N-26°09'21.8"<br>G- N-26°09'17.97" | E 79°56'21.18"<br>E 79°56'25.37"<br>E 79°56'39.86"<br>E 79°56'46.78"<br>E 79°56'50.31"<br>E 79°56'39.67"<br>E 79°56'31.59" | 150 | 3,84,000 | 5,76,00,000 | 1,44,00,000 |
| 9 | 15365 40201 | मौरम | यमुना | हमीरपुर | सिकरोढी दरिया | 247, 255/1, 254 | 15.80 | A- N-26°01'23.16"<br>B- N-26°01'12.22"<br>C- N-26°00'53.52"<br>D- N-26°00'54.93"<br>E- N-26°01'03.06"<br>F- N-26°01'09.62" | E 80°05'54.44"<br>E 80°05'54.41"<br>E 80°05'30.83"<br>E 80°05'26.60"<br>E 80°05'37.13"<br>E 80°05'41.69" | 150 | 2,52,800 | 3,79,20,000 | 94,80,000 |
| 10 | 15362 70201 | मौरम | यमुना | हमीरपुर | उमराहट | 90/3 खण्ड सं0-1 | 30.00 | A- N-26°07'51.70"<br>B- N-26°07'51.19"<br>C- N-26°07'20.24"<br>D- N-26°07'9.72"<br>E- N-26°07'10.76"<br>F- N-26°07'21.50" | E 79°57'47.64"<br>E 79°57'56.49"<br>E 79°57'53.52"<br>E 79°57'52.54"<br>E 79°57'42.11"<br>E 79°57'46.47" | 150 | 4,80,000 | 7,20,00,000 | 1,80,00,000 |
| 11 | 15362 70202 | मौरम | यमुना | हमीरपुर | उमराहट | 90/3 खण्ड सं0-2 | 24.00 | A- N-26°06'38.09"<br>B- N-26°06'36.42"<br>C- N-26°06'56.04"<br>D- N-26°07'09.72"<br>E- N-26°07'10.76"<br>F- N-26°06'57.46"<br>G- N-26°06'57.33" | E 79°57'36.16"<br>E 79°57'43.07"<br>E 79°57'48.18"<br>E 79°57'52.54"<br>E 79°57'42.11"<br>E 79°57'38.94"<br>E 79°57'41.38" | 150 | 4,00,000 | 6,00,00,000 | 1,50,00,000 |

2. उपरोक्त क्षेत्रों को ई–निविदा सह ई–नीलामी के माध्यम से 05 वर्ष की अवधि हेतु ई–निविदा आमन्त्रित की जाती है।

3. निविदा सह ई–नीलामी से सम्बन्धित सम्पूर्ण प्रक्रिया एवं शर्तो की जानकारी एम0एस0टी0सी0 के ई–ऑक्सन पोर्टल www.mstcecommerce.com पर अपलोड कर दिया गया है, जिसे सभी सम्बन्धित (इच्छुक निविदादाता/बोलीदाता) द्वारा देखा जा सकता है। उक्त से सम्बन्धित सम्पूर्ण प्रक्रिया एवं शर्तो की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में क्वैरी कार्यालय हमीरपुर के यहां से प्राप्त की जा सकती है।

4. प्रकाषित विज्ञप्ति में यदि किसी प्रकार का कोई संषोधन किया जाता है तो, संशोधन की सूचना www.mstcecommerce.com पर प्रदर्षित की जायेगी। विज्ञप्ति में संषोधन की सूचना अलग से आवेदक को नही दी जायेगी।

5. ई–निविदा सह ई–नीलामी की कार्यवाही निम्नवत की जायेगी :–

| | |
|---|---|
| प्री–बिड ईएम0डी0 एवं आवेदन शुल्क जमा करने की तिथि | ई–निविदा से पूर्व एम0एस0टी0सी0 में अपेक्षित प्री बिड ईएमडी एवं आवेदन शुल्क एम0एस0टी0सी0 वेबसाइट पर वर्णित दिशा निर्देशों के अनुसार जमा करने की जिम्मेदारी बोलीदाता की है एवं बोलीदाता से सुनिश्चित कर लें। |
| प्रेस विज्ञप्ति का दिनांक | 18.10.2025 |
| प्रथम चरण में ई–निविदा (ई–टेण्डर) की अवधि | 18.11.2025 (पूर्वाह्न 10.00 बजे) से 21.11.2025 (सायं 05.00 बजे) तक |
| प्रथम चरण में प्राप्त ई–निविदा (बिड) का खोला जाना एवं उसका मूल्याकंन | 25.11.2025 पूर्वाहन 10.00 बजे से क्रमांक 01 व 02 पर विज्ञापित क्षेत्र<br>अपराह्न 01.00 बजे से क्रमांक 03 व 04 पर विज्ञापित क्षेत्र<br>26.11.2025 पूर्वाहन 10.00 बजे से क्रमांक 05 व 06 पर विज्ञापित क्षेत्र<br>अपराह्न 01.00 बजे से क्रमांक 07 व 08 पर विज्ञापित क्षेत्र<br>27.11.2025 पूर्वाहन 10.00 बजे से क्रमांक 09 व 10 पर विज्ञापित क्षेत्र<br>अपराह्न 01.00 बजे से क्रमांक 11 पर विज्ञापित क्षेत्र |
| द्वितीय चरण की ई–नीलामी की अवधि:– | 25.11.2025 अपराह्न 12.00 बजे से 02 बजे तक क्रमांक–01 व 02 पर विज्ञापित क्षेत्र।<br>अपराह्न 03.00 बजे से 05 बजे तक क्रमांक–03 व 04 पर विज्ञापित क्षेत्र।<br>26.11.2025 अपराह्न 12.00 बजे से 02 बजे तक क्रमांक–05 व 06 पर विज्ञापित क्षेत्र।<br>अपराह्न 03.00 बजे से 05 बजे तक क्रमांक–07 व 08 पर विज्ञापित क्षेत्र।<br>27.11.2025 अपराह्न 12.00 बजे से 02 बजे तक क्रमांक–09 व 10 पर विज्ञापित क्षेत्र।<br>अपराह्न 03.00 बजे से 05 बजे तक क्रमांक–11 पर विज्ञापित क्षेत्र। |

(घनश्याम मीना)
जिलाधिकारी,
हमीरपुर

उ0प्र0 239072 दिनांक- 16.10.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## सटीक चेतावनी

भारत के प्रति पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठानों की कुटिल मानसिकता अब छिपी बात नहीं है। स्वतंत्रता मिलने के बाद के कई वर्षों तक वहां के शासक कोई न कोई बहाना निकाल कर टकराव की स्थिति बनाते जिसमें अमेरिका और कुछ अरब देश उनकी भरपूर मदद करते थे। लेकिन करीब पांच दशक पहले आतंकवादियों की 'नर्सरी' खोलने के बाद बहानों की आड़ देना भी उसने बंद कर दिया। कश्मीर को मुद्दा बनाकर घाटी और फिर पूरे भारत में दहशत फैलाना उसका खुला मकसद बन गया। बार-बार मुंह की खाने के बावजूद उसने पहलगाम नरसंहार को अंजाम दिया तो भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चला कर उसकी ताकत को एक बार फिर ध्वस्त किया। लेकिन ऐसा नहीं लगता कि इससे भी उसने कोई सबक लिया हो। पाक पीएम, आर्मी चीफ और रक्षा मंत्री ने भारत को गीदड़ भभकियों का सिलसिला अभी भी जारी रखा हुआ है। शायद उसे अमेरिका, सऊदी अरब और आईएमएफ से मिलने वाली भीख पर ज्यादा ही भरोसा है। भारत इसे समझता है और उसी हिसाब से तैयारियां भी पूरी कर रखी हैं। भारतीय सेना का कहना है कि पाकिस्तान के पास भारत से लड़ने की क्षमता नहीं है लेकिन वह फिर से पहलगाम जैसे हमले की कोशिश कर सकता है और इसके जवाब में ऑपरेशन सिंदूर का दूसरा चरण और भी घातक होगा। इस बार की कार्रवाई पहले से भी जोरदार होगी। सेना का मानना है कि उसमें हमसे युद्ध करने की क्षमता नहीं है बल्कि वह 'भारत को हजार जख्मों से लहूलुहान करने' के इरादे के तहत ऐसा करता है। सेना का यह आकलन सही भी है। कहा जाता है कि सांप को कभी घायल करके नहीं छोड़ना चाहिए बल्कि उसे पूरी खत्म कर देना जरूरी होता है। वरना वह फिर हमला जरूर करता है। पाकिस्तान भी ऐसा ही सांप है। ऑपरेशन सिंदूर में उसे बुरी तरह पस्त तो कर दिया गया था लेकिन जब तक उसका सिर पूरी तरह कुचल नहीं दिया जाएगा, तब तक वह जहर बुझी हरकतें करता रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इसी और कई बार संकेत भी कर चुके हैं। इंतजार केवल मौके का है जो अपनी आदत से मजबूर पाकिस्तान खुद ही भारत को देगा। अगर बार-बार की समस्या एक बार में ही खत्म हो जाए तो भला इससे अच्छा और क्या होगा।

## स्वदेशी की धूम

पर्वों के अवसर पर खरीदारी में उत्साह हमेशा से रहता आया है। इस बार भी ऐसा ही है। लोग अपनी-अपनी सामर्थ्य के अनुसार पूजा के लिए धीरे, दीप स्टैंड, खुद को और अपने घर को सजाने संवारने के सामान, कपड़े आभूषण आदि खूब शौक से खरीद रहे हैं। इस खरीदारी में अभी तक ध्यान विदेशी और ब्रांडेड कंपनियों के उत्पादों पर ज्यादा फोकस रहता था। माना यह जाता था कि स्थानीय स्तर पर बनी चीजों में इन जैसी क्वालिटी नहीं होती। कुछ लोगों के लिए महंगा दाम ही भरोसे की सबसे बड़ी कसौटी होता था। लेकिन इस नजरिए में पिछले कुछ सालों से धीरे-धीरे आ रहा बदलाव इस बार बाजार पर पूरी तरह छा गया है। यह हमारे देशी और परंपरागत हस्त कौशल को आगे बढ़ाने की दिशा में अहम बदलाव है। आधुनिकता की चकाचौंध में लोग भले ही इनसे दूर हो गए थे लेकिन फिर इनको हाथों-हाथ लेकर परंपरागत हुनर को पुनर्जीवित तो कर ही रहे हैं, इससे तमाम परिवारों में खुशहाली का उजाला भी फैला रहे हैं। जब इन्हें मौका मिलेगा तभी तो ये आगे आकर अपनी कला को और तराशेंगे तथा उसे नए जमाने के मुताबिक ढालेंगे। इससे अपने देश में मौजूद हुनर, कारीगरी और कुटीर-लघु उद्योग प्रतिस्पर्धा में आकर स्वदेशी एवं आत्मनिर्भरता की अवधारणा को और मजबूती के साथ विकसित करेंगे। लोकल बार लोकल के आह्वान के पीछे यही उद्देश्य है। अभी इसे बड़ी संख्या में स्टार्ट एप्स साकार कर रहे हैं। अब शहरों-कस्बों और गांवो तक में इनकी धूम मच रही है। इस कौशल में महिलाओं की भूमिका ज्यादा अहम है जो व्यक्तिगत स्तर से लेकर स्वयं सहायता समूहों तक में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। स्वदेशी के इस नए दौर में इन कामों से जुड़े परिवारों में तो समृद्धि और संपन्नता बढ़ेगी ही, देश की अर्थव्यवस्था को और आगे ले जाने में भी इसका बहुत बड़ा योगदान होगा। इस बार के पर्व की यही सबसे बड़ी विशेषता है। अच्छा यह होगा कि इस नए ट्रेंड को आगे के लिए भी बरकरार रखा जाए।



## काँव-काँव



♦♦♦

**यूपी में बेटियों को छेड़ा तो मिलेंगे यमराज-योगी**

प्रिया राठौर कांड की जांच वैसे अभी लंबित है!

**चुनावों में धनबल के इस्तेमाल पर आयोग सख्त**

व्यापारी चाहें तो बनी हुई सरकारों को खरीद लें!

**दोगुना हुआ पूर्व सैनिकों और आश्रितों का फंड**

अग्निवीरों के आश्रितों की ऐसी किस्मत कहां?

**जज भी हाड़मांस के बने सामान्य इंसान-हाईकोर्ट**

ये बात तो पब्लिक अब समझने ही लगी है!

**दवाओं, सौंदर्य प्रसाधनों पर सख्त कानून आयेगा**

लोग इतने ईमानदार नेताओं को गलत कहते हैं!

**दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखों को इजाजत**

वायु प्रदूषण नहीं होगा,कान के पर्दे फट जायेंगे!

♦♦♦

# दुश्मनी से दोस्ती तक : भारत-तालिबान रिश्तों का नया अध्याय

जब भू-राजनीति के जटिल ताने-बाने में पुराने ज़ख्म सहजता से भरने लगें और दुश्मनी की कड़वाहट मधुर सहयोग में ढल जाए, तो विश्व मंच का चक्र कितना विस्मयकारी हो उठता है। भारत और तालिबान के उभरते रिश्ते इस चमत्कार की जीवंत मिसाल हैं,



– डॉ. आर.के. जैन 'अरिजीत'

जहां वैचारिक खाइयों को व्यावहारिक हितों की मज़बूत डोर ने पाट दिया है। सोचिए, दो दशक पूर्व पाकिस्तान के छद्म हथियार के रूप में कुख्यात तालिबान आज भारत के रणनीतिक साझेदार की दहलीज पर खड़ा है, अफगानिस्तान की धरती से उठकर क्षेत्रीय समीकरणों को नया रंग दे रहा है। तालिबान विदेश मंत्री का हालिया भारत दौरा–जहां गर्मजोशी भरे स्वागत के बीच दूतावास स्तर की बहाली की घोषणा हुई–न केवल तल्ख इतिहास के अंतिम पन्ने को पलटता है, बल्कि भारत की कूटनीतिक प्रौढ़ता का सशक्त प्रमाण भी है। यह एक ऐसी नीति है, जो सत्ता की कठोर सच्चाइयों को अपनाकर राष्ट्रीय हितों की रक्षा करती है, अतीत की जंजीरों से मुक्त, भविष्य की ओर दृढ़ कदम बढ़ाती हुई। इस परिवर्तन की जड़ें गहरी और बहुआयामी हैं, जो भारत-अफगानिस्तान संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही हैं। सुरक्षा मोर्चे पर भारत की चिंताएं–कश्मीर-केंद्रित चरमपंथ, आईएसआईएस-के और अल-कायदा की साजिशें–अफगान मिट्टी से पनपने के खतरे से हमेशा सताई रहीं, लेकिन तालिबान के स्पष्ट आश्वासन, कि उनकी धरती कभी भारत-विरोधी हमलों का अड्डा नहीं बनेगी, ने विश्वास की मजबूत नींव रखी। अब खुफिया सूचनाओं का साझा आदान-प्रदान, संयुक्त निगरानी तंत्र और आईएस जैसे साझा दुश्मनों के खिलाफ सहयोग इस साझेदारी को अटल बना रहा है, क्योंकि तालिबान खुद इन चरमपंथियों से जंग लड़ रहा है। आर्थिक पटल पर यह गठबंधन चमकदार अवसरों से भरा है- अफगानिस्तान के रसीले अनार, किशमिश, पिस्ता और जड़ी-बूटियां भारत के विशाल बाजारों में प्रवेश कर रही हैं, जहां पाकिस्तान की वाघा-कराची सीमाओं की रुकावटें अब इतिहास का हिस्सा बनने वाली हैं। चाबहार बंदरगाह के जरिए मध्य एशियाई गलियारों से जुड़ाव, खनिज संसाधनों में भारतीय निवेश, और पुरानी परियोजनाओं का पुनरारंभ–सलमा बांध की जीवनदायिनी धाराओं से लेकर काबुल संसद भवन की भव्यता तक–अफगान अर्थव्यवस्था को नई सांस देगा। बदले में भारत को ऊर्जा सुरक्षा, व्यापारिक लाभ और क्षेत्रीय वर्चस्व मिलेगा। हवाई गलियारों की स्थापना और ईरानी बंदरगाहों का प्रभावी उपयोग इस आर्थिक पुल को और मजबूत करेगा, अफगान गरीबी को जड़ से मिटाने में सहायक सिद्ध होगा। तालिबान के लिए यह रिश्ता वैधता का अमृतकलश है–पाकिस्तानी आईएसआई की कठपुतली की छवि से मुक्ति, स्वतंत्र शक्ति के रूप में उभरना, और पश्चिमी प्रतिबंधों के बीच वैकल्पिक समर्थन की ताकत। मानवीय सहायता के तहत भोजन-दवाओं का वितरण, व्यापारियों-छात्रों-मरीजों के लिए आसान वीजा, कंप्यूटर प्रशिक्षण से प्रशासनिक कौशल हस्तांतरण तक–ये कदम तालिबान शासन को आंतरिक स्थिरता देंगे, अफगान नागरिकों की आकांक्षाओं को साकार करेंगे। इस प्रकार, यह साझेदारी न केवल द्विपक्षीय लाभ का स्रोत है, बल्कि क्षेत्रीय शांति और समृद्धि की कुंजी भी। पाकिस्तान इस भू-राजनीतिक नाटक का सबसे बड़ा हारी है, जहां उसका तालिबान प्रेम सीमा पर गोलाबारी, टीटीपी के खूनी हमलों और आपसी कटुता में तब्दील हो चुका है। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री का 'शत्रु देश' बयान दरार को और गहराता है, जबकि अफगान हवाई हमलों में नागरिक हत्याओं के आरोप तालिबान को भारत की ओर धकेल रहे हैं। काबुल पर दबदबा कायम करने का इस्लामाबाद का दशकों पुराना सपना अब भारत के बढ़ते प्रभाव से चूर-चूर है। भारत की अफगानिस्तान में सक्रियता न केवल पाकिस्तानी रणनीति को ध्वस्त करती है, बल्कि बलूच विद्रोह और टीटीपी समर्थन के आरोपों को हवा देती है, जिनका भारत लगातार खंडन करता रहा है। यह बदलाव क्षेत्रीय शक्ति-संतुलन को नया आयाम देता है–चीन की बेल्ट एंड रोड महत्त्वाकांक्षाएं, रूस की पारंपरिक पैठ, और ईरान की सीमाई चिंताएं–सब अफगानिस्तान को दांव पर लगाए हुए हैं। भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति यहां चमकती है, जो सतर्क लेकिन साहसी कदमों से प्रभाव क्षेत्र का विस्तार कर रही है, युद्ध की छाया से परे। तालिबान की स्वतंत्र विदेश नीति का ऐलान–पाकिस्तान की मांगों से मुक्त होना–भारत को आकर्षित करता है, जबकि



अफगान नागरिकों की शिकायतें पाकिस्तानी रुकावटों पर केंद्रित हैं, जो इस नई दोस्ती को स्वाभाविक बनाती हैं। फिर भी, यह साझेदारी सावधानी की मांग करती है, क्योंकि शांति का भ्रम घातक हो सकता है। भारत ने तालिबान को औपचारिक मान्यता देने से परहेज किया है, महिलाओं पर अमानवीय पाबंदियों, अल्पसंख्यकों की दशा, और मानवाधिकार उल्लंघनों पर गहरी चिंताएं बरकरार हैं। 2021 में दूतावास बंदी और वीजा रद्दीकरण को पूर्व अफगान नेताओं ने विश्वासघात करार दिया, जो आज भी हवा में तैरते जख्म हैं। सुरक्षा जोखिम साये की तरह लिपटे हैं–चरमपंथी समूहों की साजिशें, अल-कायदा के अवशेष, और आईएस की उभरती ताकत सतर्कता की घंटी बजाते हैं। दोनों पक्ष धीमे मगर ठोस कदम उठा रहे हैं- तकनीकी टीमों से राजनयिक मिशनों तक, वाणिज्य दूतावासों का हस्तांतरण, उच्च-स्तरीय वार्ताएं–ये सतर्क प्रगति के प्रतीक हैं। व्यावहारिकता यहाँ सिद्धांतों पर भारी पड़ रही है; जैसा कि कूटनीति की भाषा में कहा जाता है, सत्ता में जो है, उसके साथ जुड़ना अनिवार्य है, चाहे वह कितना ही विवादास्पद हो। यह 'दुश्मन से मित्र' की गाथा भारत की दूरदर्शी कूटनीति का उत्सव है, जो अतीत की कटुता को भुलाकर भविष्य की संभावनाओं को गढ़ रही है। यदि यह गठजोड़ गहराता है, तो दक्षिण एशिया में शांति की लहर दौड़ेगी–व्यापारिक कारवां सड़कों पर लहराएंगे, विकास की धारा अफगान घाटियों को सींचेगी, और क्षेत्रीय स्थिरता नई ऊंचाइयों को छुएगी। पाकिस्तान को सबक मिलेगा कि छद्म युद्धों की होड़ में दोस्त खोना महंगा पड़ता है, जबकि भारत एक जिम्मेदार शक्ति के रूप में उभरेगा। लेकिन सफलता की कुंजी है सतत संवाद, पारस्परिक सम्मान, और सुधारों की प्रतिबद्धता–तालिबान को मानवाधिकारों की राह अपनानी होगी, और भारत को विश्वास का निर्माण जारी रखना होगा। यह नया दौर महज आहट नहीं, बल्कि एक क्रांति है, जहां पुराने शत्रु मिलकर समृद्धि का सपना बुन रहे हैं। भारत की यह कूटनीतिक विजय न केवल अफगानिस्तान को जोड़ेगी, बल्कि पूरे उपमहाद्वीप को नई दिशा देगी।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### प्रथम अध्याय

(गतांक से आगे)

तस्मादपरिहार्येऽर्थे न त्वं शोचितुमर्हसि ।। 27 ।।

ऐसा मान लेने पर भी जन्मनेवाले की निश्चित मृत्यु और मरनेवाले का निश्चित जन्म सिद्ध होता है। इसलिये भी तू बिना उपायवाले इस विषय में शोक करने लायक नहीं है। जिसका कोई इलाज नहीं, उसके लिये शोक करना एक अन्य दुःख को आमन्त्रित करना है।

अव्यक्तादीनि भूतानि व्यक्तमध्यानि भारत। अव्यक्तनिधनान्येव तत्र का परिदेवना।। 28 ।।

अर्जुन ! सम्पूर्ण प्राणी जन्म से पहले बिना शरीरवाले और मरने के बाद भी बिना शरीरवाले हैं। जन्म के पूर्व और मृत्यु के पश्चात् भी दिखायी नहीं पड़ते, केवल जन्म-मृत्यु के बीच में ही शरीर धारण किये हुए दिखायी देते हैं। अतः इस परिवर्तन के लिये व्यर्थ की चिन्ता क्यों करते हो? इस आत्मा को देखता कौन है? इस पर कहते हैं- आश्चर्यवत्पश्यति कश्चिदेन-माश्चर्यवद्वदति तथैव चान्यः। आश्चर्यवच्चैनमन्यः शृणोति श्रुत्वाप्येनं वेद न चैव कश्चित।। 29।।पहले श्रीकृष्ण ने कहा था कि इस आत्मा को तत्त्वदर्शियों ने देखा है, अब तत्त्वदर्शन की दुर्लभता पर प्रकाश डालते हैं कि कोई विरला महापुरुष ही इस आत्मा को आश्चर्य की तरह देखता है। सुनता नहीं, प्रत्यक्ष देखता है और वैसे ही दूसरा कोई महापुरुष ही आश्चर्य की तरह इसके तत्त्व को कहता है। जिसने देखा है, वही यथार्थ कह सकता है। दूसरा कोई विरला साधक इसे आश्चर्य की भाँति सुनता है। सब सुनते भी नहीं; क्योंकि यह अधिकारी के लिये ही है। हे अर्जुन ! कोई-कोई तो सुनकर भी इस आत्मा को नहीं जान पाते; क्योंकि साधन पार नहीं लगता। आप लाख ज्ञान की बातें सुनें, समझें- बाल की खाल निकालकर समझें, लालायित भी रहें; किन्तु मोह बड़ा प्रबल है, थोड़ी देर बाद ही आप अपनी सांसारिक व्यवस्थाओं में लिप्त मिलेंगे। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**आत्मवर्गं परित्यज्य परवर्ग समाश्रितः।**
**स्वयमेव लयं याति यथा राजात्यधर्मतः।।**

जिस प्रकार कोई राजा अपने अधर्माचरण के कारण नष्ट हो जाता है, उसी प्रकार अपनों को छोड़कर दूसरों को अपनाने वाला व्यक्ति भी अपने आप नष्ट हो जाता है।

♦♦♦

# गरीबी-कमी की यात्रा : प्रगति और परिप्रेक्ष्य

हर साल 17 अक्टूबर को विश्व गरीबी उन्मूलन दिवस मनाया जाता है। यह केवल गरीबी के अस्तित्व की जानकारी देने का दिन नहीं है, बल्कि समाज और नीतिनिर्माताओं को वास्तविक और ठोस कदम उठाने के



– डॉ. शिवम भारद्वाज

लिए प्रेरित करता है। यह दिन गरीबों के संघर्ष और उनकी रोज़मर्रा की कठिनाइयों को मान्यता देता है और याद दिलाता है कि गरीबी केवल आंकड़ों में नहीं, बल्कि लाखों परिवारों के जीवन के असली अनुभवों में मौजूद है। इसी संदर्भ में, भारत की गरीबी-कमी की यात्रा पिछले दशक में मिली उपलब्धियों और वास्तविक जीवन की चुनौतियों के माध्यम से समझी जा सकती है।

आँकड़ों के नजरिए से देखें तो भारत ने पिछले दशक में गरीबी-कमी के मोर्चे पर असाधारण प्रगति दर्ज की है। नीति आयोग के बहुआयामी गरीबी सूचकांक (MPI) के आंकड़े बताते हैं कि 2013-14 में 29.17 प्रतिशत बहुआयामी गरीबी घटकर 2022-23 में 11.28 प्रतिशत रह गई। इसका मतलब है कि लगभग 25 करोड़ लोग शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन-स्तर में सुधार के साथ गरीबी की सीमा से बाहर आए। विश्व बैंक की Spring 2025 Poverty & Equity Brief के अनुसार, 2011-12 में 16.2 प्रतिशत लोग 2.15 डॉलर प्रतिदिन (अत्यंत गरीबी रेखा) से नीचे जीवनयापन कर रहे थे, जो 2022-23 तक घटकर 2.3 प्रतिशत रह गया। ग्रामीण क्षेत्रों में यह 18.4 से 2.8 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 10.7 से 1.1 प्रतिशत हो गया। 3.65 डॉलर प्रतिदिन (निचले-मध्यम आय स्तर) पर गरीबी दर भी 61.8 प्रतिशत से घटकर 28.1 प्रतिशत हो गई, यानी 3.78 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए। ग्रामीण-शहरी अंतर भी 25 से 15 प्रतिशत तक घट गया।

यह औसत प्रगति दिशा दिखाती है, लेकिन इन औसत आंकड़ों के पीछे वास्तविक जीवन की जटिलताएँ और संघर्ष, क्षेत्रीय असमानताएँ और सामाजिक समूहों के बीच अंतर अब भी स्पष्ट हैं। उदाहरणार्थ एक छोटे शहरी परिवार, जिसमें माता-पिता और दो बच्चे हैं, की मासिक आय लगभग 15-18 हजार रुपये है। किराना, बिजली, परिवहन, बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च आसानी से 12-14 हजार रुपये हो जाता है। औसत आंकड़ों के अनुसार यह परिवार गरीबी रेखा से ऊपर है, लेकिन वास्तविक जीवन में आय का अधिकांश हिस्सा बुनियादी जरूरतों में ही चला जाता है। ग्रामीण प्रवासी मजदूर परिवार के लिए स्थिति और कठिन है। चार-पाँच सदस्यीय परिवार की आय मौसमी कृषि या निर्माण कार्य पर निर्भर रहती है, जिसके लिए 2ङ्क3 डॉलर प्रतिदिन का हिसाब भोजन-दवा-स्कूल आदि जैसे बुनियादी खर्चों के साथ वास्तविक मासिक खर्च से ऊपर पहुँच जाता है। यह दर्शाता है कि औसत आंकड़े केवल दिशा दिखाते हैं; वास्तविक जीवन में संघर्ष और असुरक्षा अब भी जारी हैं।

महामारी और बढ़ती महंगाई ने असमानताएँ और स्पष्ट कर दीं। 2020 में वैश्विक स्तर पर लगभग 70 मिलियन लोग फिर से अत्यंत गरीबी में चले गए। हालाँकि भारत में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और डिजिटल डीबीटी आधारित लक्षित हस्तांतरण ने इस झटके का प्रभाव सीमित किया। यह दिखाता है कि आर्थिक आंकड़े तभी सचमुच असरदार होते हैं जब वे वास्तविक जीवन की जरूरतों और खर्चों से मेल खाते हों।

रोज़गार के मोर्चे पर बात करें तो 2021-22 के बाद रोजगार की वृद्धि कामकाजी उम्र की आबादी से अधिक रही। शहरी बेरोज़गारी 6.6 प्रतिशत तक घट गई, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में महिला रोजगार में वृद्धि हुई। स्वरोज़गार खासकर ग्रामीण क्षेत्रों और महिलाओं में बढ़ा, जिससे आर्थिक भागीदारी बढ़ी। फिर भी अनौपचारिक रोजगार में एक बड़ी तादाद में श्रमिकों के जुड़े होने से आय अस्थिर रहती है और सामाजिक सुरक्षा सीमित रहती है।तकनीकी रूप से रोजगार में शामिल लोग भी महँगाई और असुरक्षित आय के चलते जीवन स्तर में जोखिम झेलते हैं।

कुछ क्षेत्रीय आंकड़ों का हवाला लें तो उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश जैसे पाँच सबसे जनसंख्या वाले राज्य 2011-12 में देश की अत्यंत गरीब आबादी का 65 प्रतिशत हिस्सा थे। 2022-23 तक इन राज्यों ने कुल अत्यंत गरीबी कमी में दो-तिहाई योगदान दिया। यह स्पष्ट करता है कि क्षेत्रीय प्रगति ही समग्र राष्ट्रीय प्रगति को आकार देती है।

आंकड़े बहुआयामी गरीबी और आय असमानता में सुधार को भी दर्शाते हैं। बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2005-06 में 53.8 प्रतिशत था, जो 2019-21 में 16.4 प्रतिशत और 2022-23 में 15.5 प्रतिशत तक घट गया। Gini Inde& 28.8 से 25.5 तक सुधरा, यानी आय असमानता में कमी आई। विकास दर के अनुमानों में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और एशियन



विकास बैंक 2025 में भारत की वृद्धि दर 6.4-6.6 प्रतिशत आंका है। यह दक्षिण एशिया में अग्रणी स्थिति दिखाती है, लेकिन तेज़ आर्थिक वृद्धि का लाभ असमान रहेगा यदि समावेशी रोजगार, कौशल विकास और मानव पूंजी निवेश पर्याप्त नहीं हैं। क्षेत्रीय विषमताएँ, प्रवासी श्रमिकों की संवेदनशीलता और अनौपचारिक रोजगार की व्यापकता यह सुनिश्चित करती हैं कि औसत वृद्धि के आँकड़े वास्तविक जीवन में हर परिवार तक समान प्रभाव नहीं डालते। इसलिए भारत की गरीबी-कमी की कहानी केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है। इसे वास्तविक जीवन के खर्च, महंगाई, सामाजिक हस्तांतरण और रोज़गार की असुरक्षा के संदर्भ में समझना आवश्यक है। यही व्यावहारिक पक्ष आंकड़ों के पीछे की कठिनाई को स्पष्ट करता है। 2030 तक सतत विकास लक्ष्य-1 तक पहुँचने के लिए नीति निर्माण को सामाजिक सुरक्षा, समावेशी रोजगार-सृजन, कौशल और मानव पूंजी निवेश और क्षेत्रीय असमानताओं के समाधान के साथ संरेखित होना चाहिए। तभी भारत की प्रगति टिकाऊ, व्यावहारिक और वास्तविक रूप से हर परिवार पर असर डालने वाली साबित होगी।

## प्रेरक प्रसंग — खुशियों की खोज

रवि एक छोटे से शहर में रहने वाला युवक था, जिसके पास सिर्फ एक सपना था खुद को खुश देखना। उसने कभी नहीं सोचा था कि यह सपना उसको एक अद्वितीय सफर पर ले जाएगा।

एक दिन, वह अपने दोस्तों के साथ शहर की लाइब्रेरी घूमने गया। लाइब्रेरी में उसका काफी मन लगा, और वह वहीं ठहर गया। वहां उसे एक पुरानी पुस्तक मिली जिसमें अत्यंत खुशी की खोज के बारे में लिखा था।

रवि ने उस पुस्तक को खोला और पढ़ा, और फिर उसने तय किया कि वह खुशी की खोज करेगा। उसके दोस्त विचलित रहे, लेकिन उसकी उम्मीद और संवाद के जादू ने उन्हें भी अपने साथ ले लिया।

वे तीनों एक अनोखी यात्रा पर निकल पड़े, खुशी की खोज में। उन्होंने अलग-अलग लोगों से बात की, विभिन्न स्थलों का अन्वेषण किया, और नई चुनौतियों का सामना किया। इस सफर में, उन्होंने जीवन के असली मतलब को समझा और खुशी को अपने अंदर पाया।

कुछ सालों बाद, वे तीनों वापस अपने गाँव लौटे, लेकिन तब सब बदल गया था। अब वे खुद को खुश और संतुष्ट महसूस करते थे और उनकी खुशियां उनके चारों ओर के लोगों को प्रेरित कर रही थीं।

इस प्रेरक प्रसंग से हमें यह सीखने को मिलता है कि खुशी की खोज हमारे अंदर होती है, और हमें किसी खास स्थान पर जाने की आवश्यकता नहीं होती। हमें सिर्फ अपनी आंतरिक यात्रा पर निकलना होता है, और हम अपने जीवन को सजाने के लिए अपने अंदर के संसाधनों का सही तरीके से उपयोग कर सकते हैं।

## आपका पत्र मिला

### न्यायिक संस्थाओं में व्यापक सुधार किए जाने की जरूरत


देश के विभिन्न न्यायाधिकरणों में लंबित मामलों की संख्या और उनसे जुड़ी आर्थिक क्षति के आंकड़े बेहद चौंकाने वाले हैं। हालिया रिपोर्ट के अनुसार इन न्यायाधिकरणों में 3.56 लाख मामले अटके पड़े हैं, जिनमें लगभग 24.72 लाख करोड़ रुपये फंसे हुए हैं। यह राशि देश की जीडीपी का करीब 7.5 प्रतिशत है। यह स्थिति न केवल न्यायिक व्यवस्था की धीमी गति को उजागर करती है, बल्कि देश की आर्थिक प्रगति पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करती है। विडंबना यह है कि अदालतों में पहले से ही करोड़ों मामले लंबित हैं और अब न्यायाधिकरण, जिन्हें इस बोझ को कम करने के उद्देश्य से बनाया गया था, स्वयं विलंब और निष्क्रियता के शिकार बन चुके हैं। 'दक्ष' नामक थिंक टैंक की रिपोर्ट बताती है कि ये संस्थान न तो न्यायिक प्रक्रिया को तेज कर पा रहे हैं, न ही निवेशकों में भरोसा पैदा कर पा रहे हैं। विदेशी निवेश पर इसका प्रतिकूल असर पड़ना स्वाभाविक है। न्यायाधिकरणों की सबसे बड़ी समस्या है प्रशिक्षित स्टाफ और विशेषज्ञ न्यायाधीशों की कमी। कई बार इनमें नियुक्त अधिकारी आवश्यक कानूनी या तकनीकी ज्ञान से लैस नहीं होते। साथ ही, जजों और वकीलों की लापरवाही और विलंबित कार्यप्रणाली भी स्थिति को और बिगाड़ती है। उदाहरण के लिए, नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल में किसी विवाद को 330 दिनों में सुलझाने का प्रावधान है, किंतु वास्तविकता यह है कि औसतन 752 दिन लग जाते हैं। दूसरी ओर, आम नागरिक को हर सुनवाई पर वकीलों की फीस, गवाहों के खर्च और यात्रा-भोजन जैसी भारी लागत झेलनी पड़ती है। इसके बावजूद न्याय की गाड़ी 'कछुआ चाल' से ही चलती है। कानून मंत्रालय पर हर साल करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं, पर उसकी कार्यक्षमता का लाभ जनता तक नहीं पहुंचता। अब समय आ गया है कि न्यायिक और अर्ध-न्यायिक संस्थाओं में व्यापक सुधार किए जाएं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीक को न्याय प्रक्रिया में शामिल करना अनिवार्य हो चुका है। इससे न केवल मामलों का शीघ्र निपटान संभव होगा, बल्कि पारदर्शिता और जवाबदेही भी बढ़ेगी। कार पर ही आएगी!

विभूति बुपक्या
वाया ई-मेल

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**

आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# दिल को स्वस्थ रखने के लिए डाइट में शामिल करें सुपरफ्रूटस



हमारा दिल हमारे शरीर का सबसे जरूरी हिस्सा है, जो ब्लड सर्कुलेशन और शरीर के सभी हिस्सों तक ऑक्सीजन और पोषक तत्वों को पहुंचाने का काम करता है। दिल को स्वस्थ रखना बहुत जरूरी है, ताकि हम लंबे समय तक खुशहाल जीवन जी सकें। इसके लिए हमें अपनी डाइट में कुछ खास फल शामिल करने चाहिए, जो दिल के लिए अच्छे होते हैं। ये फल हमें आवश्यक विटामिन्स, मिनरल्स, और एंटीऑक्सीडेंट प्रदान करते हैं, जो दिल की सेहत को बनाए रखते हैं। आइए जानते हैं ऐसे सुपरफ्रूट के बारे में, जो दिल को स्वस्थ रखने में मददगार साबित होते हैं।

**एवोकाडो**

एवोकाडो दिल के लिए बहुत फायदेमंद है क्योंकि इसमें मोनोअनसैचुरेटेड फैट्स होते हैं, जो खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करते हैं। इसके अलावा, इसमें पोटेशियम की अच्छी मात्रा होती है, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है। इसे सलाद या सैंडविच में शामिल किया जा सकता है।

**सेब**

सेब में फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कम करने और दिल की बीमारी के जोखिम को घटाने में मदद करते हैं। सेब में पाए जाने वाले फ्लावोनोइड्स दिल की सेहत के लिए अच्छे होते हैं और ब्लड सर्कुलेशन को सुधारते हैं।

**बेरी**

जैसे स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, और रास्पबेरी दिल के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। इनमें एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो हृदय रोग के जोखिम को कम करते हैं। ये फल ब्लड वेसल्स को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करते हैं।

**केला**

केला पोटेशियम का एक अच्छा स्रोत है, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है। इसमें फाइबर भी होता है, जो कोलेस्ट्रॉल को कम करने और दिल को स्वस्थ रखने में सहायक होता है। केला दिल के लिए एक बेहतरीन विकल्प है।

**चेरी**

चेरी में एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो दिल के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। यह शरीर में सूजन को कम करने और ब्लड वेसल्स को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। चेरी खाने से हृदय रोगों का खतरा कम होता है।

**अंगूर**

अंगूर में रेस्वेराट्रोल नामक एंटीऑक्सीडेंट होता है, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है और ब्लड वेसल्स की सेहत को बनाए रखता है। अंगूर खाने से दिल की बीमारियों का जोखिम घटता है और शरीर की सूजन भी कम होती है।

**कीवी**

कीवी में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो दिल के लिए अच्छे होते हैं। यह ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने, रक्त को गाढ़ा होने से बचाने और कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करता है। कीवी खाने से हृदय के कार्य में सुधार होता है।

**संतरा**

संतरे में विटामिन छ्ट और फाइबर होते हैं, जो दिल के लिए बहुत अच्छे होते हैं। इसमें पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट्स रक्तदाब को नियंत्रित करने और हृदय रोगों के जोखिम को कम करने में मदद करते हैं। संतरा एक बेहतरीन फल है, जो दिल की सेहत को बढ़ावा देता है।

**पपीता**

पपीता दिल के लिए बहुत लाभकारी है, क्योंकि इसमें विटामिन सी, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं। यह शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने, कोलेस्ट्रॉल को कम करने और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है।

**अनार**

अनार दिल के लिए बहुत फायदेमंद है, क्योंकि इसमें एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने और दिल के रोगों से बचाने में मदद करते हैं। अनार का जूस हृदय की सेहत को बढ़ावा देता है और को स्वस्थ बनाए रखता है। ये सभी फल न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि दिल की सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद हैं। इसलिए सुपर फ्रूट्स को अपनी डाइट में शामिल करें और अपने दिल को स्वस्थ रखे।

# गुणों का खजाना है करेले का जूस

कई तरह के पोषक तत्वों से भरपूर करेला किसी औषधी से कम नहीं है। इसमें विटामिन-सी, विटामिन-ए, पोटेशियम, मैग्नीशियम, आयरन, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। करेले में मौजूद मॉमॉर्डिसिन और पोलिपेप्टाइड-पी नामक एक्टिव तत्व इसे डायबिटीज के मरीजों के लिए खास बनाते हैं। यह कैलोरी में कम और डिटॉक्सिफाइंग गुणों से भरपूर होता है।

करेले का सेवन शरीर को टॉक्सिक पदार्थों को दूर करने में मदद करता है, इम्युनिटी बढ़ाता है और पाचन को भी दुरुस्त बनाए रखता है। ऐसे में इसके जूस को नियमित पीने से शरीर को अनेक फायदे मिल सकते हैं। यहां करेले का जूस पीने के फायदों के बारे में जानकारी दी गई है। आइए जानें।

**ब्लड शुगर नियंत्रण**

करेले का जूस नेचुरल रूप से इंसुलिन को एक्टिव करता है। इसमें मौजूद पोलिपेप्टाइड-पी और चारेंटिन ब्लड शुगर लेवल को कम करने में मदद करते हैं, जिससे डायबिटीज के मरीजों को फायदा मिलता है।

**पाचन में सुधार**

करेला फाइबर से भरपूर है, जो कब्ज, एसिडिटी और पेट की अन्य समस्याओं को दूर करता है। यह पाचन एंजाइम को उत्तेजित करता है, जिससे खाने का सही से पाचन हो पाता है।

**वजन घटाने में सहायक**

करेले का जूस कैलोरी में कम और फाइबर से ज्यादा भरपूर होता है। यह भूख को नियंत्रित करता है और फैट मेटाबॉलिज्म को तेज करता है, जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है।

**लिवर डिटॉक्सिफिकेशन**

करेले का जूस लिवर को साफ करता है और बाइल जूस के उत्पादन को बढ़ाकर उसकी कार्यक्षमता में सुधार करता है। यह लिवर की बीमारियों के जोखिम को कम करता है।

**त्वचा के लिए फायदेमंद**

करेले का जूस त्वचा को साफ और ग्लोइंग बनाता है। इसके एंटीबैक्टीरियल गुण एक्ने, पिंपल्स और अन्य स्किन इन्फेक्शन को कम करते हैं।



# आपकी ये आदतें आंखों को पहुंचा रही हैं गंभीर नुकसान



आंखें हमारे शरीर का अनमोल हिस्सा हैं। यह दुनिया को देखने, समझने और अनुभव करने में मदद करती हैं। इन्हें स्वस्थ रखने के लिए हमें निरंतर प्रयास करते रहने की आवश्यकता होती है। हालांकि भागदौड़ भरी जिंदगी और खराब आदतों के कारण हम अक्सर अपनी आंखों का ख्याल रखना भूल जाते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण पूरे शरीर के साथ आंखों की सेहत पर भी असर हो सकता है।

हमारी आंखें दुनिया को देखने का माध्यम हैं, लेकिन कुछ आदतें इन्हें धीरे-धीरे नुकसान पहुंचा सकती हैं। लगातार डिजिटल स्क्रीन का इस्तेमाल, गलत खानपान, और आराम की कमी जैसी आदतें आंखों के लिए गंभीर समस्याएं पैदा कर सकती हैं। अगर समय रहते इन आदतों को बदला न जाए, तो यह न केवल आपकी दृष्टि को प्रभावित कर सकती हैं, बल्कि आंखों की सेहत पर भी गहरा असर डाल सकती हैं।

**आंखों की समस्याएं**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमारी आंखें बहुत नाजुक और संवेदनशील होती हैं। यही कारण है कि इनकी देखभाल हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। कुछ आदतों को सुधारकर आप अपनी आंखों को सुरक्षित और स्वस्थ रख सकते हैं। अगर आपको आंखों में कोई परेशानी महसूस हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

आजकल बच्चों में भी कम दिखाई देने और आंखों से संबंधित कई तरह की बीमारियों का खतरा देखा जा रहा है जो उनकी क्वालिटी ऑफ लाइफ को प्रभावित करता है। इसके अलावा उम्र बढ़ने के साथ आंखों की समस्याओं का जोखिम बढ़ ही जाता है जिसको लेकर सभी को सावधानी बरतनी चाहिए।

आइए जानते हैं कि किन आदतों में **सुधार करना आपके लिए बहुत जरूरी है?**

**लंबे समय तक डिजिटल स्क्रीन का इस्तेमाल नुकसानदायक**

आजकल ज्यादातर लोग दिनभर कंप्यूटर, मोबाइल, या टीवी स्क्रीन के सामने समय बिताते हैं। लंबे समय तक स्क्रीन देखने से आंखें थकान महसूस करती हैं, जलन-खुजली हो सकती है इसे डिजिटल आई स्ट्रेन कहा जाता है। स्क्रीन पर अधिक समय बिताने से डिजिटल आई स्ट्रेन, ड्राई आई सिंड्रोम और धुंधला दिखने जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

आंखों को स्वस्थ रखने के लिए 20-20-20 नियम अपनाएं - हर 20 मिनट बाद 20 सेकंड के लिए 20 फीट दूर देखें।

**संतुलित आहार की कमी**

विटामिन और मिनरल्स की कमी से आंखों की सेहत कमजोर हो सकती है। विशेष रूप से विटामिन ए, सी, और ई का अभाव आंखों की समस्याओं का कारण बन सकता है। यदि आप स्वस्थ और पौष्टिक चीजों का सेवन नहीं करते हैं तो इसका असर आंखों पर भी होने लगता है। इस तरह की दिक्कतों से बचे रहने के लिए गाजर, पालक, ब्रोकली, और मछली जैसे पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ खाएं। ओमेगा-3 फैटी एसिड वाले फूड्स को अपनी डाइट में शामिल करें। पानी ज्यादा पिएं, जिससे आंखें हाइड्रेटेड रहें।

**पर्याप्त नींद न लेना**

नींद की कमी संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। नींद पूरी न होने सेआंखें लाल, सूजी हुई, और थकी हुई दिखती हैं। यह आपकी आंखों की कार्यक्षमता और दृष्टि पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को रोजाना कम से कम 7-8 घंटे की नींद जरूर लेनी चाहिए। सोने से पहले स्क्रीन का इस्तेमाल बंद कर दें और सोने का एक निश्चित समय तय करें। इस तरह की कुछ आदतों को सुधारकर आप अपनी आंखों को सुरक्षित और स्वस्थ रख सकते हैं।

# पुरानी खांसी का पक्का इलाज भूना हुआ अमरूद



खांसी और जुकाम के लिए भुना हुआ अमरूद लेना एक घरेलू उपाय है। विशेषज्ञ के अनुसार, भुना हुआ अमरूद पुरानी खांसी से छुटकारा पाने में काफी फायदेमंद साबित होता है। अमरूद में विटामिन सी की मात्रा अधिक होती है और अमरूद में मौजूद गुण खांसी पैदा करने वाले माइक्रोबियल को रोकते हैं। एक स्टडी के मुताबिक, सर्दी में लगने वाली खांसी में भुने हुए अमरूद के साथ उसके पत्ते भी बहुत फायदेमंद रहते हैं। अमरूद एस्कॉर्बिक एसिड और आयरन का एक भरपूर स्रोत है जो लंग कंजेशन और बलगम बनने की प्रक्रिया को कम करता है। सबसे पहले एक कच्चा अमरूद लें और याद रखिए कि अमरूद कच्चा ही होना चाहिए। इसे दो हिस्सों में काट लें और सेंधा नमक लगाकर स्टोव पर भून लें। बैंगन की तरह जब अमरूद पूरी तरह से भुन जाए,तो उसे खांसी से पीड़ित व्यक्ति को खिला दें। भुना हुआ अमरूद तीन से चार दिन तक खाएं। जिन लोगों को शुगर है उन्हें अमरूद की पत्तियों का पानी पीना चाहिए। अमरूद की नरम साफ पत्तियां लें और जरूरतानुसार पानी में उबाल लें। इस पानी का सेवन करें। यह डायबिटीज रोगियों के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है।

**फायदे :** अमरूद में विटामिन सी, विटामिन ए और फाइबर के अलावा पोटेशियम, फोलिक एसिड और एंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा भरपूर होती हैं जो हमारे शरीर के लिए बहुत बढ़िया माने जाते हैं। अमरूद में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो शरीर में सूजन को कम करने में मदद करते हैं। अमरूद के सेवन से कोलेस्ट्रॉल लेवल नियंत्रित रहता है और दिल को स्वस्थ बनाए रखता है। अमरूद में फाइबर की उच्च मात्रा होती है जो पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में मदद करता है। जिन लोगों को कब्ज की समस्या रहती हैं उन्हें काला नमक लगाकर अमरूद का सेवन जरूर करना चाहिए।

## तनाव खत्म करने के लिए करें ये योगासन

तेज रफ्तार जिंदगी में तनाव और चिंता अब आम बात हो चुकी है। काम का दबाव और पारिवारिक जिम्मेदारियां मन को बेचैन कर देते हैं। ऐसे में योग न सिर्फ शरीर को लचीलापन देता है बल्कि मन को भी शांति और स्थिरता प्रदान करता है। कुछ विशेष योगासन ऐसे हैं जो मन को गहराई से शांत करते हैं और चिंता को जड़ से मिटाने में मदद करते हैं। चिंता और तनाव मन की स्थिति हैं, लेकिन योग शरीर और आत्मा के बीच पुल का काम करता है। हर दिन सिर्फ 20 मिनट का योग आपके जीवन में गहरी शांति, सुकून और आत्मविश्वास ला सकता है।

**बालासन** - यह आसन दिमाग को ठंडक और मन को स्थिरता देता है। इससे तनाव, थकान और सिरदर्द में राहत मिलती है। बालासन के अभ्यास के लिए घुटनों के बल बैठकर सिर को जमीन पर टिकाएं और हाथ आगे की ओर फैलाएं। धीरे-धीरे गहरी सांस लें।

# खून नहीं बनता तो करें खजूर का सेवन



अगर शरीर में खून की कमी हो या हीमोग्लोबिन का लेवल कम हो, तो इसे बढ़ाने के लिए कई नेचुरल उपाय हैं। इनमें से एक सबसे असरदार उपाय है खजूर का सेवन। खजूर में भरपूर पोषक तत्व होते हैं जो शरीर में खून की कमी को पूरा करने में मदद करते हैं। चलिए जानते हैं कि खजूर कैसे खून की कमी को दूर करने में मदद करता है और इसे कैसे सही तरीके से खाया जाए।

**खजूर खाने के फायदे**

**आयरन :** खजूर में आयरन की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है। आयरन शरीर में हीमोग्लोबिन के बनने लिए जरूरी है। जब आयरन की कमी होती है तो खून का लेवल कम हो जाता है और एनीमिया हो सकता है। खजूर का नियमित सेवन आयरन की कमी को दूर करने में मदद करता है।

**विटामिन सी :** खजूर में विटामिन सी भी पाया जाता है, जो शरीर में आयरन के अवशोषण को बढ़ाता है। इसके कारण शरीर को आयरन का पूरा फायदा मिलता है, जिससे हीमोग्लोबिन के लेवल में सुधार होता है।

**पोटैशियम :** खजूर में पोटैशियम की अच्छी मात्रा होती है, जो ब्लड प्रेशर को नार्मल बनाए रखने में मदद करता है। इसके अलावा यह शरीर को एनर्जी प्रदान करने में भी सहायक होता है।

**फाइबर :** खजूर में उच्च मात्रा में फाइबर होता है, जो पाचन क्रिया को सुधारता है और कब्ज की समस्या को दूर करता है। इससे रक्त प्रवाह भी बेहतर होता है, जिससे शरीर में खून का संचार अच्छे से होता है।

**कैल्शियम और मैग्नीशियम :** खजूर में कैल्शियम और मैग्नीशियम भी होते हैं, जो हड्डियों और मांसपेशियों की मजबूती के लिए जरूरी होते हैं, साथ ही यह रक्त परिसंचरण को भी बेहतर बनाते हैं।

**कई चीजों में करता है फायदा :** खजूर आयरन से भरपूर होता है, जो ब्लड में हीमोग्लोबिन के लेवल को बढ़ाता है और एनीमिया की समस्या को दूर करता है। खजूर में फाइबर की अधिकता होती है, जिससे पाचन क्रिया दुरुस्त रहती है और कब्ज की समस्या भी दूर होती है। खजूर में नेचुरल शक्कर होती है, जो शरीर को तुरंत एनर्जी देती है। यह कमजोरी को दूर करता है और शरीर को ताजगी का अहसास कराता है।

**खजूर का सेवन ऐसे करें**

1. खजूर का सेवन सबसे अच्छे तरीके से तब होता है जब आप इन्हें रात भर पानी में भिगोकर सुबह खाली पेट खाएं। इससे खजूर के पोषक तत्व शरीर द्वारा जल्दी अवशोषित होते हैं।
2. खजूर को कटा हुआ दूध में डालकर भी खाया जा सकता है। यह स्वादिष्ट होता है और शरीर को भरपूर ऊर्जा देता है। यह तरीका विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों के लिए अच्छा है।
3. खजूर को दही, नारियल पानी या दूध के साथ स्मूदी बना कर भी पी सकते हैं। यह एक स्वादिष्ट और पोषण से भरपूर तरीका है।
4. खजूर को नाश्ते के रूप में पिस्ता, बादाम और अखरोट के साथ भी खाया जा सकता है। यह एक अच्छा और हेल्दी नाश्ता बनता है जो खून की कमी को दूर करने में मदद करता है।

# खसखस को हल्के में न लें, इसका सेवन करने से मिलते हैं ये बड़े फायदे



खसखस को आमतौर पर हम मिठाइयों या व्यंजनों को सजाने के लिए इस्तेमाल करते हैं, यह सिर्फ एक मसाला नहीं है, बल्कि यह पोषक तत्वों का एक पावर हाउस है। ये छोटे-छोटे बीज अपने अंदर ऐसे औषधीय गुण समेटे हुए हैं जो आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद साबित हो सकते हैं। खसखस का सेवन अक्सर पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में बेहतर नींद, तनाव कम करने और पाचन को सुधारने के लिए किया जाता रहा है। इसमें मौजूद ओमेगा-6 फैटी एसिड, प्रोटीन, फाइबर, और कैल्शियम जैसे तत्व इसे एक सुपरफूड बनाते हैं। अगर आप भी मानते हैं कि खसखस सिर्फ स्वाद बढ़ाने के लिए है, तो आप इसके कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य लाभों से अनजान हैं। अपनी डाइट में इसे नियमित रूप से शामिल करके आप न सिर्फ अपनी हड्डियों को मजबूत बना सकते हैं, बल्कि अपने दिल और दिमाग की सेहत का भी ख्याल रख सकते हैं। इसलिए आइए इस लेख में खसखस के सेवन से होने वाले चार बड़े फायदों के बारे में जानते हैं।

**बेहतर नींद और तनाव से राहत**

खसखस में प्राकृतिक रूप से कुछ ऐसे यौगिक होते हैं जो दिमाग को शांत करने और नींद लाने में मदद करते हैं। अगर आप अनिद्रा या तनाव से परेशान हैं, तो रात में सोने से पहले खसखस का सेवन बहुत फायदेमंद हो सकता है।

# काम को अंत तक खींचने की है आदत? लोगों में बढ़ा रही है प्रोक्रेस्टिनेशन की समस्या



क्या आप भी उन लोगों में से हैं जो काम को अंतिम समय तक टालते रहते हैं? अगर हां, तो आप अकेले नहीं हैं। काम को टालने की इस आदत को प्रोक्रेस्टिनेशन कहा जाता है, और यह आजकल एक आम समस्या बन गई है, जिसने हमारी उत्पादकता और मानसिक सेहत दोनों पर नकारात्मक असर डाला है। यह सिर्फ आलस नहीं है, बल्कि इसके पीछे कई मनोवैज्ञानिक कारण होते हैं, जैसे अपूर्णता का भय, तनाव का प्रबंधन न कर पाना, या काम को बहुत मुश्किल समझना। सोशल मीडिया और डिजिटल डिस्ट्रैक्शन ने इस समस्या को और भी बढ़ा दिया है, जहां लोग जरूरी काम को छोड़कर तुरंत मिलने वाले %डोपामिन हिट% के लिए रील या वीडियो देखने लगते हैं। इस आदत के कारण काम का बोझ बढ़ता जाता है, जिससे अंत में बहुत ज्यादा तनाव और चिंता पैदा होती है। यह एक ऐसा खराब साइकिल है जो न केवल आपकी व्यक्तिगत और पेशेवर जिदगी को प्रभावित करता है, बल्कि आपकी सेहत को भी नुकसान पहुंचाता है। प्रोक्रेस्टिनेशन की समस्या पर ध्यान देना और इसे समझना जरूरी है, क्योंकि यह आपके मानसिक स्वास्थ्य और भविष्य की सफलता के लिए एक बड़ी बाधा बन सकता है।

**परफेक्शन और डर का जाल**

प्रोक्रेस्टिनेशन का एक बड़ा कारण परफेक्शन का डर है। बहुत से लोग काम को तब तक शुरू नहीं करते जब तक वे उसे पूरी तरह से सही करने के लिए तैयार न हों। यह डर उन्हें काम शुरू करने से ही रोक देता है। वे सोचते हैं कि अगर वे परफेक्ट नहीं कर पाए, तो वे असफल हो जाएंगे, जिससे काम टल जाता है।

**थकान और ऊर्जा की कमी**

आज की लाइफस्टाइल में लगातार काम और तनाव के कारण लोग मानसिक और शारीरिक रूप से थक जाते हैं। इस थकान के कारण, दिमाग ऐसे कामों से बचना चाहता है जिनमें ज्यादा ऊर्जा या प्रयास की जरूरत होती है। इस वजह से वह उन कामों को टाल देता है, जिससे थकान का चक्र और भी मजबूत होता जाता है।

**डिजिटल डिस्ट्रैक्शन का बढ़ता प्रभाव**

स्मार्टफोन और सोशल मीडिया ने हमारे दिमाग को इंस्टेंट ग्रैटिफिकेशन (तुरंत संतुष्टि) की आदत डाल दी है। जब हमें कोई मुश्किल काम करना होता है, तो दिमाग उसे टालकर सोशल मीडिया स्क्रॉलिंग या वीडियो देखने जैसे आसान और तुरंत खुशी देने वाले काम में लग जाता है, जिससे प्रोक्रेस्टिनेशन की समस्या बढ़ जाती है।

**सेल्फ-रेगुलेशन और आदत को बदलना**-प्रोक्रेस्टिनेशन से लड़ने के लिए आपको अपने दिमाग को छोटे-छोटे काम करने की आदत डालनी होगी। बड़े काम को छोटे हिस्सों में बांट लें और एक बार में एक ही हिस्से पर ध्यान दें। पोमोडोरो टेक्नीक (25 मिनट काम, 5 मिनट ब्रेक) जैसी तकनीकें इसमें बहुत कारगर साबित होती हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी दक्षिण गोलगते शरद ऋतौ कार्तिक मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, एकादशी तिथौ शुक्र वासरे 11/13/ मघा नक्षत्रे 13/58/ शुक्ल योग 25/49/ बालव करणे 11/18/ सिंह राशिगत चन्द्रमा घं. मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** रम्भा एकादशी। गोवत्स पूजा।

**मेष :** अधिकारी की अनुकूलता और विशेष परामर्श की चर्चा होगी। किसी स्थाई आवश्यकता के लिए खर्चा करेंगे।

**वृष :** अध्ययन मनन व बौद्धिक गतिविधियों में रुचि लेंगे। कार्यों में गति आएगी। बुजुर्गों के प्रति उत्तरदायी पूरे होंगे।

**मिथुन :** लाभ मार्ग अवरुद्ध रहेगा। अल्प लाभ की प्राप्ति हो जाएगी। मान सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क :** निकट के मित्रों से मेलजोल होगा। विभिन्न स्रोतों से धन पाने की संभावना है। आयोजनों पर अपव्यय से बचें।

**सिंह :** आयोजन में किसी षड्यंत्र तथा दुर्घटना संबंधी सावधानियां आवश्यक है। बढ़ते व्यय की चिंताओं से ग्रसित रहेंगे।

**कन्या :** विभिन्न बाधाओं के कारण तथा सूझबूझ के अभाव में अधिक व्यय का पश्चाताप रहेगा। शान्ति से काम करें।

**तुला :** जीवनसाथी से तनावपूर्ण संबंध रहेगा। यदि दूरदर्शी तरह से कार्य करेंगे तो व्यवसाय में अच्छी सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक :** संदेह और संकोच नष्ट होंगे। नवीन योजना के प्रति उत्साह प्रबल होगा। मनस्ताप भी समाप्त होगा।

**धनु :** कामों में गलतियां खोजी जा सकती हैं। भविष्य का मार्ग स्पष्ट होगा। किसी घटना चक्र के कारण जिम्मेदरी बढ़ेगी।

**मकर :** व्यापार व्यवसाय में हानि हो सकती है। बढ़ते व्यय तथा संतान संबंधी समस्याएं महत्वपूर्ण होंगी।

**कुंभ :** अनुमान से अधिक खर्च होगा। परिश्रम बढ़ेगा। विरोधियों और अवरोधों की प्रधानता रहेगी। निकट संबंधियों से प्रेम करें।

**मीन :** सामाजिक परिवर्तनों के प्रति विश्वास बढ़ेगा। विविध सांसारिक सुखों को प्राप्त करने की तत्परता बढ़ेगी।

स्वतंत्र भारत
कानपुर, शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025


# जालौन ललितपुर, झांसी

**सलफास खाने से वृद्ध की हालत बिगड़ी उरई रिफर**

कालपी(जालौन)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मांगरौल के माजरा नया पुरवा निवासी सुखदेव पुत्र लक्ष्मण दास उम्र 60 वर्ष रहते हैं। उनके पुत्र बाहर पानी पुरी का धंधा करते हैं। बताते हैं कि सुखदेव बुधवार को ही बेटों के पास से कल ही अपने घर नया पुरवा में लौटे हुए थे। बताते हैं कि सुखदेव पाल ने धोखे से जहरीला पदार्थ खा लिया। देखते देखते हालात बिगड़ गई। बेहोशी की अवस्था में सुखदेव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती कराया गया। ड्यूटी में मौजूद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अशोक कुमार चक ने प्राथमिक उपचार किया तथा हालत खराब होने की वजह से डॉक्टर ने सुखदेव को राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई के लिए रिफर कर दिया।

## खबर एक नज़र

### छोटी रतनगढ़ बाली माता मंदिर में लगने बाले मेले की व्यवस्था को देखा अधिकारियों ने


कोंच : मेला व्यवस्था को देखते अधिकारी ।

**कोंच (जालौन)।** छोटी रतनगढ़ बाली माता मंदिर के नाम से मशहूर देवी मां के मंदिर पर ग्राम सलैया में प्रति वर्ष मेले का आयोजन होता है। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तगढ़ आकर पूजन अर्चन कर माता का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। उक्त मेले में सर्प दंश से पीड़ित भी पहुंचकर माता के दर्शन पाकर सर्प दंश से मुक्ति पाते हैं और यह मेला प्रतिबर्ष दीपावली पर्व के अगले दिन ही आयोजित होते हुए दौज तक चलता है। इसी मेले की चाक चौबंद व्यवस्था रखने के लिए दिन गुरुबार को उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह पुलिस क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद उपखण्ड अधिकारी बिधुत रविन्द्र कुमार एई पी डब्ल्यू डी के साथ ग्राम सलैया स्थित छोटी रतनगढ़ माता मंदिर का स्थलीय निरीक्षण किया जहां पर यात्रियों की पार्किंग व्यवस्था पुलिस व्यबस्था व्यबस्थित यातायात व्यबस्था गढ्ढा मुक्त सड़क सहित साफसफाई के निर्देश देते हुए जल्द से जल्द व्यवस्था चाक चौबंद किये जाने की बात कही।

### कांग्रेसियों ने हस्ताक्षर कराकर वोट चोरी के खिलाफ अभियान की शुरूआत


कालपी : अभियान चलाते कांग्रेस कार्यकर्ता ।

**कालपी (जालौन)।** गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कालपी कांग्रेस ने वोट चोर - गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की है। कांग्रेस के नगर अध्यक्ष अखिलेश अहिरवार के नेतृत्व में पूर्व विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह सरसेला ने वोट चोरी के मुद्दे पर भाजपा सरकार का सांकेतिक विरोध करते हुए कालपी में हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की। विदित हो कि कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष सांसद राहुल गांधी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए वोट चोरी का आरोप लगाया था, मतदाता सूची में बड़ी गड़बड़ी का भी आरोप लगाया था व मतदाता सूची में संशोधन की मांग की थी। इसी को दृष्टिगत रखते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान की शुरुआत हुई है। इस अभियान को गति देने के लिए कालपी कांग्रेस ने कांग्रेस कार्यालय में बैठक आयोजित कर इस अभियान की रूपरेखा तैयार कर आमजन से इस अभियान में शामिल होकर विरोध जताने के लिए आग्रह किया। इस मौके पर अखिलेश अहिरवार, पूर्व विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सरसेला, कांग्रेस सोशल मीडिया के संयोजक आदित्य नगाइच, जनक सिंह उर्फ लाला ठाकुर, जावेद, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता वीरेंद्र चौहान, प्रमोद, संतराम प्रजापति, भूरे नौशाद, राजू श्रीवास्तव, प्रमोद अहिरवार व आदि लोग मौजूद रहे।

### राजकीय मेडिकल कालेज में मनाया गया विश्व निश्चेतना दिवस


उरई : कार्यक्रम का शुभारंभ करते प्राचार्य डा. अरविंद त्रिवेदी

**उरई (जालौन)।** राजकीय मेडिकल कालेज उरई में गुरुवार को विश्व निश्चेतना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर निश्चेतना विभाग द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के वरिष्ठ चिकित्सक एवं स्टाफसदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डा. अरविंद त्रिवेदी ने किया। उन्होंने निश्चेतना विभाग के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि रोगी सुरक्षा और सफल शल्य क्रियाओं में निश्चेतना विशेषज्ञों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।विभागाध्यक्ष डा. सुनीत सचान ने निश्चेतना की आधुनिक तकनीकों और रोगी सुरक्षा में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डा. दिनेश शाहू प्रोफेसर, डा. अरुन अहिरवार सह-प्राध्यापक, डा. महेश वर्मा सह-प्राध्यापक, डा. देवेंद्र प्रताप सहायक प्राध्यापक, डा. अनिल कुमार सहायक प्राध्यापक, डा. सतेन्द्र वरिष्ठ रेज़िडेंट, डा. प्राची वरिष्ठ रेज़िडेंट तथा सभी कनिष्ठ रेज़िडेंट्स उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी व कार्यकत्रियों घर-घर जाकर पोषण संदेश पहुंचाएं: अर्चना पटेल



कोंच(जालौन)। राष्ट्रीय पोषण माह 2025 के अंतर्गत पोषण पंचायत कार्यक्रम खण्ड बिकास कार्यालय के सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना पटेल के मुख्य आतिथ्य में आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ने बोलते हुए कहा कि ÷संतुलित आहार ही स्वस्थ जीवन की नींव है÷ उन्होंने सभी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों से अपील करते हुए कहा कि वह घर-घर जाकर पोषण संदेश पहुंचाएं ताकि कुपोषण मुक्त समाज का निर्माण हो सके उन्होंने आगे बोलते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं और समुदाय को सक्रिय भागीदारी से ही सुपोषित भारत का सपना साकार हो सकता है। इस दौरान उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह पुलिस क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद बाल विकास परियोजना अधिकारी शरद अवस्थी अनिल कुशवाहा जिलाध्यक्ष अपना दल ओमकार सिंह ठाकुर राष्ट्रीय महासचिव अपना दल महेंद्र सिंह भदारी सहित सुपरवाइजर चन्द्र प्रभा खरे कोऑर्डिनेटर शिवम भारती लिपिक प्रदीप कुमार कंचन बैद अंजली वर्मा उमा अनीता सक्सेना शांति देवी राज कुमारी रजनी माधुरी संगीता शशि राठौर सहित तमाम आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और महिलाएं मौजूद रहीं।

## धनतेरस, दीपावली व छठ पूजा को लेकर प्रशासन सक्रिय

**0जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संभ्रांत नागरिकों संग की बैठक**
**0 त्योहारों पर शांति, सुरक्षा और सौहार्द बनाए रखने के दिए निर्देश**
**0 स्वच्छता, बिजली, यातायात व बाजार व्यवस्था पर भी विस्तृत चर्चा**




**उरई(जालौन)।** आगामी धनतेरस, दीपावली और छठ पूजा जैसे प्रमुख पर्वों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार ने आज विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जनपद के संभ्रांत नागरिकों, व्यापारियों और विभिन्न समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा है कि सभी पर्व शांति और भाईचारे के वातावरण में मनाए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दीपावली से पूर्व शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, विद्युत व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति तथा सड़क मरम्मत से संबंधित सभी कार्य समय से पूर्ण कर लिए जाएं। बाजारों में भीड़भाड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था, पार्किंग, अग्निशमन व आपातकालीन सेवाओं की तैयारियों का विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने नगर पालिका व नगर पंचायतों को निर्देशित किया कि बाजार क्षेत्रों और पूजा स्थलों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा दीपावली के अवसर पर गंदगी या जलभराव की शिकायतें नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने खाद्य विभाग को मिठाई और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की नियमित जांच करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार ने कहा कि दीपावली व छठ पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस पूर्ण सतर्कता बरतेगी। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल, सीसीटीवी निगरानी और पैदल गश्त बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि बाजारों में सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। पुलिस अधीक्षक ने जनपद वासियों से अपील की कि वे त्योहारों के दौरान शांति, संयम और सहयोग की भावना बनाए रखें।

उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि माहौल सौहार्दपूर्ण बना रहे। संभ्रांत नागरिकों और व्यापारियों ने भी प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिलाते हुए कहा कि जनपद में त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाएंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक योगेंद्र सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद, अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट-उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, नगर पालिका के अधिकारी, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर निकायों के अधिकारी, व्यापार मंडल प्रतिनिधि, संभ्रांत नागरिक तथा विभिन्न समाजसेवी संगठन मौजूद रहे।

## आश्रय-गृह का औचक निरीक्षण किया न्यायिक अधिकारियों ने


उरई : वृद्धा आश्रम का निरीक्षण करते न्यायिक अधिकारी

**उरई(जालौन)।** उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार आज न्यायिक अधिकारियों ने जिले में संचालित दो शैल्टर होम राठ रोड में संचालित ''वृद्धाश्रम'' एवं मुहल्ला लहरियापुरवा स्थित ''आश्रय-गृह'' का औचक निरीक्षण किया।

वृद्धाश्रम की संवासियों से पूछा गया कि उन्हे चाय-नाश्ता और सुबह-शाम का भोजन समय से मिल रहा है या नहीं, इस पर संवासियों द्वारा बताया गया कि भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुसार मिल रहा हैं। वृद्धाश्रम की मेडिकल डिस्पेंसरी का निरीक्षण करने पर स्टाफनर्स उपस्थिति के सम्बन्ध में बताया गया कि वह जिला अस्पताल गयी है।संवासियों की चिकित्सा- प्राथमिक उपचार हेतु डिस्पेन्सरी में आवश्यक दवायें मिली। पूछे जाने पर किसी भी संवासी द्वारा कोई समस्या नहीं बताई गई। नगर पालिका परिषद उरई जनपद जालौन के सहयोग से मुहल्ला लहरियापुरवा में लखनऊ के एनजीओ द्वारा संचालित आश्रय गृह शेल्टर होम में न्यायिक अधिकारियों ने विभिन्न बिन्दुओं पर जांच-पड़ताल की। निरीक्षण समय में केयर टेकर श्रीमती पूजा देवी उपस्थित मिली। प्रबन्धक शिवबाबू राठौर के बारे में पूंछे जाने पर केयर टेकर द्वारा बताया गया कि उनके पिता की तबीयत खराब होने के कारण वह इलाज के लिये गये हैं। मेडिकल डिस्पेंसरी का निरीक्षण करने पर समस्त दवायें सही तथा व्यवस्थित पायी गयी। यहां की आश्रित पंजिका में पूर्व तिथि में 11 आश्रित पंजीकृत मिले। निरीक्षण करने वाली इस अनुश्रवण समिति में अपर जिला जज प्रथम सतीश चन्द्र द्विवेदी, अपर जिला जज-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती पारुल पंवार एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक खरे शामिल रहे तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौन स्थान उरई के लिपिक शुभम् शुक्ला उपस्थित रहे।

## माधौगढ़ तहसील में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की कार्यवाही



उरई(जालौन)। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ, उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के आदेशानुसार व उपजिलाधिकारी माधौगढ़ राकेश सोनी के नेतृत्व में दीपावली त्योहार पर आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद जालौन की टीम लगातार सक्रिय है। दीपावली त्योहार पर लोगों को सुरक्षित आहार उपलब्ध कराने हेतु खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा माधौगढ़ तहसील के माधौगढ़ से पवन कुमार मिस्सुरिया के परिसर से मिठाई का नमूना, अमित राठौर पुत्र आनंद कुमार के परिसर से खाद्य पदार्थ सरसों का तेल संगृहीत किया, रामलखन के परिसर से खाद्य पदार्थ नमकीन का नमूना, विजय नगर माधौगढ़ में विजय सिंह के परिसर से खाद्य पदार्थ बर्फी का नमूना संगृहीत किया गया। साथ ही फूड सेफ्टी वेन द्वारा जालौन चौराहा में खाद्य पदार्थों की मिलावट एवं शुद्धता की जांच के सम्बन्ध में आमजनमानस व खाद्य कारोबारकर्ताओं को जागरूक किया गया व निर्देश दिए गए कि खाद्य पदार्थों में कृत्रिम रंगों का प्रयोग न करे। संग्रहित किए गए नमूनों को परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। प्रतिष्ठानों में साफ सफाई संतोषजनक न पाए जाने पर सुधार नोटिस निर्गत किए गए। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत दोषी पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत विधिक कार्यवाही की जाएगी। विभागीय टीम द्वारा यह अभियान लगातार जारी है और त्योहारों तक जिले के विभिन्न बाजारों में निरीक्षण चलता रहेगा। इस अवसर पर सहायक आयुक्त खाद्य जतिन कुमार सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कन्हैया लाल यादव, महेश प्रसाद, अनिल कुमार शंखवार तथा सुनील कुमार उपस्थित रहें।

## नगर पालिका अध्यक्ष की मतगणना आज



ललितपुर। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद उप निर्वाचन सहायक रिटर्निंग ऑफीसर अंकुर श्रीवास्तव ने अध्यक्ष नगर पालिका परिषद उप निर्वाचन के समस्त उम्मीदवार व निर्वाचन अभिकर्ता को अवगत कराया है कि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद उप निर्वाचन की मतगणना आज प्रातः 8 बजे से समाप्ति तक कृषि उत्पादन मण्डी स्थल अमरपुर में सम्पन्न किया जाना निर्धारित है व गणना कार्य के अवलोकनार्थ गणना स्थल पर मतगणना अभिकर्ताओं सहित आज प्रातः 7 बजे तक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें व गणना स्थल पर मात्र साधारण पेन, प्रवेश हेतु जारी परिचय पत्र, आधार, वोटर कार्ड एवं छोटी नोट बुक सहित प्रवेश द्वार पर जांच उपरान्त प्रवेश दिया जायेगा व इलैक्ट्रॉनिक उपकरण, धूम्रपान सामग्री एवं अन्य सामग्री सहित प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा।

## अर्ध विक्षिप्त अधेड़ का शव बरामद

कालपी(जालौन)। गुरुवार को जोल्हूपुर मोड़ में लगातार घूमने वाले 45 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस ने मौके का जायजा लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 45 वर्षीय अधेड़ काफी दिनों से जोल्हूपुर मार्केट की दुकानों में घूमता रहता था। तथा अपना पेट भरता था। गुरुवार को जोल्हूपुर के महेवा रोड साइड में स्थित यात्री प्रतीक्षालय में अधेड़ के शव को पड़ा हुआ देखा। सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के उदय प्रताप सिंह तथा समीप ज्ञान भारती ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज विपिन कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे तथा मौके का जायजा लिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## खुटमिली गौशाला को फिर से बहाल करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने दिया डीएम को ज्ञापन



उरई(जालौन)। विकास खण्ड कदौरा में खुटमिली ग्राम में एक गौशाला संचालित की गयी थी जो बिना किसी आदेश के ग्राम सचिव अर्चना प्रजापति ने दूसरे ग्राम में संचालित करने से अन्ना पशुओं की समस्या से गांव के किसानों को दो-चार होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने फिर से गौशाला को ग्राम खुट मिली मिली में बहाल करने की मांग की है।

जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम खुटमिली के निवासीगण है। जिसके ग्राम खुटमिली में अर्चना प्रजापति ने दूसरे ग्राम कुसमरा बाबनी में सचालित कर दी है। जिससे प्रार्थीगणो के ग्राम मे गौशाला न होने के कारण अन्ना जानवर घूम रहे है। किसानो की खडी धान की फसल नष्ट हो रही है और कम जानवरो का हबाला देकर दूसरे गावं भेज दिया और गांव में 62 जानवर बन्द थे और जानवर बन्द करने के लिये कहा जा रहा था। तो कह रहे थे कि हमारे पास पर्याप्त जानवर है। फिर प्रार्थीगणो ने जनपद हमीरपुर की डामर ग्राम पंचायत में 27 जानवर बन्द कराये यदि जो जानवर कर थे तो ये 27 जानवर क्यो न बन्द कराये गये गावं की गौशाला में जांच कर गौशाला को पुनः ग्राम पंचायत में स्थापित की जाये।

## मिशन शक्ति के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा में अंजलि निराला बनी एक दिन की चिकित्साधीक्षक

**0 मिशन शक्ति 5.0 के तहत बालिकाओं का मनोबल बढ़ाते चिकित्साधीक्षक प्रदीप कुमार राजपूत**



रामपुरा(जालौन)। मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत नगर रामपुरा की निवासी एवं समर सिंह इंटर कॉलेज की कक्षा 9-डी की छात्रा अंजली निराला,पुत्री इंद्रपाल निराला, को एक दिन का चिकित्साधीक्षक बनने का अवसर प्रदान किया गया।

इस अवसर पर चिकित्साधीक्षक प्रदीप कुमार राजपूत एवं डा. शिप्रा राजपूतने छात्राओं को अस्पताल की कार्यप्रणाली, विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियां, चिकित्सा सेवाओं की प्रक्रिया और रोगियों के उपचार संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान अंजली निराला ने चिकित्साधीक्षक की भूमिका निभाते हुए अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया, मरीजों से संवाद किया तथा स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन की प्रक्रिया को नज़दीक से समझा। डा. प्रदीप कुमार राजपूत ने कहा कि ÷मिशन शक्ति 5.0 का उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देना है। अंजली जैसी छात्राएं भविष्य में समाज का गौरव बनेंगी। वहीं डा. शिप्रा राजपूत ने बताया कि ÷ऐसे कार्यक्रमों से छात्राओं को प्रशासनिक जिम्मेदारियों और समाजसेवा के महत्व को समझने का अवसर मिलता है। वही एक दिन की चिकित्सा अधीक्षक बनी अंजली निराला ने शांतिपूर्वक लाइन में लगकर दवा लेने एवं पंजीकरण के लिए क्रमबद्ध तरीके से पंजीकरण कराने एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत अस्पताल को और साफ सफाई युक्त रखने के निर्देश दिए। विद्यालय परिवार और स्थानीय नागरिकों ने अंजली की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाए दीं। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अस्पताल से जुड़ी जानकारी लेकर अपने ज्ञान में वृद्धि की। उक्त मौके पर चिकित्साधीक्षक प्रदीप राजपूत, डा. शिप्रा राजपूत, अंजली निराला, वर्षा, निशा, शिवानी, सेजल, नैंसी, साक्षी सहित समर सिंह इंटर कालेज के अध्यापक गण अनुराग सिंह तोमर,केशव द्विवेदी आदि सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का समस्त स्टाफमौजूद रहा।

## किसान दिवस में कृषकों की सुनी समस्यायें व निस्तारण के दिये निर्देश



**ललितपुर।** उप कृषि निदेशक यशराज सिंह ने अवगत कराया है कि मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश के क्रम में किसान दिवस का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र खिरिया मिश्र में किया गया, जिसकी अध्यक्षता कृषि विज्ञान केन्द्र खिरिया मिश्र के अध्यक्ष डॉ. मुकेश चंद्र द्वारा की गयी व किसान दिवस में उपस्थित किसानों द्वारा आगामी रबी में सिंचाई की व्यवस्था हेतु नहरों की सिल्ट सफाई कराते हुये जल्द से जल्द नहर का संचालन प्रारंभ करने की मांग की गयी ताकि रबी की फसलों की बुवाई प्रारंभ की जा सके व साथ ही बांधों की सर्विस रोड की मरम्मत करायी जाये ताकि आवागमन में सुविधा हो सके व इस पर अधिशाषी अभियंता, सिंचाई विभाग द्वारा माह अक्टूबर के अंत तक नहरों के संचालन का आश्वासन दिया गया व कृषकों द्वारा खरीफ की क्षतिपूर्ति दिलाये जाने की मांग की गयी जिस पर जिला कृषि अधिकारी द्वारा इस माह के अंत तक मध्यावधि क्लेम का भुगतान दिलाये जाने हेतु आश्वासन दिया गया व कृषकों द्वारा पशुपालन विभाग, अग्रणी बैंक, बिजली विभाग, सिंचाई विभाग से संबंधित समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया जिसका निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। जिला कृषि अधिकारी द्वारा खाद एवं बीज की उपलब्धता के बारे में जानकारी उपलब्ध करायी गयी। किसान दिवस में आशीष कौशिक, मलखान यादव, पहाड़ सिंह यादव, बाबूलाल दुबे, केहर सिंह बुन्देला आदि कृषक उपस्थित थे। अधिकारीगण राजीव कुमार भारती, बी.के. सुहेरा अधिशाषी अभियंता सिंचाई, डॉ. भगवान सिंह, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह महोत्सव 12 नवम्बर को

ललितपुर। जिला समाज कल्याण अधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले जरुरतमन्द, निराश्रित निर्धन परिवारों की विवाह योग्य कन्या विधवा परित्यक्ता तलाकशुदा महिलाओं के सामूहिक विवाह हेतु मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत होने वाली शादियों कीतिथि तय कर दी गयी है। जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन दिनांक 12 नबंबर को होना प्रस्तावित है। पंजीयन के समय वधु व वर की फेटो, आधारकार्ड, आयु प्रमाणपत्र, निवासप्रमाण पत्र, वधु की बैंक पासबुक की छायाप्रति संलग्न करना होगी। योजना का लाभ उसी वधु कोदिया जाएगा जो ललितपुर की निवासी है, लेकिन वर किसी भी राज्य या जिले का हो सकता है। इस बार योजना के तहत हर जोड़े पर 1 लाख रुपें खर्च किए जाएंगे, जिसमें 60 हजार रुपये वधूके बैंक खाते में भेजे जाएगें, जबकि बाकी राशि उपहार, आयोजन आदि पर खर्च की जाएगी। जिलाधिकारी अमनदीप डुली के आदेशानुसार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है कि वह अपने अपने क्षेत्र में उक्त तिथि का प्रचार-प्रसार कराकर अधिक से अधिक जोड़ो का पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें।

## खाद्य सुरक्षा टीम ने छापामार कार्यवाही कर संदिग्ध पदार्थो व दूध के लिये नमूने

ललितपुर। आगामी दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुये आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ व जिलाधिकारी अमनदीप डुली के निर्देश के क्रम में आज गुरूवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की प्रथम टीम द्वारा काफी हाउस स्टेशन रोड प्रतिष्ठान से छेना का नमूना, श्री बालाजी नाश्ता मिष्ठान भंडार से मिल्क केक का नमूना संग्रहित कर 21 किलोग्राम मिल्क केक नष्ट कराया गया व दूसरी टीम द्वारा मेसर्स महेंद्र किराना स्टोर गांधीनगर से घी का नमूना संग्रहित कर प्रयोगशाला जांच हेतु भेजा गया। मण्डल मुख्यालय की खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती उपमा यादव द्वारा तालबेहट राजमार्ग पर गाड़ी को रोककर गाय के दूध का नमूना एवं खुशहाल किशन ऑयल तोड़ी से सरसों के तेल का नमूना संग्रहित किया। प्रथम टीम में सहायक आयुक्त खाद्य विनोद कुमार शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी नागेंद्र कुमार तथा द्वितीय टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी कलामुद्दीन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सच्चिदानंद राय उपस्थित रहे।



स्वतंत्र भारत

कानपुर, शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025 | 9

# बांदा

(चित्रकूट/हमीरपुर/अतर्रा/महोबा)

बुन्देलखण्ड समाचार




# राज्यपाल कुलाधिपति औद्योगिक विश्वविद्यालय बांदा में 11 वे दीक्षांत समारोह का शुभारंभ किया




बांदा : बैठक को ।




**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**अतर्रा बांदा।** आनन्दी बेन पटेल राज्यपाल उ0प्र0ध्कुलाधिपति कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय बाँदा ने आज कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह का शुभारम्भ किया तथा दीक्षांत समारोह में विभिन्न संकायों में स्वर्णए रजत एवं कांस्य पदक छात्रध्छात्राओं को पदक प्रदान किये तथा 350 छात्रध्छात्राओं को उपाधियां प्रदान की गयी। इससे पूर्व उन्होंने बाँदा कृषि विश्वविद्यालय में आर्ट गैलरी एवं म्यूजियम का उद्घाटन भी किया। आप सभी को ज्ञात हो की दीक्षान्त समारोह कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए राज्यपालध्कुलाधिपति श्रीमती आनन्दी बेन पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय में आयोजित 11वें दीक्षान्त समारोह में उपस्थित होने पर मुझे प्रशन्नता हो रही है। उन्होंने छात्रध्छात्राओं को मेडल प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य हेतु निरन्तर कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने 12 छात्रों एवं 7 छात्राओं को विभिन्न संकायों के मेडल प्रदान किये। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र की शिक्षा में छात्राओं की भागीदारी बढ रही है। कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान में छात्राओं को आगे बढाया जाए। कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है यह योगदान शिक्षा एवं अनुसंधान में भी हो। उन्होंने कहा कि जहां नारी है वहीं सृजन है महिलायें ही सृष्टि की रचना और पोषण करती हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा 24 हजार करोड़ की धन धान्य कृषि योजना का शुभारम्भ किया गया है तथा उन्होंने दलहन के क्षेत्र में भी कार्य करने पर जोर दिया है। धन धान्य योजना प्रदेश में 12 जनपदों में संचालित की जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी की कृषि क्षेत्र की योजनाओं को कृषि विश्वविद्यालय छात्रध्छात्राओं हेतु श्रोत तथा प्रोजेक्ट तैयार करें। उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय किसानों को इस योजना के बारे में बतायें और छात्रध्छात्राओं को भी इसके अध्ययन के लिए प्रेरित करें।

उन्होंने कहा कि किसानों को फसल बीमा योजना एवं भूमि मृदा परीक्षण हेतु सुविधायें दी जा रही हैं जिसका लाभ लेकर किसानों की आय बढ सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को सुदृढ़ करने में पीएम धन धान्य योजना महत्वपूर्ण रूप से सहायक होगी। किसानों को नवाचार तथा पारम्परिक खेती में आगे बढने हेतु प्रसस्त करेगी। उन्होंने कहा कि दलहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए मिशन के रूप में कार्य करें। हर भोजन की थाली प्रोटीन होना आवश्यक हैए हर किसान आत्मनिर्भर हो इसके लिए सरकार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि आगामी सत्र में इस विश्वविद्यालय द्वारा पशु चिकित्सा पाठ्यक्रम भी शुरू करने जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा वर्षा जल संचयन हेतु 24 बडे तालाबों का निर्माण किया हैए यह सभी तालाब कृषि कार्य में सहायक होंगे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा कृषि क्षेत्र के अनुसंधान की प्रयोगशाला को किसानों के खेतों तक पहुंचायें एवं अनुसंधान के सम्बन्ध में किसानों को जानकारी दें। उन्होंने कहा कि किसानों का सशक्तिकरण एवं ग्रामीण भारत का उत्थान होगा तो प्रदेश व देश सशक्त बनेगा। भारत में नवाचार एवं विज्ञान तकनीक में प्रगति कर रहा है इसी के साथ कृषि क्षेत्र में भी प्रगति किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व में बडे दुग्ध एवं मिलेट्स का उत्पादक है। फूड प्रोसेसिंग सिस्टम में भी प्रगति हुई है। किसान आत्मनिर्भर बने तथा किसानों की आय दोगुनी होए इस क्षेत्र में सरकार निरन्तर कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि किसानों को खेतीए मौसम आधारित कृषि करने की सलाह दी। बुन्देलखण्ड में गौ आधारित खेती को अपनायें तथा जैविक उत्पदों को बढायेंए जिससे उत्पाद की गुणवत्ता के साथ बाजार में बेहतर मूल्य मिल सकेगा। कृषि हेतु रासायनिक खाद का उपयोग कम करें क्योंकि रासायनिक खेती के उत्पादों से कई गम्भीर बीमारियां होती हैं इसलिए गोबर खाद से फसलों का उत्पादन करेंए जिससे कि बीमारियों भी कम होंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत 05 लाख की चिकित्सीय सहायता की व्यवस्था भी किसानों के लिए की गयी है। उन्होंने आर्गेनिक खेती करने की अपील करते हुए कहा कि छात्रध्छात्रायें इस क्षेत्र में आर्गेनिक खेती के सोध से मेडल प्राप्त कर सकते हैं। किसान प्राकृतिक खेती की ओर आगे बढें और लक्ष्य लेकर प्राकृतिक खेती को अपनायें जिससे आगामी वर्षों में परिवर्तन अवश्य आयेगा। उन्होंने कहा कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र में कृषि क्षेत्र की अपार सम्भावनायें हैं जिस ओर विश्वविद्यालय पूर्णतया प्रयत्नशील है। उन्होंने कहा कि किसानों के बीच में बैठकर कृषि के विषय में वैज्ञानिक जानकारी दें ताकि किसान कृषि कार्यए वैज्ञानिक एवं उन्नतिशील तरीके से करके अपना उत्पादन बढा सकें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा दलहनए तिलहन मिशन के अन्तर्गत मूंगफलीए सरसोंए अलसीए तिलहन में आत्मनिर्भर बनने के लिए कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आंगनबाडी केन्द्रों में बच्चों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिये जाने तथा स्वच्छता के बारे में बच्चों की आदत डलवाये जाने के साथ बच्चों हेतु उपयोगी सामग्री की किट उपलब्ध कराये जाने के साथ बच्चों के लिए खिलौनो की सामग्री गरीब बच्चों को छोटी साइकिलए कुर्सीए मेजए किताबए स्टेशनरी किट आगनवाडी कार्यकत्रियों को वितरित किया। कार्यक्रम में उन्होंने राजभवन से प्राप्त पुस्तकों के सेट का वितरण जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी को किया।

दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने वर्ष 2025 में स्नातनध्स्नातकोत्तर में मेडल प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रध्छात्राओं को उपाधियां प्रदान की गयीए जिसमें कृषि संकायए उद्यानए वानकीए सामुदायिक विज्ञान संकायए पीएचडी कृषि एवं उद्यान संकाय के छात्रध्छात्राओं को बीएससीए एमएससी व पीएचडी की उपाधियां प्रदान की गयींए जिसमें उद्यान संकाय में अंश सक्सेना को कुलाधिपति स्वर्ण पदकए कु0देवांशिका यादवए प्रिया कायलए मो0 आरिफ को स्वर्ण पदक प्रदान किया। साबान को कुलपति स्पर्ण पदकए दीपक को रजत पदकए आकांक्षा चैहान को कांस्य पदक प्रदान किया गया। कृषि संकाय में आलोक साहू को कुलपति स्वर्ण पदकए सौम्या पाण्डेय को रजत पदकए सृजन यादव को कांस्य पदक प्रदान किया। वानिकी संकाय में अभिलाष यादव को कुलपति स्वर्ण पदकए सुधीर प्रजापति को रजत पदन तथा ऋत्विक रोशन को कांस्य पदक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूसा कृषि अनुसंधान नई दिल्ली के निदेशक चिरूपमश्री निवास राव ने मेडल एवं उपाधि प्राप्त करने वाले छात्रध्छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की उम्मीद करते हुए कहा कि बदलते जलवायु परिवर्तन को दृष्टिगत रखते हुए कृषकों को जलवायु अनुकूल कृषि कार्य करके अपनी फसलों का उत्पादन करने की आवश्यकता है क्योंकि अधिकतर किसान वर्षा पर कृषि हेतु निर्भर रहते हैं। उन्होंने कहा कि यह कृषि विश्वविद्यालय आईआरआई कृषि अनुसंधान पूसा के साथ मिलकर काम करे तो शोध के क्षेत्र में और प्रगति होगी। उन्होंने कहा कि तिलहन और दलहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने की आवश्यकता है। मिट्टी के कार्बन को बढाने की आवश्यकता हैए फसल उत्पादन हेतु मिट्टी का परीक्षण आवश्यक है। माइक्रो एरीग्रेशन को बुन्देलखण्ड में अपनाना चाहिए। सोलर एनर्जी के क्षेत्र में कार्य करने की आवश्यकता है। एग्रीकल्चर बिजनेस मैनेजमेन्ट बढाना है तथा सोलर एनर्जी के क्षेत्र में कार्य किये जाने की जरूरत है। कार्यक्रम में कुलपति प्रो0 ;डॉ0द्ध एस0वी0एस0राजूए कुलसचिव डॉ0 एस0के0सिंहए पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेयए गौसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ताए आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा अजीत कुमारए पुलिस उप महानिरीक्षक राजेश एसए जिलाधिकारी बांदा जे0 रीभाए पुलिस अधीक्षक पलाश बंसलए सहित अपर जिलाधिकारी वि0ध्रा0 कुमार धर्मेन्द्रए प्रबन्ध परिषद एवं विद्वत परिषद के सम्मानित सदस्यगणए आमंत्रित अतिथिगणए आंगनबाडी कार्यकत्रियांए पत्रकार बन्धुए विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारीगणए छात्र एवं छात्राएंए उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सलाहकार समिति बैंकर्स की बैठक संपन्न हुई



स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा। जिलाधिकारी जे0रीभा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सलाहकार समिति बैंकर्स की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान वर्ष 2025.26 की प्रगति समीक्षा करते हुए बैंकों में लंबित आवेदनों के निस्तारण करने के निर्देश दिए। आप सभी को ज्ञात हो कि उन्होंने बैंक आफ इंडियाए बैंक ऑफ़ महाराष्ट्रए उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखओ में लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने के लिए बैंक प्रतिनिधियों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत इंडियन बैंकए बैंक ऑफ़ बड़ोदा एवं आईडीबीआई बैंक में लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। एक जनपद एक उत्पाद योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए सेंट्रल बैंक आफ इंडिया एवं यूनियन बैंक में लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने निर्देश दिए। किसान क्रेडिट कार्ड योजना तथा मत्स्य पालकों को किसान क्रेडिट कार्ड बनाए जाने के संबंध में आर्यावर्त बैंक एवं बैंक ऑफ़ बडौदाए सेंट्रल बैंक को निर्देश दिए। बैठक में सहायक निदेशक मत्स्य के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सो कॉल्ड नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के अंतर्गत बैंकों को सीसीएल किए जाने के संबंध में आर्यावर्त बैंकए बैंक ऑफ़ इंडिया तथा सेंट्रल बैंक के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया। उन्होंने बैंकर्स को सीडी रेशियों बढ़ाए जाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना एवं जन सुरक्षा अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए पीएम सूर्य घर योजना में स्टेट बैंक ऑफ़ इंडियाए सेंट्रल बैंक एवं इंडियन बैंक में लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण कर लाभार्थियों को सब्सिडी दिलाए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेयए लीड बैंक मैनेजरए आरबीआई के प्रतिनिधि तथा संबंधित बैंकों के बैंक प्रबंधक एवं प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

## खबर एक नज़र

### कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गांजे के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**अतर्रा बांदा।** थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अवैध सूखे गांजे के साथ अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार । अभियुक्त के कब्जे से 1312 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद । आप सभी को ज्ञात हो की

जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अवैध सूखे गांजे के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि कल दिनांक 15ण्10ण्2025 को देर शाम थाना कोतवाली नगर पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति के आरटीओ चौराहे के पास खड़े होने की सूचना प्राप्त हुई सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर जाकर अभियुक्त को पकड़कर तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ । अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत किया गया । बरामद 1312 ग्राम अवैध सूखा गांजा गिरफ्तार अभियुक्त रामबाबू पुत्र घसीटा निवासी पपरेंदा थाना चिल्ला जनपद बांदा । इस अवसर पर उ0नि0 गजेन्द्र सिंह हे0कां0 इन्द्रपाल 1

### आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने नगर में फ्लाइंग मार्च किया

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**अतर्रा बांदा ।** आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र बांदा राजेशण्एसण्एपुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराजए सहायक पुलिस अधीक्षक बांदाध्क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री मेविस टॉक तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर मय फोर्स द्वारा नगर क्षेत्र के मुख्य बाजारों एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त किया गया।गश्त के दौरान अधिकारियों द्वारा बाजारों का भ्रमण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा दुकानदारों एवं आमजन से संवाद स्थापित कर शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। पुलिस कर्मियों को सतर्क रहकर ड्यूटी करने एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

### 310 ग्राम सूखे गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

चित्रकूटः आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मऊ के उपनिरीक्षक मुन्नीलाल तथा उनकी टीम आरक्षी शुभम त्रिपाठी व प्रकाश मिश्रा द्वारा आरोपी अनीष सिंह उर्फ राहुल सिंह पटेल निवासी चकभडेसर मजरा पिपरौद थाना मऊ को 310 ग्राम सूखा गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना मऊ में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### परम्परागत संगीत के साथ होगी, दिवाली में खुशहाली

चित्रकूटः आज से दो दशक पूर्व कोल बाहुल्य गांव में जाड़े के दिनों में निजी समारोहों, सामाजिक पर्वों में ढोल नगड़िया की थाप में गीत एवं नृत्य के स्वर सुनाई दिया करते थे। भौतिक विकास की चकाचौंध में धीरे-धीरे ये सब कुछ छूटता गया। गाने, बजाने, नाचने वाली पीढ़ी भी या तो संसार से विदा हो गई या जो वृद्धजन बचे, उनकी कोई आवाज नहीं रही। साथ ही मोबाइल के आ जाने से सामाजिक ताना बाना जोरों से प्रभावित हुआ। ऐसे में अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान के सहयोग से वानप्रस्थ संगठन के बलवीर सिंह के नेतृत्व में चित्रकूट के समाजसेवी 19 अक्टूबर को मानिकपुर के डोडामाफी में बिजहना नाम के छोटे से मजरे में आदिवासी कोलों के साथ दीवाली उपहार देने, उनके साथ सहभोज में शामिल होने पहुंच रहे हैं। इस समाचार से प्रमुदित होकर ग्रामीण को अपनी पुरानी परंपरा के स्वागत की याद आ रही है। पुरानी परंपरा में ढोल नगड़िया की थाप में कोलहाई, टिप्पा, सजनई, राई आदि के गीत एवं नृत्य उनकी स्मृति में आ रहे हैं। नगड़िया, मजीरे की चाहत संस्थान के माध्यम से आज पूरी हो रही है। संगीत उपकरण देखकर सभी आदिवासियों के चेहरों की मुस्कान, उमंग, विश्वास देखने योग्य लगी। गांव को बचाना है तो सामाजिक एकता, सौहार्द के ताने-बानों को बनाए रखने वाली सांस्कृतिक परंपराओं को फिर से जिंदा करना होगा। अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान द्वारा जुलाई 2025 से सघन रूप से डोडा माफी सहित पड़ोसी 5 ग्राम पंचायतों के 15 गांवों में पंच तत्व संरक्षण एवं विकास के लिए काम कर रही है। वर्तमान में डोडा गांव में मेडबंदी, बागवानी, प्राकृतिक खेती के प्रदर्शन आदि कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं।

## छापामार अभियान चलने से मिलावटखोरों में चला हड़कंप



**चित्रकूट:** आगामी दीपावली पर्व के तहत जनपदवासियों को मिलावट रहित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरुवार को खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा छापामार अभियान चलाकर संदिग्ध खाद्य सामग्रियों के 03 नमूने संकलित कर जाँच के लिए भेजे गए। साथ ही अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थों को मौके पर नष्ट कराया गया।

सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय शशांक त्रिपाठी ने बताया कि जनपदवासियों को त्योहारों के दृष्टिगत मिलावटरहित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा छापामार अभियान चलाया गया। बताया कि छापामार अभियान के तहत वह अपनी टीम खाद्य सुरक्षा अधिकारी रत्नाकर सिंह व विनय कुमार के साथ जनपद के प्रतिष्ठानों में बिकने वाले खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच की। साथ ही कुछ प्रतिष्ठानों से संदिग्ध खाद्य पदार्थों के नमूने भी संकलित किए। जिसमें पेड़ा, सरसों का तेल, पनीर आदि के नमूनों को संकलित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। साथ ही 73 किग्रा सरसों का तेल अनुमानित मूल्य 13,140 रुपये को सीज किया गया। इसके अलावा 6000 रुपये लागत के 30 किग्रा खाद्य पदार्थ फिंगर, चिप्स, मिठाई व मोगौड़ा आदि को अस्वास्थ्यकर एवं दूषित पाए जाने पर मौके पर नष्ट कराया गया। साथ ही प्रतिष्ठान संचालकों को खाद्य पदार्थों को ढ़ककर बेचने व बेहतर साफ-सफाई बनाए रखने के लिए निर्देशित किया गया। इस मौके पर राजापुर की नायब तहसीलदार पारुल सिंह परिहार भी मौजूद रहीं।

# थाना अतर्रा पुलिस द्वारा भारी मात्रा में अवैध पटाखे सहित अभियुक्त को किया गिरफ्तार




स्वतंत्र भारत संवाददाता

अतर्रा बांदा। थाना अतर्रा पुलिस द्वारा अवैध पटाखों का निर्माण और बिक्री करने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तारए अभियुक्त के कब्जे से लगभग 167 किलोग्राम अवैध पटाखा सामग्री बरामद । सतना ;म0प्र0द्ध से अवैध पटाखे लाकर बांदा में बिक्री की फिराक में था अभियुक्त । आप सभी को ज्ञात हो कि

जनपद में सुरक्षित सौम्य एवं दुर्घटनारहित दीपावली सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से जनपद में अवैध पटाखों का निर्माणए संग्रहण व बिक्री करने वालों के विरुद्ध बांदा पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी अतर्रा प्रवीण कुमार के नेतृत्व में थाना अतर्रा पुलिस द्वारा आज दिन गुरुवार को भारी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया । गौरतलब हो कि आज दिन गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक अतर्रा ऋशिदेव सिंह व उनकी टीम द्वारा अवैध पटाखों का निर्माण संग्रहण व बिक्री करने वालों की लोकल स्तर पर सूचना संकलित की जा रही थीए इसी दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली कि एक बिना नम्बर प्लेट की बोलेरो में बड़े.बड़े पैकटों में अवैध पटाखे लादकर जा रहा हैए पुलिस टीम द्वारा बबेरु बस स्टैण्ड मोबाइल वाली गली के पास वाहन को रोककर चेकिंग की गई तो 06 बड़े गत्तों लगभग 167 किलोग्राम वजन के अवैध पटाखों के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया । पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह सतना से अवैध पटाखे लाकर बांदा में बेचने के फिराक में था । परिवहन में प्रयुक्त वाहन को कब्जे में लेते हुए सीज कर दिया गया है। मौके पर फील्ड यूनिट तथा बम डिस्पोजल टीम द्वारा बारुद का नमूना लेते हुए आवश्यक कार्यवाही की गई ।

बरामद सामग्री=लगभग 167 किलोग्राम वजन के अवैध पटाखेध्पटाखा सामग्रीपरिवहन में प्रयुक्त बोलेरो गिरफ्तार अभियुक्त

जगदीश पुत्र भगवानदीन नि0 मुहल्ला लख्मी थोक कस्बा व थाना बिसण्डा जनपद बांदा ।

इस अवसर पर व0उ0नि0 प्रेमपाल सिह कस्बा चौकी प्रभारी उ0नि0 मणिशंकर मिश्रा कां0 मनोज कुमार

# ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चलाएं सघन अभियान-डीएम



चित्रकूट: कानून व्यवस्था, अभियोजन एवं महिला अपराधों की विशेष समीक्षा बैठक गुरुवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, गैगेस्टर, महिलाओं व बालिकाओं के विरूद्ध अपराध, पास्को, गिरोह बंद अधिनियम, आगामी त्योहारों एवं राष्ट्रीय पर्वों के दृष्टिगत खाद्य पदार्थ एवं औषधियों पर मिलावटखोरी के नियंत्रण सहित अन्य विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी थाना अध्यक्षो को निर्देशित किया कि गैंगस्टर के मुकदमे बेस केश से पहले होनी चाहिए, यह सुनिश्चित कराएं। पास्को के संबंध में उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक सजा कराएं। ओवरलोडिंग के संबंध में कहा कि अभियान चलाकर ओवरलोडिंग पकड़े। जनपद में ओवरलोडिंग नहीं होनी चाहिए। जिला खनिज अधिकारी को निर्देशित किया कि जरूरत पड़ने पर पुलिस क्षेत्राधिकार से फोर्स की मांग करें। अवैध शराब के संबंध में कहा कि कोई भी अवैध शराब नहीं बननी चाहिए। नदियों के किनारे कच्ची शराब बनाई जाती है, आगामी त्योहारों को देखते हुए अभी से अभियान चलाकर पकड़े। खाद्य सुरक्षा के संबंध में कहा कि दीपावली पर्व के दृष्टिगत टीम के साथ संयुक्त रूप से अभियान चला कर छापामारी करें। गवाहों की उपस्थिति के संबंध में थाना प्रभारीयो को निर्देशित किया कि गवाहों की उपस्थिति अवश्य कराएं। साथ ही गवाही के लिए आने पर हस्ताक्षर भी कराए। आर्म्स अधिनियम के संबंध में कहा कि गवाहों की उपस्थित में होने वाली समस्याओं को समाप्त कराते हुए शत-प्रतिशत उपस्थिति कराएं। शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि आख्या सही व समय से आनी चाहिए।

पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्षों से कहा कि महिला संबंधी अपराधियों आदि के खिलाफ त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह सहित संबंधित अधिकारी, शासकीय अधिवक्ता व थानाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

## सहकारी समितियों में पहुंची उर्वरक की भारी खेप- ए आर कोआपरेटिव

- 39 समितियां, चार पीसीएफ एक आईएफ्डीसी मंडी, एक डीसीएफभौंरी बिक्री केंद्रों में हुआ आवंटन

चित्रकूट ब्यूरोः जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने मंगलवार को जिले के समस्त सहकारी समितियों एवं निजी उर्वरक बिक्री केंद्रों में भारी मात्रा में खाद आवंटित कर वितरित करने के निर्देश दिए हैं।

सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता के मुताबिक जिले में आरसीएफसे इफ्को की 1058 एमटी डीएपी, कृभको की 552.700 एमटी डीएपी एवं आईपीएल कंपनी की 300 एमटी डीएपी की भारी मात्रा में खाद प्राप्त हुई है। जिसको जिलाधिकारी से समस्त सहकारी समितियों और निजी उर्वरक बिक्री केंद्रों के लिए आवंटन का आदेश कराकर कल से किसानों के बीच खाद का वितरण कराया जाएगा। जिले के सभी समितियों में खाद भेजी जा रही है। इसके बाद भी खाद की कई खेप आवंटित की जाएगी।सहायक निबंधक सहकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि जिले में उर्वरक का कोई संकट नहीं है। किसानों को रबी की बुवाई के लिए उर्वरक के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। इसके अलावा नवंबर माह में डीएपी खाद की अधिक उपलब्धता के लिए डिमांड भेजी गई है, जो आवंटित होने पर अधिक उपलब्धता के साथ किसानों को वितरित की जाएगी। उन्होंने समस्त किसानों से अपनी जोत के आधार पर खतौनी लेकर 39 समितियां, चार पीसीएफ एक आईएफ्डीसी मंडी, एक डीसीएफभौंरी बिक्री केंद्रों से अपने क्षेत्रीय बिक्री केंद्रों से ही खाद प्राप्त करने की अपील की है।

## खेलकूद प्रतियोगिता में बाल खिलाड़ियों ने दिखाया दम

चित्रकूटः सदर ब्लाक के राजकीय इण्टर कॉलिज घुरेटनपुर में 27वीं क्षेत्रीय बालक-बालिका खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। तीन दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दिन बाल खिलाड़ियों के बीच जीत-हार को लेकर कांटे का मुकाबला हुआ। तीन दिवसीय क्षेत्रीय बालक-बालिका खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने मशाल जलाकर और ध्वजारोहण कर किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता में हार और जीत का महत्व नहीं होता, बल्कि खेल भावना सर्वोपरि रहनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली इन प्रतियोगिताओं से ही राज्य और राष्ट्र स्तर के खिलाड़ी निकलकर सामने आते है। प्रतियोगिता के दौरान 200 मी., 1500 मी. व 5000 मी. दौड़ के अलावा डिस्कस थ्रो, गोला फेंक, लम्बी कूद, ऊंची कूद में बाल खिलाड़ियों ने जीत हासिल करने के लिए जमकर संघर्ष किया। इस मौके पर चित्रकूट इण्टर कॉलिज के प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चौहान, ज्ञान भारती इण्टर कॉलिज के प्रधानाचार्य छोटेलाल सिंह, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य जेपी मिश्रा आदि मौजूद रहे। आभार प्रदर्शन रैली संयोजक राजकीय इण्टर कॉलिज घुरेटनपुर के प्रधानाचार्य हरिश्चन्द्र ने किया।

## बच्चों के संरक्षण के मुद्दों के साथ बाल अधिकारों को लेकर हुई चर्चा

चित्रकूटः ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति मऊ की बैठक गुरुवार को मऊ ब्लाक परिसर में आयोजित की गई। जिसमें बाल संरक्षण व अधिकारों के प्रति समिति के सदस्यों को जागरूक करते हुए इसका लाभ बच्चों को दिलाने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में खण्ड विकास अधिकारी ओमप्रकाश यादव ने समिति के सदस्यों को बच्चों के संरक्षण के मुद्दों के साथ बाल अधिकारों, जीने का अधिकार, विकास का अधिकार आदि दिलाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समित को सक्रिय कर बैठके आयोजित करने के निर्देश दिए। इसमें आंगनबाड़ी, एएनएम, अध्यापक, सचिव, सामाजिक कार्यकर्ता की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। बाल संरक्षण अधिकारी डॉ सौरभ सिंह ने पूर्व की बैठकों की कार्यवाही से अवगत कराया। कहा कि देखरेख व संरक्षण की आवश्यका वाले बच्चों को चिन्हित किया जाए। बाल विकास परियोजना अधिकारी धर्मेंद्र सिंह ने सभी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों से कहा कि बालश्रम व बाल विवाह होने की जानकारी तुरन्त पुलिस और टोल फ्री नम्बर दें। विज्ञान फाउंडेशन समन्वयक रीना सिंह ने क्षेत्र में किये गये प्रयास व बच्चों के संरक्षण में आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए कार्य करने पर जोर दिया। उपनिरीक्षक थाना मऊ अनूप शुक्ला द्वारा विधि का उलंघन करने वाले बच्चों के ऊपर की जाने वाली सुधारात्मक कार्यवाही से अवगत कराया। बैठक में बीईओ कृष्ण दत्त पाण्डेय, रोहनी देवी, अजय पाल सिंह एडीओ पंचायत, आदि मौजूद रहे।

## किशोरी ने खाई चूहामार दबाए हालात गम्भीर

इकदिलए इटावा। किसी बात से छुब्ध होकर एक किशोरी ने चूहामार दबाई का सेवन कर लिया। नगर के मोहल्ला लुधियात के रहने वाले हुल्ले की 17 वर्षीय बेटी बबली ने बुधवार सुबह किसी बात से नाराज होकर चूहा मार दवा का सेवन कर लिया हालात बिगड़ने पर परिजन लोग एम्बुलेंस से बेहोशी की हालत में उसे जिला अस्पताल ले गए।

# सांसद खेल महोत्सव में भाग लेने के लिए 6314 प्रतिभागियों ने कराया रजिस्ट्रेशन




पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद मुकेश राजपूत साथ में भाजपा जिला अध्यक्ष पार्टी प्रवक्ता तथा अन्य पदाधिकारी

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद। भाजपा सांसद मुकेश राजपूत ने बताया लोकसभा फर्रुखाबाद के अंतर्गत सांसद खेल महोत्सव का आयोजन होगा जिसमें खेल से जुड़े हुए खिलाड़ियों दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ जनों को विभिन्न खेलों में प्रतिभा करने का अवसर मिलेगा इसके लिए जिले में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के द्वारा पूरे लोकसभा क्षेत्र में 6314 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन किया है ।

फतेहगढ़ की स्पोर्ट्स स्टेडियम में पत्रकारों को जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि लोकसभा क्षेत्र के अलीगंज विधानसभा से 105 कायमगंज से 1675 अमृतपुर से 886 फर्रुखाबाद सदर 2451 एवं भोजपुर से 1197 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन हुए है ऑफ्लाइन के माध्यम से भी खिलाड़ी अपनी अपनी विधानसभा में रजिस्ट्रेशन करा कर खेल में प्रतिभाग कर सकते हैं। दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ जनों के लिए सांसद खेल महोत्सव में मौका दिया जाएगा वह भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं 17 अक्टूबर से आयोजित होकर यह महोत्सव 21 दिसंबर तक चलेगा जिसमें विभिन्न खेल आयोजित होंगे जिसमें खो.खो कबड्डी वॉलीबॉल बैडमिंटन एथलेटिक्स मैराथन एवं क्रिकेट आदि सम्मिलित रहेंगे।

राजपूत बताया कि वरिष्ठ जनों के लिए रस्सा.कस्सी एवं पैदल दौड़ना जैसे खेल शामिल होंगे लोकसभा क्षेत्र के तहत जनपद की चारों विधानसभा क्षेत्र में स्थित स्पोर्ट्स ग्राउंड में यह कार्यक्रम आयोजित होगा।

सांसद खेल महोत्सव युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा का महापर्व है।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा रश्मि दुबे वीरेंद्र कठेरिया अमरदीप दीक्षित जिला क्रीड़ा अधिकारी कर्मवीर सिंह यादव एवं जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत के खाते में अधिक धनराशि डंप करने वाले नौ सचिवों को नोटिस देने के निर्देश



स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद। मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ ने केंद्रीय एवं राज्य वित्त की धनराशि अधिक मात्रा में ग्राम पंचायत में अवशेष रखने एवं अन्य विकास योजनाओं में कम प्रगति करने वाले सचिवों की समीक्षा की गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने पंचायत सचिवों को संबोधित करते हुए कहा की ग्राम निधि में पर्याप्त धनराशि होने के उपरांत भी ग्रामों में विकास कार्य न कराकर धनराशि को अनावश्यक रूप से ग्राम निधि खातों में डम्प रखना आपकी अकर्मण्यता को दर्शाता है ।

उन्होंने पंचायत सहायकों एवं सामुदायिक शौचालय की केयरटेकर का लंबित भुगतान तत्काल किए जाने के निर्देश दिए हैं ।

उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि बैठक में अनुपस्थित रहने वाले एवं अत्यधिक धनराशि खातों में अनावश्यक रूप से अवशेष रखने वाले सचिवों को नोटिस जारी करें।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि आइजीआरएस में प्राप्त संदर्भों को लंबे समय तक लंबित न रखकर उनका तत्काल मौके पर जाकर एवं शिकायतकर्ता से बात कर शिकायत का निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा जो ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र निर्माणाधीन है उन्हें तत्काल पूर्ण कराये।

जनपद का प्रत्येक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र संचालित अवस्था में होना चाहिए एवं ग्राम वासियों से यूजर चार्ज भी जमा किया जाए।फैमिली आईडी का कार्य भी शीघ्रता से पूर्ण किया जाए।

उन्होंने बताया कि अच्छा कार्य करने वाले कर्मियों को पुरस्कृत एवं लापरवाह कर्मियों को दंडित किया जाएगा। जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी ने कहा कि सभी सचिव शासन की चलाई जा रही सभी योजनाओं को पूर्ण रूप से अपनी ग्राम पंचायत में लागू करे।

जिला पंचायत राज अधिकारी राजेश चौरसिया ने बताया कि बैठक में बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने वाले सचिव रंजीत यादव रविंद्र सिंह अतुल अग्निहोत्री विनय कुमार सिंह मोतीलाल यादव अमित शुक्ला अभय प्रताप एवं अत्यधिक अवशेक धनराशि रखने वाले शिवपाल सिंह अनुपम बाजपेई आकांक्षा सक्सेना नीरू दीक्षित राजीव गौतम सौरभ कुमार विवेक कुमार प्रशांत कटियार अमित यादव को कारण बताओं नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

बैठक में डीपीएम विजय पाल सहायक विकास अधिकारी पंचायत सत्यनारायण सिंह एवं संबंधित ए डी ओ पंचायत मौजूद रहे।

## दीपावली त्योहार के मद्देनजर बाजारों में बढ़ाई जाये सुरक्षा

इटावा। पुलिस लाइन सभागार में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी की अध्यक्षता में आहुत की गईए बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुरए सीओ जसवंतनगर आयुशी सिंह सहित जिले अन्य प्रमुख अधिकारियों ने भी भाग लिया।

उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने त्योहार के मद्देनजर जिले के प्रमुख बाजारों में अतिरिक्त सुरक्षा बल बडाये जाने की मांग की हैए दिवाली के दृष्टिगत बाजारों में भीड़ बड़ रही हैए जिसमें महिलाओं की संख्या ज्यादा है भीड़ का फायदा उठाकर अराजक तत्व भी सक्रिय हो जाते हैं इसलिए बाजारों में अतिरिक्त फोर्स लगाई जायेएसाथ ही तीन पहिया और चार पहिया वाहनों को भीड़ वाले बाजारों से जाने से रोका जाए। जिले की तीनों प्रमुख गल्ला मंडी इटावाए भरथना और जसवंत नगर में इस समय धान की आवक हो रही हैएइस कारण मंडी यों के अन्दर और मुख्य मार्गों पर भी जाम लग रहा हैए मंडी समितियों को निर्देशित किया जाये इसकी सही व्यवस्था करें। व्यापार मंडल ने मांग की कि गुरु तेग बहादुर ओवर ब्रिज से मालगोदाम रोड पर खाली पड़ी सरकारी जमीनों पर अवैध बाजार बकाया टीन शेड आदि डालकर बनाये जा रहे हैंए एक तरफ प्रशासन अतिक्रमण अभियान चला कर स्थायी व्यापारीयों पर जुर्माना वसूलता है वहीं दूसरी तरफ बाकायदा परमीशन देकर सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण करवा रहा है ये दौहरी नीति हैए व्यापार मंडल ने दिवाली के दिन अग्नि कांडों से बचाव के लिए सभी प्रमुख बाजारों में फायर ब्रिगेड को तैनात करने की मांग की गई इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अशोक जाटवए महिला जिलाध्यक्ष गुड्डी बाजपेईए उपाध्यक्ष शकीला बेगमए महामंत्री ममता दुबेए ज्योति पालीवालए चांदनीए रिंकू यादव आदि मौजूद रहे।

# सोशल मीडिया के इस्तेमाल में सावधानी बरतें-सीओ सिटी




स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद। महिला कल्याण विभाग की ओर से आयोजित मिशन शक्ति अभियान 5 के तहत रखा बालिका इंटर कॉलेज में बालिकाओं को जागरूक किया गया जेंडर स्पेशलिस्ट निर्मला राजपूत ने जिसमें बालिकाओं को उनके हक के बारे में बताया जब कही कोई उनके साथ अप्रिय घटना हो तत्काल टोल फ्री नंबर मिलाए और अपनी समस्या बताए पुलिस आपातकालीन 112 के बारे में भी बताया गया

मुख्य मंत्री कन्या सुमंगला योजना मुख्य मंत्री बाल सेवा योजना स्पॉन्सरशिप योजना चाइल्ड लाइन के बारे में भी अवगत कराया सेंटर मैनेजर पूजा ने वन स्टाफ सेंटर के बारे में बालिकाओं को जानकारी दी गई सी ओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय ने साइबर क्राइम के बारे में बालिकाओं को जागरूक करते हुए सोशल मीडिया इस्तेमाल पर सावधानी बरतनी की बात कही उन्होंने कहा कि बिना पहचान के कोई भी फोटो ना शेयर करें और ना ही अपरिचित से बात करें उन्होंने साइबर ठगी के बारे में भी जानकारी देते हुए बताया कि इनाम के लालच में कोई भी बैंक संबंधी सूचना शेयर ना करें कार्यक्रम में महिला थाना अध्यक्ष रक्षा सिंह प्रधानाचार्य नीतू मसीह एवं कॉलेज की शिक्षिकाएं तथा भारी संख्या में छात्राएं मौजूद रही

## दंडवत यात्रा कर प्रेमानंद महाराज के दर्शन करने के लिए जा रहे भक्तों का स्वागत कर अंग वस्त्र भेट दिए



छिबरामऊ कन्नौज शहर से जाते हुए स्वामी प्रेमानंद महाराज के भक्तों का स्वागत सत्कार अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेवा गौ रक्षा प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक द्वारा किया गया ।

फतेहपुर से पदयात्रा करते हुए रात्रि में स्वामी प्रेमानंद महाराज की भक्त शहर के पश्चिमी बाईपास स्थित पंडित कन्हैया लाल पांडे मार्केट में अंतरराष्ट्रीय हिंदू सेवा शक्ति गौ रक्षा प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक रंजीत पांडे पंडित बनारसी दास शास्त्री पंडित अनूप द्विवेदी कृष्णा पांडे सचिन कुमार पांडे एडवोकेट ने पदयात्रा कर रहे भक्त का स्वागत किया लखनऊ से दंडवत यात्रा करते हुए परम पूज्य संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन के लिए जा रही टीम का स्वागत तिलक लगाकर माल्यार्पण कर अंग वस्त्र भेंट दिए।

## मिशन शक्ति नारी सुरक्षा नारी सम्मान व साइबर संबंधित अपराध के बारे मे अवगत कराया



विशुनगढ़ कन्नौज । नया नगला उस्मानपुर जनपद कन्नौज में चौपाल लगाकर उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेस 5ण0 अभियान ' नारी सुरक्षा नारी सम्मान' एवं एंटी रोमियो के तहत भ्रमण किया गया तो महिलाओं को एकत्रित करके मिशन शक्ति नारी सुरक्षा नारी सम्मान व साइबर संबंधित अपराध के बारे मे अवगत कराया। उन्हें किसी भी प्रकार की पुलिस सहायता हेतु वीमेन पावर लाइन 1090 व न्च112 व ऑपरेशन कवच व 181 महिला हेल्पलाइन ' व '1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व 1098 चाइल्ड लाइन व 155260 व 1930साइबर क्राइम अपराध के बारे में बताया गया व अन्य कानूनी जानकारी दी और उनको जागरूक किया गया ।

# मंत्री संजय निषाद ने मायावती की जमकर तारीफकी

इटावा। उत्तर प्रदेश सरकार में मत्स्य विभाग के कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉण् संजय कुमार निषाद गुरुवार को इटावा पहुंचे। उन्होंने सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के साथ बैठक कर प्रशासनिक व्यवस्थाए कानून.व्यवस्था और विकास कार्यों की समीक्षा की। बाद में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की प्रशंसा करते हुए उन्हें जननायक बताया और समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा।

मंत्री संजय निषाद ने कहा कि मायावती ने कांशीराम के मिशन को आगे बढ़ाते हुए दबे.कुचले समाज को सत्ता तक पहुंचाने का काम कियाए इसलिए वह जननायक कहलाने की हकदार हैं। उन्होंने कहाए श्अगर बहनजी ने योगी सरकार के कामों की सराहना की है तो यह अच्छी बात है। पिछली सरकारों ने कांशीराम ट्रस्ट का पैसा खर्च नहीं कियाए जबकि योगी सरकार ने उसे कांशीराम जी के मिशन में लगाया है। जब अच्छा काम हुआ हैए तो बहनजी को कहना ही पड़ेगा।। सपा विधायक रामचल के रामायण और हिंदू धर्म पर दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री ने कहा कि किसी भी धर्म या आस्था का अपमान नहीं होना चाहिए। राजनीति सेवा और संवाद का माध्यम हैए न कि किसी की भावना को ठेस पहुंचाने का। उन्होंने कहा कि ऐसी टिप्पणियाँ समाज को तोड़ने का काम करती हैंए जबकि राजनीति का उद्देश्य समाज को जोड़ना होना चाहिए। सपा पर निशाना साधते हुए संजय निषाद ने कहा कि सपा सरकार ने आंबेडकरवादी मिशन को कमजोर करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने महापुरुषों के नाम बदलकर समाज के साथ अन्याय किया। श्हम कांशीराम मिशन के लोग हैंए समानता और न्याय के लिए काम करना ही हमारा कर्तव्य हैएश् उन्होंने कहा। वोटर लिस्ट सुधार को लेकर उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट को आधार कार्ड से जोड़ने की जरूरत है ताकि पारदर्शिता बनी रहे और फर्जी नाम हटाए जा सकें। उन्होंने सुझाव दिया कि हर मतदाता की पहचान बायोमेट्रिक प्रणाली से सुनिश्चित की जा सकती है। जिन गरीबों के पास झोपड़ी तक नहीं हैए उनके लिए सरकार को व्यवस्था करनी चाहिएए लेकिन जिनके दो वोटर कार्ड हैंए उनके नाम हटाए जाने चाहिएए उन्होंने कहा। इटावा दौरे के दौरान मंत्री ने मत्स्य पालन योजनाओं की समीक्षा भी की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समय से पहुंचे।

# शिक्षकों ने बोर्ड परीक्षा का पारिश्रमिक दिलाने की मांग की

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** शिक्षकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र देकर से 2025 वर्ष का ; केंद्रोंद्ध बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन पारिश्रमिक दिलाने की मांग की है

शिक्षक नेता संतोष दुबे सतेंद्र सिंह ने लोकल टी ए डी ए अभी तक न मिलने के संबंध में वार्ता की और लंबित पारश्रमिक शिक्षकों को दिलाया जाने की मांग की विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने आश्वासन दिया कि समस्या का समाधान शीघ्र ही कर दिया गया जाएगा इस मौके पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार दुबे पूर्व जिला संयुक्त मंत्री सत्येंद्र सिंह एवं शिक्षक साथी केशव गंगवार आदि उपस्थित रहेडन्र्रीमित ।



## खबर एक नज़र

### सड़क बनी तालाब सफाई न होने से ग्रामीण परेशान

इटावा। ग्राम पंचायत सरायऐसर के वुटहर गांव में नाली और सड़क की लंबे समय से सफाई न होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। गांव के मुख्य मार्ग पर करीब 500 मीटर तक नाली पूरी तरह जाम पड़ी हुई है। गंदा पानी सड़क पर फैल जाने से मार्ग तालाब में तब्दील हो गया हैए जिससे लोगों का आना.जाना मुश्किल हो गया है।

ग्रामीण नरेन्द्र कुमार पुत्र रामप्रकाश ने बताया कि उन्होंने कई बार ग्राम प्रधान और सचिव से सफाई कराने की गुहार लगाईए लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। यहां तक कि उनके भाई द्वारा 1076 पर शिकायत दर्ज कराने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि नाली जाम होने से जलभराव लगातार बढ़ रहा हैए जिससे मच्छरों की भरमार हो गई है और बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। सड़क पर घास और कीचड़ जमा होने से बच्चों और बुजुर्गों को निकलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रधान और सचिव ने बिना सफाई किए ही रिपोर्ट पूरी दिखा दीए जिससे गांव की समस्या जस की तस बनी हुई है। गांववासियों ने जिला प्रशासन से शीघ्र सफाई व्यवस्था कराने की मांग की है ताकि आमजन को राहत मिल सके।

### किसान खाद के लिए दर दर भटक रहे है

**भरथनाए इटावा।** विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत साम्हों के किसान आगामी फसल बुआई के लिए खाद के लिए दर.दर भटक रहे हैं। यही हाल तहसील क्षेत्र के अन्य कृषकों का भी हैए उन्हें भी खाद के लिए बेहद परेशानियों का सामना करना पड रहा है। बहुउददेशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति साम्हो से अटैच 30.35 गांवो के किसान खाद के लिए भटक रहे हैं। जबकि समिति में खाद उपलब्ध नहीं हैए बल्कि समिति पर ताला लटक रहा है। एआर कापरेटिव ने किसानो को बताया कि खाद भेज दी गयी है। किसान सभा साम्हों कमेटी के अध्यक्ष सुरेश चंद्र यादवए किसान राजवीर सिंहए भूरे सिंहए संजय सिंहए राधेश्यामए ऊदल सिंह सहित कई किसान खाद के लिए समिति के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन समिति पर ताला लटका देख मायूस होकर वापस लौट रहे हैं। किसान सभा के नेता सुरेश चंद्र ने जिलाधिकारी से रबी की फसल हेतु पर्याप्त खाद की मांग करते हुए कहा कि यदि खाद समय से न मिलीए तो किसान आंदोलन के लिए मजबूर होगें।

### स्तन कैंसर की रोकथाम के लिए महिलाओं में जागरूकता बढ़ाने की पहल

**सैफईए इटावा।** स्तन कैंसर जागरूकता माह के अवसर पर उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालयए सैफई ने महिलाओं में स्तन कैंसर की रोकथामए शीघ्र पहचान और समय पर उपचार के महत्व को लेकर एक जागरूकता आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया। यह पहल महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाने और स्तन कैंसर के खतरों से अवगत कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक चिकित्साए ऑन्कोलॉजी और एंडोक्राइन सर्जरी विभागों के संयुक्त तत्वावधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ;सीएचसीद्धए सैफई में किया गया। इस दौरान विभागों के चिकित्सकों ने उपस्थित महिलाओं को स्तन कैंसर के लक्षणए कारण और रोकथाम के उपायों की जानकारी दी।

सामुदायिक चिकित्सा विभाग के डॉण् नरेश पाल सिंह ने महिलाओं को बताया कि स्तन कैंसर के बढ़ते मामलों को रोकने के लिए जरूरी है कि महिलाएं इसके लक्षणों और रोकथाम के तरीकों को जानें और समय.समय पर चिकित्सकीय जांच कराती रहें। एंडोक्राइन विभाग के डॉण् गणेश भट्ट ने स्तन या बगल में गांठए आकार में परिवर्तनए त्वचा में गड्ढे और निप्पल से स्राव जैसी सामान्य चेतावनी संकेतों के प्रति सचेत रहने और किसी भी असामान्यता पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करने की सलाह दी।ऑन्कोलॉजी विभाग के डॉण् सिद्धार्थ ने स्व.स्तन परीक्षण का प्रदर्शन करते हुए महिलाओं को इसका सही तरीका सिखाया। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म के एक सप्ताह बाद महीने में एक बार यह परीक्षण जरूर करना चाहिए ताकि किसी भी असामान्य परिवर्तन को समय पर पहचाना जा सके। इसके साथ ही उन्होंने स्तन कैंसर के उपचार सर्जरीए कीमोथेरेपी और विकिरण चिकित्सा की प्रक्रिया और महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में सामुदायिक चिकित्सा विभाग की डॉण् सुगंधी शर्मा ने उपस्थित महिलाओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया और उनके सवालों का संतोषजनक जवाब दिया। यह पहल यूपी आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालयए द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता को सशक्त बनाने और स्तन कैंसर की रोकथाम एवं शीघ्र निदान का संदेश जन.जन तक पहुँचाने की दिशा में एक सराहनीय कदम साबित हुई।

### विधायका ने पोषण मेले का शुभारंभ किया

**इटावा।** राष्ट्रीय पोषण माह समापन के अवसर पर पोषण मेले का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक सदर सरिता भदौरिया व जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में विकास भवन में आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि द्वारा पोषण मेले में 9 परियोजनाओं द्वारा स्थानीय खाद्य पदार्थ एवं पोषाहार से निर्मित रेसिपी के स्टालों का अवलोकनोपरान्त 3.6 वर्ष आयु के बच्चों द्वारा चित्रकला एवं फैंसी ड्रेसए स्वस्थ्य बालक बालिका स्पर्धा में प्रतिभाग किया गया। तत्पश्चात् नन्हें मुन्हें बच्चों द्वारा नृत्य एवं भावगीत का प्रदर्शन किया गया। निर्णायक मण्डल समिति द्वारा चयनित प्रथमए द्वितीय व तृतीय को मुख्य अतिथि द्वारा शील्ड व प्रशस्ति प्रमाण वितरण किया गया। पोषण मेले में विधायक सदर द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्बोधित कर बच्चों एवं गर्भवती माताओं को पोषण विशेष पर विशेष बल दिया गया। पोषण मेले में परियोजनाओं की गर्भवती माताओं का गोदभराई एवं 5 बच्चों का अन्नप्राशन का कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया साथ ही पोषण पुनर्वास केन्द्र में कुपोषित से सुपोषित हुये 18 बच्चों को पोषण किट का भी वितरण किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारीए इटावा द्वारा मुख्य अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित कर मेले का समापन किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतमए जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### एसडीएम की शिकायत से हुई नाले की सफाई

ऊसराहारए इटावा। आखिरकार शुरू हुआ नाले की सफाई कार्यए एसडीएम के निर्देश पर लगी जेसीबी मशीन काफी इंतजार के बाद कस्बा ऊसराहार स्थित बिधूना मार्ग पर लंबे समय से जाम पड़े नाले की सफाई कार्य आखिरकार शुरू हो गया है। क्षेत्रीय लोगों की बार.बार शिकायतों और लगातार हो रही जलभराव की समस्या को देखते हुए एसडीएम श्वेता मिश्रा के निर्देश पर बुधवार को सफाई अभियान की शुरुआत कराई गई।

एसडीएम श्वेता मिश्रा के आदेश पर ग्राम पंचायत गिरजा देवी ने मौके पर जेसीबी मशीन लगवाकर नाले की सफाई कार्य शुरू कराया। कई वर्षों से नाले में गाद भर जाने और रेंप तथा सीढ़ियां बनने के कारण पानी का निकास रुक गया थाए जिससे बरसात के दौरान सड़क पर जलभराव की समस्या गंभीर हो गई थी। स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों को इससे भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। एसडीएम ने बताया कि नाले पर बने अतिक्रमण स्वरूप रेंप और सीढ़ियों को तुड़वाया जा रहा है ताकि सफाई कार्य में किसी प्रकार की रुकावट न आए और सिल्ट को पूरी तरह निकाला जा सके। उन्होंने साफसफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के लिए एडीओ पंचायत भगवानदास को निर्देश दिए हैं कि सफाई पूरी होने के बाद भी नाले की नियमित रूप से देखरेख की जाए।एडीओ पंचायत भगवान दास ने कहा सडक मार्ग पर बने नाले पर सीढिया या रैंप दुबारा बनाने की कोशिश कोई न करे नाले पर पुनः अतिक्रमण करने पर चालान काटा जाएगा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन के इस कदम की सराहना की और कहा कि यदि नाले की सफाई नियमित रूप से होती रहे तो बरसात में जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी।

### अश्लील हरकतें करने पर युवक को दबोचा

इकदिलए इटावा। एक युवक को अश्लील हरकते करते हुए दबोचा गया है। प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह चौहान ने बताया कि राह चलती महिलाओं व लड़कियों को देखकर अश्लील गाना गाने के साथ हरकतें करने की शिकायत पर गांव मानिकपुर विशू में रहने वाले सूरज पुत्र बैशाखीलाल को सटीक सूचना पर फोर्स ने थाना क्षेत्र में मानिकपुर विशू चौराहे के पास से मंगलवार देर शाम बाद को गिरफ्तार कर लिया। और न्यायालय में प्रस्तुत करके उसे जेल भिजवाया गया।

# रेल मंत्री ने यात्री सुविधाओं से जुड़े विभिन्न कार्यों को राष्ट्र को किया समर्पण



**स्वतंत्र भारत गोरखपुर।** रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी ने आज खातीपुरा रेलवे स्टेशन का दौरा किया और राजस्थान में यात्रियों की सुविधा बढ़ाने तथा आधुनिक और कुशल रेल सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण पहलों की शुरुआत की। ये पहल राज्य के रेल इंफ्रास्ट्रक्चर को रूपांतरित करने और यात्रियों के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम हैं।श्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्थान के 65 रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए किए गए विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इनमें रामसर, सिवानी, लूनी, पृथ्वीराज पुर और भगत की कोठी जैसे स्टेशन शामिल हैं। इन सुधारों में प्रतीक्षालयों का आधुनिकीकरण, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, उन्नत स्वच्छता सुविधाएँ, बैठने की सुविधाएँ, स्पष्ट साइनबोर्ड और दिव्यांगजन के अनुकूल इंतजाम शामिल हैं, जिससे स्टेशन और अधिक सुरक्षित, स्वच्छ और यात्रियों के अनुकूल बन गए है। साथ ही, केंद्रीय मंत्री ने जयपुर-आसारावा एक्सप्रेस की सभी एसी श्रेणियों में मुद्रित कंबल कवर (printed blanket covers) की नई व्यवस्था शुरू की, जिससे यात्रा में स्वच्छता, एकरूपता और आरामदायक अनुभव सुनिश्चित होगा। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रेलवे का विकास कई मोर्चों पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। नई प्रकार की ट्रेनों की शुरुआत, नए स्टेशनों का निर्माण, नई रेल लाइनें, विद्युतीकरण कार्यों की पूर्णता और आधुनिक रखरखाव डिपो का निर्माण जारी है। उन्होंने कहा कि इन सबके साथ ही रेलवे का मुख्य उद्देश्य यात्रियों के जीवन में सार्थक बदलाव लाना है। केंद्रीय बजट 2025-26 में राजस्थान में रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए ?9,960 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जो तेजी से विस्तार और आधुनिकीकरण को आगे बढ़ा रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रदेश में 85 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है, जिनमें से इस वर्ष 8 स्टेशनों का लोकार्पण हो चुका है। राज्य में आज 12 वंदे भारत सेवाएं संचालित हो रही हैं, जो प्रमुख मार्गों पर तेज, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा प्रदान कर रही हैं। ये योजनाएँ राजस्थान में आधुनिक, कुशल और यात्री-केंद्रित बुनियादी ढांचे के निर्माण के प्रति रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

## खाली कराये गए अतिक्रमण का डीएफओ व वन्यजीव प्रतिपालक ने किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय वन रेंज के पड़री बीट के कुशियरा गांव स्थित वनभूमि के अतिक्रमण को वन विभाग कि टीम ने बोई गई तिल्ली को जोतवा कर अतिक्रमण मुक्त करा दिया है। बुधवार को खाली कराये गए अतिक्रमण का प्रभागीय वनाधिकारी कैमूर वन्यजीव प्रभाग मिर्जापुर तापस मिहिर व वन्यजीव प्रतिपालक चुर्क भास्कर प्रसाद पाण्डेय ने मौके पर पहुंचकर खाली कराई गई वन भूमि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश रेंजर हलिया अवध नारायण मिश्रा को दिया है। पड़री बीट के कुशियरा गांव स्थित करीब 45 हेक्टेयर वनभूमि पर अतिक्रमण कर तिल्ली कि फसल को अतिक्रमण कर्ताओ ने बो दिया था। मामले में संलिप्त वन दरोगा श्रवण कुमार संत को प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा निलंबित कर वन दरोगा के विरुद्ध जाँच बैठा दिया है। अधिकारियो द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए वनभूमि से अतिक्रमण को खाली कराते हुए वन भूमि को अपनी अभिरक्षा में ले लिया है। प्रभागीय वनाधिकारी ने सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए वन कर्मियों को निर्देश दिया है कि वन भूमि पर अतिक्रमण अबैध कटान व खनन किसी भी दशा में होने पर संलिप्त कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा। इसके बाद प्रभागीय वनाधिकारी तापस मिहिर व वन्यजीव प्रतिपालक चौरा में वन भूमि पर हुए अतिक्रमण का निरीक्षण किया है। वनभूमि के अतिक्रमण को जल्द से जल्द खाली कराने का भी निर्देश दिया है। इस संबंध में प्रभागीय वनाधिकारी तापस मिहिर ने बताया कि पड़री बीट के ग्राम कुशियरा के वनभूमि पर किये गए अतिक्रमण को खाली करा दिया गया है। खाली कराई गई वनभूमि को अपने अभिरक्षा में लिया गया है। इस दौरान रेंजर अवध नारायण मिश्रा, पदोन्नति रेंजर चंद्र प्रकाश त्रिपाठी (सीपी त्रिपाठी), वन दरोगा सूरज पाण्डेय, सन्नी सिंह, फारेस्ट गार्ड रामदास आदिवासी, अंकुर शुक्ला, शिवम सिंह, संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

## 100 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया पथ संचलन



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्थापना दिवस के 100 वर्ष पुर्ण होने पर हलिया विकास खंड के अति पिछड़ा नक्सल प्रभावित क्षेत्र उत्तर प्रदेश का अंतिम छोर सुदुर इलाका न्याय पंचायत मतवार मंडल के कुशियरा गांव के वनोदय पब्लिक स्कूल पर स्वयं सेवकों द्वारा भारी संख्या में एकत्रित होकर बुधवार को विशाल पथ संचलन किया। मिर्जापुर से चल कर हलिया से मतवार घना जंगल को पार करते हुए उबड़-खाबड़ सड़क को पार करते हुए कुशियरा पहुंचे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक रजत द्वारा सर्व प्रथम मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के आदर्शों को नमन करते हुए शस्त्र पुजन कर संघ के नियमों का पालन करते हुए फुल गडवेश में सस्त्र सहित कतार बद्ध तरीके से खड़े होकर भगवा ध्वज को नमन करते हुए प्रार्थना किया गया। इसके बाद जिला प्रचारक द्वारा डा. केशव बलराम हेडगेवार के समर्पण पर प्रकाश डालते हुए पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी आचरण व नागरिक मुल कर्तव्यों के अनुसरण का संकल्प दिलाते हुए संघ के पारंपरिक गीतों का उच्चारण करते हुए विशाल पथ संचलन किया गया पथ संचलन में जगह-जगह समाजसेवियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। पथ संचलन बनोदय पब्लिक स्कूल से ढेढ़ी जोगिबीर तिराहा से होते हुए रामपुर नौडिहा कुशियरा मोड़ से होकर मतवार पुलिस चौकी तक गया पुनः वहां से वापस होकर बनोदय पब्लिक स्कूल पर समापन किया गया। इसके बाद शताब्दी दिवस के शुभ अवसर पर संघ के बारे में स्वयंसेवकों को विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही संघ को मजबूत करने व गांव-गांव तक संगठन के विस्तार को लेकर चर्चा की गई। स्वयंसेवकों को बताया गया कि यह संगठन भारतीय संस्कृति और नागरिक समाज के मूल्यों को बनाए रखने व आदर्शों को बढ़ावा देता है और बहुसंख्यक हिंदू समुदाय को मजबूत करने के लिए हिंदुत्व की विचारधारा का प्रचार करता है। इसका ध्येय मातृभूमि के लिए निरूस्वार्थ सेवा भाव से कार्य करना है। इस दौरान जिला प्रचारक रजत, शारीरिक प्रमुख मनोज, धर्म जागरण प्रमुख धर्मेंद्र दूबे,खंड कारवां तारकेश्वर, मंडल पालक रामकृष्ण, मंडल अध्यक्ष अमृत लाल, स्वयं सेवक राजेश राष्ट्रवादी, हरिशंकर, आकाश, शिवबुद्धी, राजवीर, संदीप, सुक्खी चंद, शिवेंद्र सहित भारी संख्या में स्वयं सेवक संघ संचालक मौजूद रहे।

## सम्राट मिहिर भोज प्रतिहार जी का जयंती समारोह 18 अक्टूबर को

**महमूदाबाद सीतापुर।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेवा सीतापुर की तरफ से सम्राट मिहिर भोज प्रतिहार जी का जयंती समारोह 18 अक्टूबर शनिवार को प्रातः 11 बजे से सायं तीन बजे तक मां संकटा देवी धाम परिसर महमूदाबाद में मनाया जाएगा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी होंगे। यह जानकारी प्रतीक सिंह द्वारा दी गई।

## बाइकसवार अनियंत्रित होकर सुखड़ा नहर पर गिरकर घायल

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिकटा महुगढ़ गांव सुखड़ा नहर पर बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायल बाइक सवार युवक को उपचार के लिए एम्बुलेंस सेवा वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के लिए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के महुगढ़ गांव निवासी 30 वर्षीय विनंदेश्वर बाइक से अपने ससुराल गया था। वापस लौटते समय सिकटा महुगढ़ मार्ग सुखड़ा नहर पर पहुँचे की बाइक अनियंत्रित होकर गिरकर घायल हो गया। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायल बाइक सवार युवक को उपचार के लिए एम्बुलेंस सेवा वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया जंहा पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद युवक की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। पहुँचे युवक के परिजन ने उपचार के लिए लेकर चले गए है।

### अदालती सूचना

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 9172/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202503410009172
राजीव कुमार गुप्ता बनाम धर्मेन्द्र रावत
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021
1. राजीव कुमार गुप्ता बालिग पुत्र स्व. बाबू राम गुप्ता निवासी 119/51 नसीमाबाद कानपुर नगर ...भवन स्वामी
बनाम– धर्मेन्द्र रावत पुत्र स्व. हरदीन निवासी भवन सं. 119/116 पुराना 119/278 नया, दर्शनपुरवा कानपुर नगर...विरोधी पक्षकार/किरायेदार थाना फजलगंज
आवेदन अन्तर्गत धारा 4(1) (2) (3–बी) (7) 21(2)(बी) उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 20.11.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 15.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-1548/ K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 11174/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202503410011174
आलोक अग्रवाल बनाम श्रीमती पूजा सिंह आदि
अन्तर्गत धारा 14(1) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021
1. आलोक अग्रवाल आयु लगभग 58 वर्ष पुत्र स्व. जगदीश चन्द्र अग्रवाल निवासी म.नं. 108/140 सीसामऊ बाजार कानपुर नगर ...आवेदक/किरायेदार
बनाम– 1. श्रीमती पूजा सिंह बालिग पत्नी सर्वेश वी.बी. सिंह निवासिनी म. नं. फ्लैट नं. 606 रतन स्तुति अर्पाटमेन्ट शास्त्री नगर चेन फैक्ट्री चौराहा हॅसनगर कानपुर नगर 2. श्रीमती तोषी सिंह वयस्क पत्नी श्री सौरभ विक्रम निवासिनी म.नं. फ्लैट नं. 606 रतन स्तुति अर्पाटमेन्ट शास्त्री नगर चेन फैक्ट्री चौराहा हॅसनगर कानपुर नगर ...विरोधीपक्षकार/भूस्वामी
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 10.11.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 16.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-1548/ K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 7779/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202503410007779
श्रीमती सुहैला मेहबूब बनाम इसरार हुसैन आदि
अन्तर्गत धारा 10(1) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021
1. श्रीमती सुहैला महबूब पुत्री महबूब आलम निवासिनी 9/51 बेनाझाबर पुलिस चौकी कानपुर नगर मो.नं. 9026909223...वादीगण/भवन स्वामी
बनाम– 1. इशरार हुसैन 2. दिलदार हुसैन पुत्रगण सबबरीर हुसैन निवासीगण 9/51 बेनाझाबर पुलिस चौकी कानपुर नगर ...प्रतिवादीगण/किरायेदार
प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 10 उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन 16 सन् 2021
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 31.10.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 03.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-1548/ K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 9171/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202503410009171
राजीव कुमार गुप्ता बनाम सुरेश
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021
1. राजीव कुमार गुप्ता बालिग पुत्र स्व. बाबू राम गुप्ता निवासी 119/51 नसीमाबाद कानपुर नगर ...भवन स्वामी
बनाम– सुरेश पुत्र स्व. पन्ना लाल निवासी भवन सं. 119/116 पुराना 119/278 नया दर्शनपुरवा कानपुर नगर...विरोधी पक्षकार/किरायेदार थाना फजलगंज
आवेदन अन्तर्गत धारा 4(1)(2) (3–बी)(7) 21(2)(बी) उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 20.11.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 15.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-1548/ K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय उपजिलाधिकारी महोदय रसूलाबाद कानपुर देहात
मुकदमा नंबर 169/2024
वादी राजाबेटी बनाम इन्द्र भान सिंह आदि
साकिन सलेमपुर महेरा धारा 116 यूपीएससी
तलबी पक्ष–1. सूर्यभान सिंह 2. धर्मपाल सिंह 3. तेज भान सिंह 4. इन्द्र भान सिंह 5. चन्द्रभान सिंह सभी पुत्रगण विजय बहादुर सिंह निवासीगण ग्राम सलेमपुर महेरा परगना तहसील रसूलाबाद कानपुर देहात
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 03.11.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 13.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-1548/ K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान अपर प्रमुख पारिवारिक न्यायाधीश कोर्ट सं. 3 कानपुर नगर
याचिका सं. 3230/24
मनीष कुमार अग्रवाल उम्र 51 वर्ष पुत्र स्व. महेन्द्र कुमार अग्रवाल नि.म.नं. 72 ब्लाक सी–सी.ओ.डी. कानपुर नगर (उ.प्र.) 201813 मो. 9336632080 ...याची
बनाम–शिल्पी अग्रवाल उम्र 50 वर्ष पत्नी मनीष कुमार अग्रवाल पुत्री डा. पद्म प्रकाश अग्रवाल नि.म.नं. 207 सुक्रत इन्क्लेव अपार्टमेन्ट पुराना आर.टी.ओ. कम्पाउण्ड लखनऊ– 226018 मो.नं. 7860928485....विपक्षिनी
वाद अन्तर्गत धारा 9 हिन्दू विवाह अधिनियम
याची ने आपके विरुद्ध अन्तर्गत धारा 9 हिन्दू विवाह अधिनियम का वाद न्यायालय में दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 18.10.2025 को दिन में 10.00 बजे जो दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं असालतन जवाबदावा, वाद बिंदु आदि हेतु उपस्थित हों और लाजिम है कि उसी दिन जुमला दस्तावेज पेश करेंगे जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 14.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है। आज्ञा से, मुंसरिम/रीडर न्यायालय अपर प्रमुख पारिवारिक न्यायाधीश कोर्ट सं. 3 कानपुर नगर

सी.आर.-1548/ K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान अपर प्रमुख परिवार न्यायाधीश कोर्ट सं. 03 कानपुर नगर
मुकदमा सं. 26.28 सन् 2024
श्रीमती मानसी उम्र 25 वर्ष पत्नी कुलदीप पुत्री स्व. लक्ष्मी नारायण निवासिनी ग्राम राम सिंह का पुरवा पोस्ट भीमसेन थाना सचेण्डी कानपुर नगर मो.नं. 7388925524 ...प्रार्थिनी/वादिनी
बनाम– कुलदीप उम्र 29 वर्ष पुत्र श्री टेकचन्द्र निवासी ग्राम शुक्लनपुरवा माखनपुर पोस्ट विसायकपुर थाना रनियां कानपुर देहात पिनकोड नं. 209121, मो.नं. 8175882311 ...विपक्षी/प्रतिवादी
वादपत्र अन्तर्गत धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम 1955
हरगाह वादिनी ने आपके विरुद्ध अन्तर्गत धारा 13 हिंदू विवाह अधिनियम का वाद न्यायालय में दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 09.12.2025 को दिन में 10.00 बजे जो दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं असालतन जवाबदावा, वाद बिंदु आदि हेतु उपस्थित हों और लाजिम है कि उसी दिन जुमला दस्तावेज पेश करेंगे जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 15.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है। आज्ञा से, मुंसरिम/रीडर न्यायालय अपर प्रमुख परिवार न्यायाधीश कोर्ट सं. 03 कानपुर नगर

सी.आर.-1548/ K-CN

## महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण हेतु अनेक योजनाएं संचालित हैं : अभिषेक आनंद

**सीतापुर।** मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत किशोरियों एवं महिलाओं को आयरन फोलिक एसिड की दवाएं वितरित किये जाने हेतु समस्त ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर आयोजित किये गये। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में परसेण्डी विकास खण्ड की ग्राम पंचायत राही में विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान महिलाओं को आयरन की कमी से होने वाली समस्याओं के विषय में जानकारी दी गयी तथा आयरन फोलिक एसिड की दवाओं के प्रयोग के विषय में भी बताया गया। इसके साथ ही महिला हेल्पलाइन नम्बरों, महिलाओं, बालिकाओं एवं बच्चों के लिये संचालित विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं आदि के विषय में भी सभी को जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उपजिलाधिकारी लहरपुर सहित अन्य अधिकारियों ने भी आयरन फोलिक एसिड की दवा का सेवन किया तथा उपस्थित महिलाओं, बालिकाओं, किशोरियों एवं बच्चों को दवा वितरित कर उसका सेवन कराया एवं नियमित रूप से आयरन की दवा का सेवन करने हेतु प्रेरित किया।इस अवसर पर अपने सम्बोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं एवं किशोरियों में एनीमिया की समस्या अक्सर देखी जाती है।

## ग्राम प्रधान ने विद्युतीकरण कराने लिए उपखण्ड अधिकारी को सौंपा प्रार्थना पत्र

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत महोखर के ग्राम प्रधान जान बहादुर कोल ने गुरुवार को उपखण्ड अधिकारी हलिया को प्रार्थना पत्र देकर ग्राम पंचायत के आदिवासी बस्ती में विद्युतीकरण कराने की मांग किया है। दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है की ग्राम पंचायत महोखर के आदिवासी बस्ती में विद्युतीकरण का कार्य नहीं होने से बस्ती के लोग विद्युत आपूर्ति व्यवस्था से वंचित है। जिससे बस्ती के लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। विद्युतीकरण का कार्य हो जाने से बस्ती के लोगो को विद्युत व्यवस्था का लाभ मिलने लगेगा। इस संबंध में उपखण्ड अधिकारी हलिया दिलीप कुमार ने बताया की ग्राम पंचायत महोखर के प्रधान द्वारा ग्राम पंचायत के आदिवासी बस्ती में विद्युतीकरण के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया है। जल्द हीं बस्ती में विद्युतीकरण का कार्य करा दिया जायेगा।

### अदालती सूचना

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 9173/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202503410009173
राजीव कुमार गुप्ता बनाम दीपक
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021
1. राजीव कुमार गुप्ता बालिग पुत्र स्व. बाबू राम गुप्ता निवासी 119/51 नसीमाबाद कानपुर नगर ...भवन स्वामी
बनाम– दीपक पुत्र स्व. राम नरेश निवासी भवन सं. 119/116 पुराना 119/278 नया दर्शनपुरवा कानपुर नगर...विरोधी पक्षकार/किरायेदार थाना फजलगंज
आवेदन अन्तर्गत धारा 4(1) (2)(3–बी)(7) 21(2)(बी) उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 20.11.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 15.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-1548/ K-CN

### अदालती सूचना

विवाद्यको के विथरीकरण के लिये सम्मन (आदेश 5 के नियम 1 और 5) (शीर्षक)
न्यायालय श्रीमान मोटर वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति अधिकरण (उत्तरी) कानपुर नगर
प्रतिकर वाद सं. 647/2016
1. श्रीमती सुषमा उम्र लगभग 39 वर्ष पत्नी स्व. राज बहादुर उर्फ बहादुर नि. ग्राम तिखवा पोस्ट मित्रसेनपुर जिला कन्नौज व 2 अन्य...वादीगण
बनाम– 1. शशी तिवारी पुत्री राजेन्द्र तिवारी नि. 283 सरायमीरा कन्नौज (वाहन स्वामी वाहन सं. यू.पी. 74 टी 1917) 2. शैलेन्द्र कुमार पुत्र नन्द किशोर नि. रहीमपुर करीमपुर (गुरधरा) थाना बिल्हौर कानपुर नगर चालक विक्रम नं. यू.पी. 74 टी 1917 ...प्रतिवादी सं. 1 व 2
सुषमा आदि ने आपके विरुद्ध मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति के लिये वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 20.11.2025 को दिन में 10.30 बजे जो दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और इस वाद से संबंधित सभी साखान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके । आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज चाहे वह आपके कब्जे में शक्ति में हो या न हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज ता० 10.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है। आज्ञा से, मुन्सरिम मोटर वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति अधिकरण (उत्तरी) कानपुर नगर।

सी.आर.-1548/ K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान अपर प्रमुख परिवार न्यायाधीश कोर्ट सं. 03 कानपुर नगर
मुकदमा सं. 2302 सन् 2024
श्रीमती रोशनी सिंह उम्र लगभग 22 वर्ष पुत्री महेन्द्र प्रताप सिंह पत्नी अमन वर्मा उर्फ सागर वर्मा निवासिनी म.नं. 207ए परदेवनपुर लालबंगला पोस्ट हरजेन्द्र नगर थाना चकेरी जिला कानपुर नगर वर्तमान पता– 104/बी–1 नीलकंठ मार्केट रामादेवी पोस्ट हरजेन्द्र नगर थाना चकेरी जिला कानपुर नगर मो.नं. 9305329146...प्रार्थिनी/वादिनी
बनाम– अमन वर्मा उर्फ सागर वर्मा उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र विजय कुमार वर्मा निवासी म.नं. 201 परदेवनपुर लालबंगला पोस्ट हरजेन्द्र नगर थाना चकेरी जिला कानपुर नगर वर्तमान पता–110/6, 80 फीट रोड गुरूद्वारा (फैशन इन द सिटी) सैलून भारत पेट्रोल पम्प के पास ब्रान्च (2) व मकान नं. 14/76 नजदीक मर्चेन्ट चेम्बर हाल अपोजिट एम.सी. रोबर्ट हास्पिटल गेट सिविल लाइंस कानपुर नगर (3) मकान नं. 438 पनकी कल्याणपुर रोड निकट अंकित साडीज कानपुर नगर....प्रतिवादी
हरगाह वादिनी ने आपके विरुद्ध अन्तर्गत धारा 13 हिंदू विवाह अधिनियम का वाद न्यायालय में दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 20.11.2025 को दिन में 10.00 बजे जो दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं असालतन जवाबदावा, वाद बिंदु आदि हेतु उपस्थित हों और लाजिम है कि उसी दिन जुमला दस्तावेज पेश करेंगे जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 16.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है। आज्ञा से, मुंसरिम/रीडर न्यायालय अपर प्रमुख परिवार न्यायाधीश कोर्ट सं. 03 कानपुर नगर

सी.आर.-1548/ K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान प्रमुख पारिवारिक न्यायाधीश कानपुर नगर
वाद सं. 812 सन् 2025
अर्पित खन्ना उम्र लगभग 43 वर्ष पुत्र श्री पी.के. खन्ना निवासी म.नं. एस–1 173 एच.आई.जी. रतनलाल नगर कानपुर नगर मो.नं. 8114104104.. वादी
बनाम– स्वाती सचदेव उम्र 41 वर्ष पत्नी अर्पित खन्ना पुत्री स्व. अशोक सचदेवा निवासिनी म.नं. 124/473 बी ब्लाक गोविन्द नगर कानपुर नगर मो.नं. 9807868374 एवं म.नं. एच.आई.जी. 24 4th फ्लोर प्रभूकृपा अर्पाटमेन्ट नियर विंग्स ऑफ वन्डर स्कूल रतनलाल नगर कानपुर नगर–208022...प्रतिवादिनी
वाद अन्तर्गत धारा 13 (1) (i–क) व 13(1) (i–ख) हिन्दू विवाह अधिनियम
हरगाह वादी ने आपके विरुद्ध अन्तर्गत धारा 13 हिंदू विवाह अधिनियम का वाद न्यायालय में दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 17.11.2025 को दिन में 10.00 बजे जो दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं असालतन जवाबदावा, वाद बिंदु आदि हेतु उपस्थित हों और लाजिम है कि उसी दिन जुमला दस्तावेज पेश करेंगे जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 10.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है। आज्ञा से, सदर मुंसरिम न्यायालय श्रीमान प्रमुख पारिवारिक न्यायाधीश कानपुर नगर

सी.आर.-1548/ K-CN

### कानपुर विकास प्राधिकरण (अनुभाग विक्रय जोन-2) आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सविता देवी आदि द्वारा प्रार्थना पत्र, पंजीकृत बैनामें की सत्यापित प्रति. शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र तथा पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र आदि प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या 347 ब्लाक एफ योजना 40 पनकी एस/एस क्षेत्रफल 57.60 व. मी० का नामान्तरण अपने पक्ष में किये जाने का अनुरोध किया है। उक्त के सम्बन्ध मे अवगत कराना है कि भूखण्ड संख्या 347 ब्लाक एफ योजना 40 पनकी एस/एस क्षेत्रफल 57.60व0 मी० का फ्री–होल्ड निबन्धन दिनांक 29.01.2003 को श्रीमती मधु गुप्ता पत्नी श्री राम नारायण के पक्ष में निष्पादित किया गया। तत्पश्चात श्रीमती मधु गुप्ता पत्नी श्री राम नारायण द्वारा भूखण्ड का पंजीकृत बैनामा दिनांक 01.02.2003 को श्री जगदीश सिंह पुत्र स्व० तिलक सिंह के पक्ष में निष्पादित किया गया। प्रस्तुत अभिलेखों के अनुसार बैनामाधारक श्री जगदीश सिंह पुत्र स्व० तिलक सिंह की मृत्यु दिनांक 16.10.2022 को एवं इनकी पहली पत्नी श्रीमती रमा की मृत्यु दिनांक 02.01.2008 को हो चुकी है। कार्यालय उपजिलाधिकारी रसूलाबाद कानपुर देहात द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 568/ एस०टी०–पा०स०प्र०प०–2025 दिनाक 14.07.2025 के अनुसार मृतक स्व० जगदीश सिंह पुत्र श्री तिलक सिंह के निम्नलिखित वारिसान अंकित है –क्रम सं०–1., पारिवारिक सदस्य का नाम– श्रीमती सविता देवी, मृतक से सम्बन्ध– पत्नी,उम्र– 40 वर्ष, क्रम सं०–2., पारिवारिक सदस्य का नाम–श्री शिवाय यादव मृतक से सम्बन्ध– पुत्र उम्र– 08 वर्ष, क्रम सं०–3., पारिवारिक सदस्य का नाम– श्रीमती ज्योति मृतक से सम्बन्ध–पुत्री विवा०, उम्र– 32 वर्ष क्रम सं०–4., पारिवारिक सदस्य का नाम–श्रीमती प्रीती मृतक से सम्बन्ध–पुत्री विवा०, उम्र– 30 वर्ष। उपरोक्त के अलावा मृतक के अन्य वारिसान न होना बताया गया है। क्रमांक 2 पर अंकित वारिसान के नाबालिग होने की दशा में माता श्रीमती सविता देवी के प्राकृतिक संरक्षण में नामान्तरण किया जाना है एव क्रमांक 3 व 4 पर अंकित वारिसानों द्वारा फोटोयुक्त सहमति शपथ के माध्यम से कमाक 1 पर अंकित श्रीमती सविता देवी के पक्ष में अपना हक छोड़ दिया है। अतः श्रीमती सविता देवी पत्नी स्व० जगदीश सिह एव श्री शिवाय यादव पुत्र स्व० जगदीश सिंह (माता श्रीमती सविता देवी के प्राकृतिक संरक्षण में) के पक्ष में विरासतन नामान्तरण किया जाना है। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन के तीस दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति सप्रमाण एकल विण्डो काउन्टर तथा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर दे. निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने की दशा मे उक्त भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जायेगी तथा इसके पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव न होगा।

**(विशेष कार्याधिकारी विक्रय जोन–2)**
**कानपुर विकास प्राधिकरण, कानपुर**

सी.आर.-1548/ K

### उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा संख्या. CNB**2025202604 **दिनांकः** 13.10.2025

**ई-प्रापण निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता / निर्माण / उत्तर मध्य रेलवे कानपुर-208001 के अधीन निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं साथ ही नीचे दर्शायी गयी तिथि एवं समय तक, बोली लगाने वाले अपने मूल / संशोधित बिड्स समाप्ति तिथि एवं समय तक मात्र जमा कर सकते है। इस निविदा के खिलाफ मैनुअल ऑफर की अनुमति नहीं है और प्राप्त किसी ऐसे मैनुअल प्रस्ताव को नजर अंदाज कर दिया जाएगा।

| | |
|---|---|
| **कार्य का विवरणः** उत्तर मध्य रेलवे के उप मुख्य अभियन्ता / निर्माण / कानपुर के अधीन भीमसेन - कानपुर खंड पर कानपुर फ्लाईओवर (14.47 किमी) के लिए अंतिम स्थान सर्वेक्षण' | |
| **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 27.52 लाख | **धरोहर धन राशि :** ₹ 55,100/- |
| **निविदा फार्म का मूल्य :** निल | **खुलने की तिथिः** 06.11.2025, 15:00 बजे |
| **कार्य समापन अवधिः** 03 माह | |

**नोटः** 1. उपरोक्त सभी ई - प्रापण निविदाओं का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) **https://ireps.gov.in** वेबसाइट पर निर्धारित तिथि तक 15:00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। 2. उपरोक्त सभी निविदाओं में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको I.T.Act- 2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class-III, Digital हस्ताक्षर प्रमाण-पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नही किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 4. संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिय। 5. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन नं. से सम्पर्क किया जा सकता है। **1904/25(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
फोन : 0512-2332212
0512-2330533
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।**

स्वतंत्र भारत

# देश विदेश

आरएनआई रजि नं. 50969/89 डाक पंजीयन सं. के.पी./सिटी एल.पी.पी./2/96



# हमास ने लौटाए दो और बंधकों के शव

## आईडीएफ बोली- एक बंधक का नहीं | फॉरेंसिक जांच में खुलासा, इजरायल ने चेताया

**यरूशलम।** इजरायल को हमास से दो और बंधकों की लाशें मिली हैं। लेकिन कुछ घंटे बाद सेना ने कहा कि पहले सौंपा गया एक शव बंधक का नहीं था। इस मामले ने दो साल से चले युद्ध के बीच बनी नाजुक स्थिति में और तनाव बढ़ा दिया है। लाशों को हमास द्वारा रेड क्रॉस के माध्यम से इजरायल को सौंपा गया। इजरायली सेना ने कहा कि बंधकों की पहचान अभी सत्यापित नहीं हुई है। वहीं, गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजरायल से 45 और फिलिस्तीनी शव मिले, जिससे कुल संख्या 90 हो गई। फोरेंसिक टीम ने कहा कि शवों पर हिंसा और



अत्याचार के निशान दिखाई दे रहे हैं।

बंधकों की रिहाई के बदले इजरायल ने सोमवार को लगभग 2,000 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया। हालांकि फोरेंसिक जांच में पाया गया कि हमास द्वारा सौंपा गया चौथा शव किसी भी बंधक से मेल नहीं खाता। गाजा में प्राप्त शवों की जांच में कई लाशें जली हुई, अंग या दांत गायब या हाथ-पांव बंदे हुए पाए गए। कुछ शवों पर निशान और बंधनों के संकेत थे। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार इजरायल द्वारा डीएनए जांच उपकरणों की गाजा में अनुमति न मिलने के कारण शवों की पहचान कपड़े और शारीरिक विशेषताओं से करनी पड़ी।

### नेतन्याहू और ट्रंप का रुख

इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल समझौते के तहत हमास से बंधकों और शवों की रिहाई की शर्तों को पूरा करने की मांग करता है और किसी समझौते में समझौता नहीं करेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पेश की गई युद्धविराम योजना में सभी बंधकों (जीवित और मृत) को सोमवार को समाप्त हो रही समय सीमा तक सौंपने का आह्वान किया गया था। लेकिन समझौते के तहत, अगर ऐसा नहीं होता है, तो हमास को मृत बंधकों के बारे में जानकारी साझा करनी होगी और उन्हें जल्द से जल्द सौंपने का प्रयास करना होगा। ट्रंप ने कहा कि अगर हमास अपनी जिम्मेदारी पूरी नहीं करता तो इजरायल युद्ध दोबारा शुरू कर सकता है।

## फ्रांस : अब मैक्रों की सत्ता पर संकट के बादल

**पेरिस।** फ्रांस एक नए राजनीतिक संकट की कगार पर खड़ा है, जहां प्रधानमंत्री सेबास्टियन लेकोर्नू के नेतृत्व वाली सरकार को राष्ट्रीय सभा में दो अविश्वास प्रस्तावों का सामना करना पड़ रहा है। अगर प्रस्ताव पास हो गए, तो राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के पास केवल एक विकल्प बचता है- संसद भंग करके नई चुनाव कराना। अविश्वास प्रस्ताव मैक्रों के कट्टर विरोधियों द्वारा दायर किए गए हैं, हार्ड-लेफ्ट पार्टी फ्रांस अनबॉव्ड और दाहिने के नेशनल रैली की नेता मरीन ले पेन अपने सहयोगियों के साथ। अगर लेकोर्नू सफल रहते हैं, तो यह नजदीकी वोटिंग हो सकती है, लेकिन हारने पर राष्ट्रपति संसद भंग करने का रास्ता अपना सकते हैं।

## एक नज़र

### ट्रंप और शी की जल्द मुलाकात तय

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और चीन के बीच जारी व्यापारिक तनाव के बीच एक बड़ा बयान सामने आया है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से जल्द मुलाकात तय है। उन्होंने बताया कि यह बैठक संभवतः इस महीने होने वाले एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग सम्मेलन के दौरान होगी। बेसेंट ने कहा कि ट्रंप इस बैठक के लिए पूरी तरह तैयार हैं। दोनों नेताओं के बीच बहुत अच्छा रिश्ता है और बातचीत जारी है।

### इंडोनेशिया: तेल के जहाज में भीषण विस्फोट, 10 की मौत

**मनीला।** इंडोनेशिया के बाटम द्वीप पर एक शिपयार्ड में कच्चे पाम तेल के जहाज में आग लगने के बाद भीषण विस्फोट गया। धमाके की चपेट में 10 लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए। घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इनमें से चार की हालत गंभीर है। एक अधिकारी ने बताया कि तंजुंगुनकांग बंदरगाह स्थित शिपयार्ड में बुधवार को जहाज की मरम्मत चल रही थी.. तभी उसके टैंक में धमाका हो गया और वहां काम कर रहे कर्मी उसकी चपेट में आ गए।

### डब्ल्यूटीओ में चीन ने की भारत की शिकायत

**न्यूयॉर्क।** चीन ने भारत की इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) और बैटरी से जुड़ी नीतियों के खिलाफ विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में शिकायत की है। चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने आरोप लगाया कि भारत जो सब्सिडी दे रहा है, वह डब्ल्यूटीओ के कई नियमों का उल्लंघन है। ये नीतियां विदेशी कंपनियों के साथ भेदभाव करती हैं और घरेलू उद्योग को अनुचित फायदा पहुंचाती हैं।

### इंदौर में 24 ट्रांसजेंडरों ने पीया फिनाइल

**इंदौर।** इंदौर में ट्रांसजेंडर समुदाय के लगभग 24 लोगों ने बुधवार रात एक साथ फिनाइल पीने का दावा किया है, जिसके बाद उन्हें एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सरकारी महाराजा यशवंतराव अस्पताल (एमवायएच) के प्रभारी अधीक्षक डॉ. बसंत कुमार निंगवाल ने बताया, ट्रांसजेंडर समुदाय के लगभग 25 लोगों को हमारे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने एक साथ फिनाइल पीने का दावा किया है, लेकिन इसकी तत्काल पुष्टि नहीं हो पाई है।हालांकि, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों द्वारा सामूहिक रूप से की गई इस घटना के पीछे क्या कारण था, यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### राजस्थान : सड़क हादसे में चार दोस्तों की मौत

**जयपुर।** बालोतरा कस्बे के पास सड़क हादसे में एक एसयूवी गाड़ी में सवार चार दोस्तों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह भीषण हादसा एक एसयूवी के ट्रेलर से टकराने के कारण हुआ जिसके बाद एसयूवी में आग लग गई और उसमें सवार चार युवकों की जलने से मौत हो गई। गुड़ामालानी तहसील के डाबड़ा गांव के पांच युवक बुधवार देर रात सिणधरी में काम के बाद घर लौट रहे थे। उनकी एसयूवी की सामने से आ रहे ट्रेलर से भिड़ंत हो गई। टक्कर के कारण एसयूवी में आग लग गई और उसमें सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

# चंदा जुटाने के लिए ट्रंप ने दी भव्य पार्टी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को व्हाइट हाउस में एक आलीशान डिनर पार्टी का आयोजन किया। इस पार्टी में

- **व्हाइट हाउस में 25 करोड़ डॉलर की लागत से बनना है नया बालरूम**

अमेरिका के अरबपति कारोबारी और धनी व्यक्ति शामिल हुए। यह पार्टी व्हाइट हाउस में नए बालरूम के निर्माण के लिए चंदा जुटाने के लिए आयोजित की गई थी। इस पार्टी में करीब 130 हस्तियां शामिल हुईं, जिनमें बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधि और दिग्गज निवेशक शुमार रहे। व्हाइट हाउस में नए बालरूम के निर्माण में करीब 25 करोड़ डॉलर की लागत आएगी। यह करीब 90 हजार वर्ग मीटर में फैला होगा। ट्रंप ने पहले कहा था कि इस बालरूम में 650 लोग बैठ सकेंगे, लेकिन बुधवार को ट्रंप ने कहा कि इसकी क्षमता 999 लोगों की होगी। यह ट्रंप प्रशासन द्वारा किया जाने वाला अभी तक का सबसे बड़ा पुनर्निर्माण कार्य है। इस बालरूम की खासियत ये होगी कि ये बेहद विशाल होगा, जिसमें राष्ट्रपति का उद्घाटन समारोह भी आयोजित किया जा सकेगा। नए बालरूम को बुलेटप्रूफ ग्लास से बनाया जाएगा। नए बालरूम के निर्माण में व्हाइट हाउस के डिजाइन का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा। ट्रंप ने कहा कि व्हाइट हाउस एक खास जगह है और हमें इसका ध्यान रखना होगा।

# गाजा संकट : आतंकवाद की निंदा, संघर्ष विराम जरूरी

विदेश राज्य मंत्री ने दोहराया फिलिस्तीन पर भारत का रुख

कंपाला। फिलिस्तीन मुद्दे पर भारत ने एक बार फिर अपने सधे और संतुलित रुख को स्पष्ट किया है। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने गुट निरपेक्ष आंदोलन (नाम) की फिलिस्तीन पर मंत्रीस्तरीय समिति की बैठक में कहा कि भारत हमेशा से आतंकवाद की निंदा करता आया है और नागरिकों के जीवन में फैले विनाश, पीड़ा और निराशा को खत्म करने का पक्षधर है। उन्होंने कहा गाजा को भोजन, ईंधन और आवश्यक वस्तुओं तक निर्बाध पहुंच मिलनी चाहिए। सभी बंधकों की तुरंत रिहाई और संघर्ष विराम तत्काल लागू होना चाहिए।



भारत दो-राष्ट्र समाधान के पक्ष में कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि भारत का फलस्तीन पर ऐतिहासिक रुख रहा है। भारत उन शुरुआती देशों में से है जिन्होंने फलस्तीन को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता दी। हम फलस्तीनी जनता के आत्मनिर्णय, राष्ट्रीय स्वतंत्रता और संप्रभुता के अविच्छेद्य अधिकारों की पुनः पुष्टि करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत का अंतिम लक्ष्य दो-राष्ट्र समाधान है, जिसमें एक स्वतंत्र, संप्रभु और व्यवहार्य फलस्तीन सुरक्षित और मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर इज़राइल के साथ शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व में रहे।

### भारत ने दी 135 टन राहत सामग्री

भारत की मानवीय प्रतिबद्धता का जिक्र करते हुए विदेश राज्य मंत्री ने बताया कि अक्तूबर 2023 से अब तक भारत ने करीब 135 मीट्रिक टन दवाओं और आवश्यक वस्तुओं की सहायता फलस्तीन को दी है। इसके अलावा, भारत संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी को हर साल 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर का योगदान देता है और 40 मिलियन डॉलर के परियोजनाएं प्रगति पर हैं।

# ट्रंप ने फीफा विश्व कप मैचों को स्थानांतरित करने की धमकी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अगले साल उपनगरीय बोस्टन में होने वाले फीफा विश्व कप मैचों को स्थानांतरित करने की धमकी दी और कहा कि इस शहर के कुछ हिस्सों पर अशांति घर कर गई है। बोस्टन की मेयर और डेमोक्रेट नेता मिशेल वू पर निशाना साधते हुए ट्रंप ने कहा, मुझे बोस्टन के लोगों से प्यार है और मुझे पता है कि खेलों के टिकट बिक चुके हैं लेकिन आपकी मेयर अच्छी नहीं हैं। उन्होंने बिना कोई विवरण दिए आरोप लगाया कि वे बोस्टन के कुछ हिस्सों पर कब्जा कर रही हैं और हम उन्हें दो सेकंड में हटा सकते हैं।

# वेनेजुएला में सीआईए का सीक्रेट ऑपरेशन

## ड्रग्स तस्करों के बहाने राष्ट्रपति मादुरो को सत्ता से हटाने की साजिश?

**वाशिंगटन।** अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए ने वेनेजुएला में खुफिया ऑपरेशन शुरू कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसकी पुष्टि की है। कई रिपोर्ट्स में दावा किया कि सीआईए को वेनेजुएला में गुप्त अभियान चलाने की मंजूरी दी गई है।



ऐसे में अब ट्रम्प ने पुष्टि की है कि उन्होंने सीआईए को वेनेजुएला में सीक्रेट ऑपरेशन चलाने के लिए अधिकृत किया है और कहा कि वह देश में जमीनी अभियान चलाने पर विचार कर रहे हैं। अमेरिकी जासूसी एजेंसी की ओर से वेनेजुएला में गुप्त कार्रवाई की पुष्टि ऐसे समय में हुई है, जब अमेरिकी सेना ने हाल के हफ्तों में कैरिबियन में कथित ड्रग तस्करी करने वाली नावों पर कई घातक हमले किए। अमेरिकी सेना ने सितंबर की शुरुआत से अब तक कम से कम पांच नौकाओं को नष्ट किया है, जिनमें 27 लोग मारे गए और उनमें से चार नौकाएं वेनेजुएला से आई थीं। बुधवार को ओवल ऑफिस में एक कार्यक्रम के दौरान जब ट्रम्प से पूछा गया तो उन्होंने पुष्टि करते हुए इस कदम को उठाने की हामी भरी। ट्रम्प ने जवाब दिया, मैंने वास्तव में दो कारणों से अधिकृत किया है। पहला उन्होंने अपनी जेलों से कैदी को अमेरिका में भेज दिया है और दूसरी बात ड्रग्स, हमारे यहां वेनेजुएला से बहुत सारा ड्रग्स आता है और वेनेजुएला से आने वाला बहुत सारा ड्रग्स समुद्र के रास्ते आता है।

# अफगानी सेना से पिटने पर खिसियाए पाक के रक्षा मंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अफगानिस्तान पर भारत के लिए प्रॉक्सी वॉर लड़ने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि भारत तालिबान के जरिए पाकिस्तान को टारगेट कर रहा है। जियो न्यूज को दिए एक टीवी इंटरव्यू में ख्वाजा आसिफ ने कहा, इस वक्त काबुल दिल्ली के लिए प्रॉक्सी वॉर लड़ रहा है। उन्होंने हाल ही में घोषित 48 घंटे के अस्थायी सीजफायर पर भी संदेह जताया और चेतावनी दी कि अगर उकसावा हुआ तो पाकिस्तान सैन्य जवाब देने को तैयार है।

# चीन के चोर बाजार में भारत सहित कई देशों के आईफोन की बाढ़

**बीजिंग/नई दिल्ली।** चीन में सोशल मीडिया पर सरकारी प्रतिबंध और आईफोन की आसमान छूती कीमतों ने एक नए ब्लैक टेक मार्केट को जन्म

- **सस्ते होने के कारण बढ़ी अवैध मांग**

दे दिया है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, चीन में बिकने वाले कुल मोबाइल फोनों में से लगभग 12 से 15 प्रतिशत तक अब अवैध या चोरी के माध्यमों से बाजार में आने वाले उपकरणों का हिस्सा बन चुके हैं। इनमें से अधिकतर फोन भारत, थाईलैंड और वियतनाम जैसे देशों से चोरी होकर पहुंचते हैं। इस बढ़ते नेटवर्क को रोकने में भारत का सी-डॉट व उसकी सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर प्रणाली अब एक निर्णायक तकनीकी मॉडल के रूप में उभर रही है। चीन में आईफोन सिर्फ एक स्मार्टफोन नहीं बल्कि प्रतिष्ठा



(स्टेटस सिंबल) का प्रतीक बन चुका है। निक्केई एशिया के अनुसार बीजिंग और शंघाई के युवाओं में आईफोन रखना पश्चिमी जीवनशैली और आर्थिक सफलता का प्रतीक माना जाता है। लेकिन समस्या यह है कि चीन में औसत शहरी आय 8 से 10,000 युआन प्रति माह है, जबकि आईफोन के नए मॉडलों की कीमत 10,000 से 14,000 युआन तक है। चोर बाजार में ये मोबाइल 30 से 40 प्रतिशत सस्ते मिल जाते हैं।

# भारत के लिए कुछ तो राहत भरा है पेरिस समझौता

## लेकिन दुनिया नहीं संभली तो होगी बड़ी आफत

**नई दिल्ली।** पेरिस समझौता जलवायु परिवर्तन पर एक कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतरराष्ट्रीय संधि है, जिसको 10 साल पूरे होने जा रहे हैं। पेरिस समझौते का भारत एक प्रमुख हस्ताक्षरकर्ता है। एक अध्ययन से पता चला है कि पेरिस समझौता भारत को हर साल 30 कम गर्म दिन देखने में मदद कर सकता है।

इस अध्ययन के अनुसार अगर भारत 2015 के पेरिस समझौते के तहत उत्सर्जन में कटौती के अपने वादों को पूरा करता है और इस सदी में वैश्विक तापमान वृद्धि को 2.6 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखता है, तो भारत हर साल 30 कम अत्यधिक गर्म दिन देख सकता है, जबकि दुनिया औसतन 57 ऐसे दिनों से बच सकती है। क्लाइमेट सेंट्रल और वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन द्वारा किए गए विश्लेषण में कहा गया है कि वैश्विक समझौता, जिसके इस साल 10 साल पूरे हो रहे हैं, दुनिया को एक सुरक्षित जलवायु की ओर ले जा रहा है, लेकिन यह भी चेतावनी दी गई है कि कार्रवाई की वर्तमान गति पर्याप्त नहीं है।

वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि 2.6 डिग्री सेल्सियस पर भी, अगर देश जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने की दिशा में तेजी से कदम नहीं उठाते, तो आने वाली पीढ़ियों को खतरनाक गर्मी, गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों और बढ़ती असमानता का सामना करना पड़ेगा। अध्ययन में पाया गया कि 4 डिग्री सेल्सियस तापमान वृद्धि पर, जो कि पेरिस समझौते से पहले वैज्ञानिकों द्वारा अनुमानित स्तर था, इससे दुनिया को प्रति वर्ष औसतन 114 गर्म दिनों का सामना करना पड़ेगा। अगर देश अपने मौजूदा वादों को पूरा करते हैं और तापमान वृद्धि को 2.6 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखते हैं, तो यह संख्या सालाना 57 दिन कम हो सकती है। शोधकर्ताओं के अनुसार, भारत में साल में 30 दिन कम गर्म दिन हो सकते हैं, जबकि केन्या में 82, मैक्सिको में 77, ब्राजील में 69, मिस्र में 36 और अमेरिका 30 और ब्रिटेन में 29 दिन कम हो सकते हैं। इंपीरियल कॉलेज लंदन में जलवायु विज्ञान के प्रोफेसर फ्रेडरिक ओटो ने कहा, पेरिस समझौता एक शक्तिशाली, कानूनी रूप से बाध्यकारी ढांचा है, जो हमें जलवायु परिवर्तन के सबसे गंभीर प्रभावों से बचने में मदद कर सकता है। हालांकि, देशों को तेल, गैस और कोयले से दूर जाने के लिए और अधिक प्रयास करने की जरूरत है। हमारे पास जीवाश्म ईंधन से दूर जाने के लिए आवश्यक सभी ज्ञान और तकनीक है, लेकिन तेजी से आगे बढ़ने के लिए मजबूत और निष्पक्ष नीतियों की आवश्यकता है।

### दो सौ देशों ने अपनाया पेरिस समझौता

2015 में लगभग 200 देशों द्वारा अपनाए गए पेरिस समझौते का उद्देश्य वैश्विक तापमान वृद्धि को 2 डिग्री सेल्सियस से काफी नीचे रखना और इसे 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के प्रयास जारी रखना है। तापमान वृद्धि पहले ही 1.3 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुकी है और वैश्विक उत्सर्जन में वृद्धि जारी है। विश्व मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, 2023 से 2024 तक कार्बन डाइऑक्साइड की वैश्विक औसत सांद्रता में 3.5 भाग प्रति मिलियन की वृद्धि हुई है, जो 1957 में आधुनिक मापन शुरू होने के बाद से सबसे बड़ी वृद्धि है।

### तापमान वृद्धि से निपटने के लिए पूरी तैयारी नहीं

क्लाइमेट सेंट्रल में विज्ञान की उपाध्यक्ष क्रिस्टीना डाहल ने कहा, पेरिस समझौता दुनिया के कई क्षेत्रों को जलवायु परिवर्तन के कुछ सबसे बुरे संभावित परिणामों से बचने में मदद कर रहा है। लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं कि हम अभी भी एक खतरनाक रूप से गर्म भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं। हाल की गर्म लहरों के प्रभाव दर्शाते हैं कि कई देश 1.3 डिग्री सेल्सियस तापमान वृद्धि से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार नहीं हैं, 2.6 डिग्री सेल्सियस तापमान वृद्धि का तो सवाल ही नहीं उठता, जो देशों द्वारा अपने वर्तमान वादों को पूरा करने पर अनुमानित है।

# ग्रेटा थनबर्ग ने इजरायली 'यातना' पर तोड़ी चुप्पी

**तेल अवीव।** इजरायल की हिरासत में रहने के दौरान ऐक्टिविस्ट ग्रेटा थनबर्ग के साथ क्या-क्या हुआ? अब इस पर स्वीडिश पर्यावरण

- **बोलीं मुझे बांधा, प्रताड़ित किया और धमकाया**

कार्यकर्ता ने चुप्पी तोड़ी है। 22 वर्षीय जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग ने गाजा फ्लोटिला की गिरफ्तारी के बाद इजरायली हिरासत में यातना के गंभीर आरोप लगाए। ग्रेटा थनबर्ग ने पहली बार सार्वजनिक रूप से अपने साथ हुए कथित दुर्व्यवहार के बारे में खुलकर बात की, जब उन्हें फीडम फ्लोटिला में हिस्सा लेने के बाद इजरायली अधिकारियों ने हिरासत में लिया था। ग्रेटा थनबर्ग और उनके साथी कार्यकर्ताओं को हाई सिक्योरिटी वाली जेल में रखा गया था। उन्हें कई दिनों बाद रिहा कर दिया गया, लेकिन अब उनका दावा है कि हिरासत के दौरान उन्हें शारीरिक शोषण, धमकियां और उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। अब ग्रेटा थनबर्ग ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया, धमकाया और परेशान किया, जिसमें उन्हें बांधना और फिर सेल्फी लेना भी शामिल था।

थनबर्ग ने स्वीडिश आउटलेट आफ्टनब्लैडेट को बताया कि गार्डों में ना तो कोई सहानुभूति है और ना ही मानवता और वे मेरे साथ सेल्फी



लेते रहे। बहुत कुछ ऐसा है जो मुझे याद नहीं है। वे मुझे घसीटकर उस तरफ ले गए जहां दूसरे लोग बैठे थे, और पूरे समय मेरे चारों ओर झंडा लटका हुआ था। उन्होंने मेरी पिटाई की और लात मारी। उन्होंने आगे कहा, एक साथ इतना कुछ हो रहा होता है। आप सदमे में होते हैं। आपको दर्द होता है, लेकिन आप शांत रहने की कोशिश करते हैं। थनबर्ग ने बताया कि उन्होंने लगभग 50 लोगों को घुटनों के बल, हथकड़ी लगे और जमीन पर माथे रखे देखा।

उन्होंने दावा किया कि इजरायली गार्डों ने उनके हाथों को कसकर बांधा और जब वह शांत हो गई तो उनके साथ सेल्फी लेने के लिए कतार में खड़े हो गए थे। थनबर्ग ने यह भी आरोप लगाया कि एक समय तो बंदियों को गैस से मारने की धमकी भी दी गई थी। उन्होंने कहा कि फिर गार्ड आए और कहा, हम तुम्हें गैस से मार देंगे। ऐसा कहना उनके लिए आम बात थी। उन्होंने एक गैस सिलेंडर दिखाया और धमकी दी।

# यूक्रेन के रेलवे ढांचों पर हमले बढ़ा रहा रूस

**कीव।** रूस ने जहां इस माह की शुरुआत में ही उत्तर-पूर्वी यूक्रेन के शोस्तका रेलवे स्टेशन पर ड्रोन से हमला किया और ट्रेन के डिब्बों में आग लगा दी तो यूक्रेन ने भी रूस के दक्षिणी बश्कोर्तोस्तान में सबसे बड़े पेट्रोकेमिकल परिसरों में से एक पर हमला कर दिया। यूक्रेनी सैन्य अफसरों ने कहा, रूस के ऐसे हमले मध्य गर्मियों से रेलवे पर हमलों में वृद्धि का संकेत देते हैं, जो वाणिज्यिक और सैन्य रसद के लिए एक महत्वपूर्ण मार्ग है। शोस्तका में हुए हमले में, विस्फोटकों से लदे दो ड्रोनों ने एक के बाद एक दो यात्री ट्रेनों पर हमला किया। इस बीच यूक्रेनी अधिकारियों ने अमेरिकी हथियार निर्माताओं से मुलाकात की है।

# भारत-पनामा ने किया अंतर संसदीय मैत्री समूह का गठन

**पनामा सिटी।** भारत और पनामा ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए 20 सदस्यीय अंतर- संसदीय मैत्री समूह का गठन कर दिया है। यह समूह संसदीय कूटनीति को बढ़ावा देगा, सांस्कृतिक और सामाजिक संपर्क स्थापित करेगा। पनामा स्थित भारतीय दूतावास ने बुधवार को कहा कि इसी के साथ दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध अब नए चरण में प्रवेश कर गए हैं। दूतावास ने सोशल मीडिया में कहा कि राजदूत सुमित सेठ, विदेश संबंध आयोग के अध्यक्ष वॉकिरिया चांडलर और भारत पनामा अंतर-संसदीय मैत्री समूह के अध्यक्ष जॉर्ज ब्लोइस के साथ पनामा की नेशनल असेंबली के परिसर में शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

बाजार दर्पण







